रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 24 जनवरी 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 156 मूल्य 3.00 ₹


# आजादी के बाद कई महान लोगों के योगदान को मिटाने का काम किया गया : पीएम मोदी

## प्रधानमंत्री ने सुभाष चंद्र बोस की 28 फीट ऊंची होलोग्राम प्रतिमा का किया अनावरण

वार्ता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

दिवंगत स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती वाले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के इंडिया गेट पर नेताजी की होलोग्राम प्रतिमा का अनावरण किया। बता दें कि इस वर्ष से, भारत का गणतंत्र दिवस समारोह 24 जनवरी के बजाय 23 जनवरी से मनाया जा रहा है। प्रतिमा के अनावरण के बाद प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि भारत मां के वीर सपूत, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जन्मजयंती पर पूरे देश की तरफ से कोटि-कोटि नमन। मोदी ने कहा- हमारी सरकार को नेताजी से जुड़ी फाइलों को सार्वजनिक करने का अवसर मिला। नेताजी कुछ ठान लेते थे तो उन्हें कोई ताकत नहीं रोक पाती थी। हमें उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना है। आजादी के अमृत महोत्सव का संकल्प है कि भारत अपनी पहचान और प्रेरणाओं को पुनर्जीवित करेगा। उन्होंने कहा कि जिन्होंने भारत की धरती पर पहली आज़ाद सरकार को स्थापित किया था, हमारे उन नेताजी की भव्य प्रतिमा आज डिजिटल स्वरूप में इंडिया गेट के समीप स्थापित हो रही है। जल्द ही इस होलोग्राम प्रतिमा के स्थान पर ग्रेनाइट की विशाल प्रतिमा भी लगेगी। ग्रेनाइट की प्रतिमा का आयाम 28 फीट लंबा और छह फीट चौड़ा होगा। प्रतिमा को उसी स्थान पर रखा जाएगा जहां 1968 तक जॉर्ज पंचम की प्रतिमा थी।



पीएम ने कहा कि हमारे देश में वर्षों तक आपदा का विषय एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट के पास रहा था। इसका मूल कारण ये था कि बाढ़, अतिवृष्टि, ओले गिरना, इनसे बनी स्थितियों से निपटने का जिम्मा कृषि मंत्रालय के पास था। देश में आपदा प्रबंधन ऐसे ही चल रहा था। लेकिन 2001 में गुजरात में भूकंप आने के बाद जो कुछ हुआ, उसने आपदा प्रबंधन के मायने बदल दिए।

## उद्योगों और बाजार की मांग के अनुसार युवाओं को रोजगार के लिए किया जाए तैयार : सीएम भूपेश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन की प्रथम बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि उद्योगों और बाजार की मांग के अनुसार युवाओं को रोजगार के लिए तैयार किया जाए, उन्हें प्रशिक्षण देकर विभिन्न ट्रेडों में दक्ष बनाया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में बाजार की मांग के अनुसार उत्पादन किया जाए। इन उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाने और सर्टिफिकेशन के लिए छत्तीसगढ़ में स्थित उच्च तकनीकी संस्थानों का सहयोग लिया जाए। उन्होंने कहा कि नए स्टार्टअप के लिए बेहतर इको-सिस्टम तैयार किया जाए, जिससे युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें। मुख्यमंत्री ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन के राज्य स्तरीय कार्यालय का राजधानी रायपुर में शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्यमंत्री बघेल ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर उच्च शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री एवं छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन के कार्यकारी अध्यक्ष उमेश पटेल, मुख्य सचिव एवं छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन के उपाध्यक्ष अमिताभ जैन सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री बघेल की अध्यक्षता में कार्यालय में आयोजित की गई बैठक में रोजगार मिशन के स्वरूप, कार्यप्रणाली के संबंध में विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने रोजगार के नए अवसरों के सृजन की दिशा में तेजी से काम करने और नियमित रूप से रोजगार मिशन के कार्यों की समीक्षा के निर्देश दिए। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में आगामी पांच वर्षों में रोजगार के 12 से 15 लाख नये अवसरों का सृजन करने के उद्देश्य से राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन का गठन किया है। मुख्यमंत्री ने आई.आई.टी., आई.आई.एम., ट्रिपल आई.आई.टी. और एन.आई.टी. के डायरेक्टरों से भी रोजगार सृजन के संबंध में सुझाव लिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों के उत्पादों के सर्टिफिकेशन और मानकीकरण के लिए उच्च शैक्षणिक संस्थान आगे आए। उन्होंने इन संस्थानों से नए स्टार्टअप के साथ ही देश की प्रतिष्ठित कम्पनियों को छत्तीसगढ़ लाने में सहयोग का आग्रह किया।



# मोदी सरकार ने 4 करोड़ लोगों को गरीबी के दलदल में धकेला : राहुल

एजेंसी नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी सरकार का विकास सिर्फ चंद पूंजीपतियों के लिए है और देश कि जनता पर उसका कोई ध्यान नहीं है जिसके कारण चार करोड़ से अधिक लोग फिर ग़रीबी के दलदल में पहुंच गए है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का विकास कार्यक्रम उसके सिर्फ दो पूंजीपति मित्रों के लिए है और उसके इन मित्रों का इतना विकास हुआ है कि वह बाहर छलकने लगा है। राहुल गांधी ने मोदी सरकार के विकास पर तंज करते हुए ट्वीट किया कि 'विकास ओवरफ्लो' सिर्फ 'हमारे दो' के लिए। जबकि हमारे 4 करोड़ भाई-बहन गरीबी में धकेले जा रहे हैं। चार करोड़ का यह अंकड़ा भर नहीं है बल्कि यह एक वास्तविकता है। इन चार में से हर व्यक्ति बेहतर जीवन का हकदार था क्योंकि इनमें प्रत्येक व्यक्ति भारतीय है।

## भाजपा ने जो जहर बोया, वही काट रही है : चिदंबरम


**पणजी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जो जहर बोया था उसे अब काट रही है और यह इसी तथ्य से स्पष्ट है कि इसके नेताओं ने पार्टी को छोड़ना शुरू कर दिया है। चिदम्बरम ने यहां प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि कांग्रेस के उम्मीदवार एकजुट हैं और पार्टी को राज्य में एक स्थिर सरकार बनाने के लिए बहुमत मिलने का भरोसा है। उन्होंने कहा कि गोवा के पिछले इतिहास को देखते हुए यह महत्वपूर्ण है। कांग्रेस पार्टी एकजुट होकर लड़ेगी और हमें उम्मीद है कि यहां की जनता हम पर विश्वास करेगी। बीटिंग रिट्रीट समारोह की धुनों की सूची से इस बार महात्मा गांधी के पसंदीदा ईसाई भजन 'अबाइड विद मी' को हटाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्री चिदंबरम ने कहा कि घटनाक्रम से देश के लोगों को चोट पहुंची है।

## सैनिक स्कूल संबद्धता: 13 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों के स्कूलों से कमजोर प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने कहा कि केंद्र की सैनिक स्कूल संबद्धता योजना के लिए 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्कूलों की प्रतिक्रिया कमजोर रही है और इस मामले में एक सक्रिय अभियान चलाने की जरूरत है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ये 13 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश- गोवा, मणिपुर, मेघालय, सिक्किम, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, नई दिल्ली, अंडमान और निकोबार, चंडीगढ़, लक्षद्वीप, पुडुचेरी, लद्दाख और जम्मू कश्मीर हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले साल अक्टूबर में राज्यों, गैर सरकारी संगठनों या निजी संस्थाओं के साथ साझेदारी में सैनिक स्कूल सोसायटी के तहत 100 संबद्ध सैनिक स्कूल स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।

## नक्सलियों ने तीन वाहनों को आग के हवाले किया

**बीजापुर।** बीजापुर जिले में सड़क निर्माण में लगी तीन गाड़ियों को नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार बीजापुर शहर से 20 किलोमीटर दूर बीजापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत चेरीकंटी गांव में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चल रहे सड़क निर्माण को रोकने के लिए नक्सलियों ने कल मजदूरों और वाहन चालकों को बंधक बनाया। फिर निर्माण कार्य में लगे वाहनों आग के हवाले कर दिया। आगजनी के बाद बंधकों को हिदायत देकर रिहा कर दिया।




# नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक : राज्यपाल अनुसुईया उइके

## राज्यपाल छिंदवाड़ा में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में हुई शामिल

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




नेताजी सुभाषचन्द्र बोस देश के स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक थे। उनके राष्ट्र के प्रति त्याग एवं बलिदान की भावना ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को एक बिल्कुल नई दिशा और दशा प्रदान की। राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण, देश को आजाद देखने की प्रबल भावना और उनके अदम्य साहस भरे कदमों ने तत्कालीन समय में देश में एक नवीन ऊर्जा एवं उत्साह का संचार किया था। यह बात राज्यपाल अनुसुईया उइके ने अपनी संबोधन में कही। राज्यपाल मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में आयोजित नेताजी सुभाष चंद्र बोस कार्यक्रम में शामिल हुई। कार्यक्रम में 21 विभूतियों का हम परिवार द्वारा सम्मान किया गया। राज्यपाल उइके ने कहा हम फाउंडेशन द्वारा किए गए कार्यों की सराहनीय की।

राज्यपाल ने छिंदवाड़ा के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद किया। उन्होंने उन सभी सेनानियों को याद किया, जिनके बारे में लोगों को जानकारी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के जन्म स्थान पर उनका स्मारक बनाया जाए। राज्यपाल ने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस जी की जयंती 23 जनवरी के दिन से गणतंत्र दिवस समारोह की शुरुआत की जा रही है। उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाएगा। राज्यपाल ने कहा कि नेताजी दूरदृष्टि रखते थे और देश को स्वतंत्र कराने की रणनीति तैयार की। इसके लिए उन्होंने देश को भी छोड़ दिया। आजाद हिन्द फौज की कमान राष्ट्रवादी नेता रासबिहारी बोस ने नेताजी सुभाषचन्द्र बोस को सौंपी। उनके नेतृत्व में आजाद हिन्द फौज को एक संगठित स्वरूप प्रदान किया। उइके ने कहा- आजाद हिन्द फौज के सैनिकों का पहली बार नेतृत्व करते हुए नेताजी ने कहा था कि 'आजाद हिन्द फौज के सिपाहियों! आज का दिन मेरे जीवन का सर्वाधिक गौरवशाली दिन है। आज मुझे समस्त भारत को यह सूचित करते हुए अपार गौरव और अद्भूत आनन्द का अनुभव हो रहा है कि भारत की स्वाधीनता सेना का निर्माण हो गया है। यह फौज भारत को स्वतंत्र ही नहीं करेंगी वरन् स्वतंत्र भारत की भावी सेना का निर्माण भी इसी के द्वारा होगा। राज्यपाल ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा' का नारा दिया, जिसने हर भारतवासी के हृदय में अवर्णनीय उत्साह एवं ऊर्जा का संचार किया था। आजाद हिन्द फौज में पारस्परिक अभिवादन तथा युद्ध घोषणा के लिए ''जयहिन्द'' का प्रयोग किया जाता था। इससे राष्ट्रीय एकता को बल मिला। ''जय हिन्द'' का नारा आजाद हिन्द फौज तक ही सीमित न होकर आज हमारा राष्ट्रीय अभिवादन बन गया है। नेताजी सुभाषचन्द्र बोस का ओजस्वी व्यक्तित्व, अभूतपूर्व संगठन क्षमता, साहस, निष्ठा एवं नेतृत्व के अद्भूत गुण हमेशा याद किए जाएंगे। उनके विचार एवं आदर्श हमारे लिए धरोहर की तरह है और हमेशा रहेंगे। हम उनके योगदान को कभी नहीं भुला सकते हैं। इस अवसर पर विवेक बंटी साहू व निशिकांत चौधरी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिभाशाली व्यक्तियों का किया सम्मान

कार्यक्रम में 1971 के युद्धों के सैनिक एवं विभिन्न क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने वाले प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। रेसलिंग में शिवानी पवार, कुश्ती में पूर्वा ठाकरे, क्रिकेट में निकिता कोलटकर, बैडमिंटन में भाग्य करडे, बैडमिंटन में अभिनय साहू, बालपुरस्कार में मेराज फातिमा, क्रिकेट में सृष्टि नागपुरे, मोटिवेटर में अमन जैन, पावर लिफ्टिंग में अदिती बैरागी, कुश्ती में शिखा मालवी, समाज सेवा में रिंकु मिगलानी, कोविड केयर सेंटर संचालन में अलमास खान, कोविड संक्रमितों की सेवा के क्षेत्र में डॉ. धर्मेन्द्र मरावी, जिला अधिवक्ताओं की समाज सेवा के क्षेत्र में सूर्योदय ग्रुप और निःशुल्क 3.55 लाख भोजन पैकेट के लिए बड़ी माता मंदिर ट्रस्ट छिंदवाड़ा, सहकारिता के क्षेत्र में के.के. सोनी तथा 1971 के युद्ध में सहभागिता निभाने वाले शंकर लाल पाल, शिवनाथ सिंह ठाकुर, रामा अमरूदिया व रमेश चंद्र विनायक का सम्मान किया है।

## ओमिक्रॉन के 36 केस, 15 नए मिले सिंहदेव ने केंद्र से मांगी वैरिएंट जांच सुविधा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में कोरोना के ओमिक्रॉन वेरिएंट के 15 नए केस मिले हैं। इनमें बिलासपुर में सबसे अधिक 8 और राजनांदगांव जिले के 6 केस हैं। रायपुर के भी एक व्यक्ति में ओमिक्रॉन की पुष्टि हुई है। इनको मिलाकर प्रदेश में ओमिक्रॉन के मामलों की संख्या 36 हो गई है। यह रिपोर्ट मरीजों के ठीक होने के बाद आई है। इस बीच स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया से फोन पर बात कर रायपुर में ही वैरिएंट की जांच की सुविधा मांगी है।



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से चर्चा में टीएस सिंहदेव ने कहा- छत्तीसगढ़ अभी कोरोना सैंपलों की जीनोम जांच के लिए भुवनेश्वर लैब पर निर्भर है। इस वजह से रिपोर्ट मिलने में भी देरी हो जाती है। प्रदेश में अगर जीनोम जांच की अनुमित मिल जाए तो स्थानीय स्तर जांच हो सकेगी। उन्होंने कहा कि अभी ओमिक्रॉन समेत कोरोना के अन्य वैरिएंट के अलावा दूसरी बीमारियों के लिए भी जीनोम लैब काफी मददगार होगी। ऐसे में प्रदेश को जल्द ही लैब की अनुमति मिलनी चाहिए। टीएस सिंहदेव इसके पहले भी कई बार केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को जीनोम जांच के लिए पत्र लिख चुके हैं। बातचीत में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने जीनोम लैब की अनुमति जल्द देने का संकेत दिया है।

**एम्स और रायपुर मेडिकल कॉलेज में लैब प्रस्तावित :** प्रदेश में जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए रायपुर एम्स और जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज की वायरोलॉजी लैब प्रस्तावित है। एम्स में मशीन तक तैयार है बस उन्हें जांच के लिए जरूरी सामग्री की खरीदी की अनुमति नहीं मिल रही है। वहीं रायपुर मेडिकल कॉलेज लैब में थोड़ा तकनीकी काम बाकी है।

**फिर बढ़ने लगा संक्रमण :** करीब एक सप्ताह तक स्थिर रहने के बाद छत्तीसगढ़ में कोरोना का संक्रमण फिर बढ़ने लगा है। शनिवार को प्रदेश भर में केवल 48 हजार 128 सैंपल कलेक्ट हुए। वहीं 5 हजार 661 नए लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई। इस मान से संक्रमण दर 11.76% हो गई है। 21 जनवरी को संक्रमण दर 10.37% थी। 20 जनवरी को संक्रमण दर 10.78%, 19 जनवरी को 10.30% और 18 जनवरी को 11.17% थी।

## छत्तीसगढ़ फिर बदल गया मौसम का मिज़ाज, कई स्थानों में हुई बारिश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बीती रात से मौसम का मिजाज बदल गया है। एक बार फिर प्रदेश में बेमौसम बरसात की शुरुआत हो गई है। आज सुबह राजधानी से लेकर प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में बादल छाया हुआ है। वहीं राजधानी सहित प्रदेश के लगभग हिस्सों में रुक–रुककर बारिश भी हो रही है। कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि भी होने की भी जानकारी सामने आई है। हालांकि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने रफ्तार नहीं पकड़ी है। मौसम विभाग ने प्रदेश में 23 जनवरी से 26 जनवरी तक हल्की, मध्यम बारिश के साथ ही कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की संभावना पहले ही जता दी थी। मौसम अनुमान के तहत आज जहां बारिश की शुरुआत हो चुकी है, तो ओलावृष्टि का भी सामना करना पड़ रहा है।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विस् अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने दी बधाई

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर अपने बधाई संदेश में किशोरियों को उज्ज्वल भविष्य को लेकर दी शुभकामनाएं। डॉ महंत ने कहा भारत नारी शक्ति पूजक है। भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी इसका सबसे बड़ा प्रमाण है। खेल हो या राजनीति, घर हो या उद्योग, राष्ट्रपति हो या मुख्यमंत्री पद पर आसीन होकर देश सेवा का कार्य कर रही है। विभिन्न क्षेत्रों में लड़कियाँ समान रूप से भागीदारी ले रही है।

डॉ महंत ने कहा, इस महान दिवस पर हमें संकल्प लेना होगा कि, बालक - बालिका में भेद नहीं करने व समाज के लोगों को लिंग समानता के बारे में जागरूक करने की प्रतिज्ञा लेनी है। बेटियों को आत्मनिर्भर बनाना होगा, उनकी सेहत, पोषण व पढ़ाई ताकि बड़ी होकर वे शारीरिक, आर्थिक, मानसिक व भावनात्मक रूप से आत्मनिर्भर व सक्षम बन सकें, ताकि वे आगे चलकर एक बेहतर भारत, समाज, परिवार के निर्माण में योगदान दे सकें।

## रायपुर में 33 जलागारों से 28 जनवरी की शाम को नहीं होगी जल की आपूर्ति

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के आधे रहवासियों को 28 जनवरी की शाम को पीने के पानी के लिए तरसना पड़ेगा। दरअसल नगर निगम की जल विभाग सरिता इंटेकवेल के मेन हेडर में लगे वाल्व, एनआरवी को बदलने के साथ ही 80 और 150 एमएलडी इंटेकवेल रा वाटर इंटर कनेक्शन पाइप लाइन की लीकेज मरम्मत, आइएचपी के अन्य संधारण काम करने जा रही है। लिहाजा 28 जनवरी की शाम को शहर के 33 जलागारों से जलआपूर्ति प्रभावित रहेगी। नगर निगम के जल कार्य समिति अध्यक्ष सतनाम सिंह पनाग ने बताया कि सरिता इंटेकवेल के मेन हेडर में लगे वाल्व एवं एनआरवी को बदलने 80 और 150 एमएलडी इंटेकवेल रा वाटर इंटर कनेक्शन पाइप लाइन की लीकेज का मरम्मत के साथ आइएचपी के अन्य संधारण कार्य कराया जाना है।यह कार्य शुक्रवार 28 जनवरी की सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक किया जायेगा।इस दौरान 10 घंटे का शटडाउन लिया जाना है।इसके चलते 80 एवं 150 एमएलडी फिल्टर प्लांट से भरने वाले 33 जलागारों से पेयजल की आपूर्ति प्रभावित रहेगी। मरम्मत का काम पूरा होने के बाद 29 जनवरी की सुबह से नियमित जलप्रदाय शुरू कर दिया जायेगा।

## रायपुर के डूमरतराई थोक सब्जी मंडी में दुकान का शटर तोड़कर लाखों की चोरी, आरोपित गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के थोक सब्जी मंडी स्थित दुकान का शटर तोड़कर 3 लाख 50 हजार रुपये नगदी चोरी के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सब्जी कारोबारी संजय गुप्ता की दुकान में 13 जनवरी को नगदी चोरी की वारदात हुई थी। पुलिस ने संजय नगर टिकरापारा निवासी शातिर चोर मोहम्मद अकबर को गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से एक लाख 34 हजार नगदी जब्त की गई है। माना थाना पुलिस की कार्रवाई। पीड़ित संजय ने माना थाने में रिपोर्ट करवाई थी। संजय ने बताया कि भाटागांव शीतला चौक माहामाया क्लीनिक के पास रहता हूँ, थोक सब्जी मार्केट डुमरतराई में राजेश कुमार,स्वतत्र कुमार सोनकर के नाम से थोक सब्जी का व्यवसाय करते हैं। भाटागांव से रोजाना बाइक से आना-जाना करते हैं। सब्जी बिक्री रकम को दुकान के अलमारी में ही रख देते थे। पिछले करीब डेढ महिने का सब्जी बिक्री रकम 3,50, 000 रुपये को दुकान के अलमारी में रखा था। उक्त रकम को 12 जनवरी तक थी। 13 जनवरी के सुबह करीब 04 बजे आकर देखा तो दुकान में लगे शटर का ताला नहीं था। शटर खोलकर दुकान अंदर जाकर देखा तो अलमारी और लाकर खुला था। लाकर में रखा नगदी रकम तीन लाख 50 हजार रुपये नहीं थे। अज्ञात चोर 12-13 जनवरी की दरम्यानि रात दुकान में लगे शटर का ताला तोडकर दुकान अंदर प्रवेश कर अलमारी का लाकर तोडकर नकदी रकम को चोरी ले गया है।

## मुख्यमंत्री से सीआरपीएफ के डायरेक्टर जनरल ने की सौजन्य मुलाकात



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास कार्यलय में सीआरपीएफ के डायरेक्टर जनरल कुलदीप सिंह ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, सीआरपीएफ के स्पेशल डायरेक्टर जनरल जुल्फ़िकार हसन, एडीजी नितिन अग्रवाल, आईजी साकेत, डीआईजी ए.के. सिंह एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन के कार्यकारी अध्यक्ष होंगे उमेश पटेल

■ मुख्यमंत्री बघेल ने मुख्य सचिव को दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार उच्च शिक्षा, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा, रोजगार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल को नवगठित छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन के कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए हैं। इस संबंध में मुख्यमंत्री बघेल ने मुख्य सचिव को तत्काल आदेश जारी करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में आगामी पांच वर्षों में 15 लाख नये रोजगार के अवसरों का सृजन करने के लिए राज्य शासन ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता वाले छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन के गठन का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।



राज्य में लोगों को आर्थिक क्रियाकलापों से जोड़ने और उनके आर्थिक सशक्तिकरण के लिए संभवतः देश में पहली बार रोजगार मिशन की परिकल्पना छत्तीसगढ़ में की गई है। यह मिशन राज्य और जिलों की परिस्थितियों के अनुसार रोजगार के नए-नए अवसरों के सृजन के लिए काम करेगा। इस काम के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन का गठन किया गया है। यह मिशन रोजगार से जुड़े सभी महत्वपूर्ण विभागों के बीच में समन्वय स्थापित कर नए-नए रोजगार की संभावनाएं तलाशने के साथ ही उन्हें संचालित करने में मद्द करेगा। मुख्य सचिव इस मिशन के उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। इस मिशन के काम-काज को व्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी की नियुक्ति की गई है।

रोजगार मिशन के माध्यम से आगामी 5 वर्षों में 15 लाख रोजगार के नए अवसरों का सृजन करने का लक्ष्य है। यह मिशन रोजगार को बढ़ावा देने संबंधी नीतिगत फैसले लेगा और राज्य की औद्योगिक नीति और अन्य नियमों में जहां भी आवश्यक प्रावधान करने की जरूरत होगी अपनी सिफारिश करेगा। सभी जिलों में रोजगार के लिए सेक्टरों का चिन्हांकन होगा। इनमें परम्परागत अवसरों के साथ ही रोजगार के नए अवसरों की पहचान की जाएगी। रोजगार के इच्छुक युवाओं का चिन्हांकन कर उनके लिए कौशल विकास की व्यवस्था की जाएगी। जिलों में रोजगार पार्क भी बनाए जाएंगे, जहां ऐसी इकाईयां स्थापित की जाएंगी। रूरल इंडस्ट्रीयल पार्कों में तैयार उत्पादों की शासकीय खरीदी के अलावा खुले बाजार में बिक्री की व्यवस्था की जाएगी। सेवा क्षेत्रों में नए रोजगार की संभावनाओं को देखते हुए इन गतिविधियों में युवाओं के कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

## रायपुर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने प्रांजल सेवा समिति के सदस्यों को किया सम्मानित



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

यातायात पुलिस रायपुर द्वारा आयोजित जागरूकता अभियान में प्रांजल सेवा समिति की अध्यक्षा रेखा शर्मा और सदस्य अश्विन प्रभाकर उनके सभी साथियों को निरंतर सहयोग प्रदान करने के लिए यातायात सभागृह में सम्मानित किया गया। 26 दिसंबर से एक जनवरी तक आयोजित इस कार्यक्रम में प्रांजल सेवा समिति ने रायपुर के विभिन क्षेत्रों के चौक, चौराहों पर लोगों को यातायात के नियमों के बारे में बताते हुए अपना कर्तव्य निर्वाहन करने की नियमों का पालन करने जागरूक किया। साथ ही साथ एक दिन में एक लाख से ज्यादा संकल्प पत्र भरवा कर रायपुर का नाम इंडियन बुक्स आफ रिकाड्र्स और एशिया बुक आफ रिकाड्र्स में शामिल हुए।

### टीम विभिन्न बस्तियों का दौरा कर रही

## रायपुर में सर्दी, खांसी के मरीजों को पहुंचा रहे निःशुल्क दवाइयां और मास्क

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन ने शहर में सर्दी-खांसी के मरीजों की पहचान करनी शुरू कर दी है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम और विभिन्न एनजीओ की टीम संभावित मरीजों की पहचान करने में लगी है। टीम विभिन्न बस्तियों का दौरा कर रही है, विशेषकर झुग्गी बस्तियों में पहुंचकर यह टीम सर्दी, खांसी जैसे सामान्य लक्षण से पीड़ित लोगों को निःशुल्क दवाएं भी उपलब्ध करा रही है। कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए शहर के एनजीओ और एनएसएस कैडेट्स कोरोना वारियर्स के रूप में लोगों के बीच पहुंचकर कोविड से बचाव के लिए जन-जागरूकता अभियान संचालित कर रहे हैं। इसमें यूनिसेफ, गुरुकुल महाविद्यालय की प्रोग्राम आफिसर रात्रि लहरे के मार्गदर्शन में एनएसएस कैडेट्स एवं वी द पीपल के वालंटियर्स की टीम ने 'रोको और टोको' अभियान के अंतर्गत घड़ी



चौक, लालगंगा काम्प्लेक्स, सदर बाजार, शास्त्री बाजार क्षेत्र में लोगों को जागरूक किया। इस दौरान नागरिकों से मास्क लगाकर ही घर से निकलने की अपील की।

### घर-घर पहुंच रही महिलाओं की टीम

कोरोना पर प्रभावी नियंत्रण के लिए शहर की अनेक संस्थाओं द्वारा भिन्न-भिन्न सार्वजनिक स्थलों के अलावा झुग्गी बस्तियों में जाकर लोगों से मिलकर उन्हें कोरोना से बचाव के उपाय, मास्क पहने से लेकर समय-समय पर हाथ सैनिटाइजर करने की जानकारी दी जा रही हैं। कोरोना वॉरियर के रूप में अपनी पहचान बनाने वाली एक ऐसी ही संस्था गुलाब बाबा फाउंडेशन और उत्कल महिला महामंच जो अपनी टीम के साथ मिलकर जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में लगातार काम कर रही है। इस संस्था द्वारा कालीबाड़ी आकाशवाणी, शक्ति नगर और राजेंद्र नगर में लोगों से मिलकर मास्क वितरण कर उन्हें कोरोना से बचाव की जानकारी दे रहे हैं। इस कार्यक्रम में उत्कल महिला महामंच की अध्यक्ष सावित्री के साथ हेमा सागर, पिंकी निहाल, गौतम मेश्राम, बिंदिया नाग, गौरी साहू, मधु सोनी, माधुरी बघेल, मेरी प्रिंसेस, हेमा नायक, आशा अरोरा और भूमि महानंद उपस्थित रहीं।

## जीएसटी में संशोधनों पर रायपुर बार का वेबिनार

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




जी. एस. टी. बार द्वारा जनवरी माह से लागू हुए संशोधनों पर एक वेबिनार आयोजित किया गया । अपने अध्यक्षीय भाषण में आलोक अग्रवाल ने कहा कि निरन्तर होते परिवर्तनों से सदस्यों को अवगत कराना हमारा मुख्य कर्तव्य है जिसके तहत हम समय समय पर ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित करते रहते है ।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सी. एस. सतीश तावनिया ने जनवरी माह से लागू हुए संशोधनों को विस्तार से बताया जिसमे सप्लाई, आगत कर में नई धारा के तहत 2(बी) को महत्वपूर्ण मानना, अपील के प्रावधानों में हुए संशोधन, माँग एवं वसूली, ई वे बिल की दशा में हुए परिवर्तन, वर्क कॉन्ट्रैक्ट के प्रकरण में लागू हुई दरों की पूर्ण जानकारी थी साथ ही महत्वपूर्ण केस लॉ का विश्लेषण करते हुए व्यवहारिक कठिनाइयों का समाधान भी बताया । उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों के प्रश्नों का समाधान भी किया । कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन कार्यक्रम समन्वयक प्रवीण शर्मा ने किया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से सन्तोष दुबे, गोपाल तावनिया, महेंद्र पंसारी, अखिलेश अवधिया, विमल श्रीवास, मनीष बजाज, दीपक कामटकर, प्रतीक लड्ढा, संजय वालगूँजे सहित छत्तीसगढ़ सेल्स टैक्स बार काउंसिल के सदस्य भी उपस्थित थे ।

# सुभाषचंद्र बोस जयंती के शुभ अवसर पर स्वच्छता सर्वेक्षण का कार्यक्रम प्रारंभ


पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती के शुभ अवसर पर नगरपालिका परिषद कोंडागाँव के अधिकारियों, कर्मचारियों और नगरपालिका परिषद कोंडागाँव द्वारा चुने गए ब्रांड एम्बेसडर के द्वारा महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक 1 में स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 का कार्यक्रम प्राम्भ हुआ। मुख्य नगरपालिका अधिकारी सूरज सिदार के मार्गदर्शन में ब्रांड एम्बेसडर के द्वारा वार्डवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया और प्रत्येक घर मे जाकर गीला कचरा और सूखा कचरा को अलग अलग रखने को कहा गया। कचरे को खुले में और नालियों में नही फेकने को कहा गया । प्लास्टिक को जलाने से वातावरण प्रदूषित होता है और इससे होने वाले दुष्परिणामो के बारे में जानकारी दिया गया। घरों से जितना भी कचरा निकलता है उसे एक जगह एकत्रित करके नगरपालिका द्वारा डोर टू डोर कचरा इकट्ठा करने वाले कर्मचारियों को देने की समझाइश दी गयी। जिन जगहों पर कचरा इकठ्ठा था और नालियों में कचरा भरा हुआ था उसे तत्काल नगरपालिका परिषद के कर्मचारियों द्वारा साफ किया गया तथा जो नालिया ब्लाक हो गयी है उनको सफाई करने के लिए नगरपालिका के कर्मचारियों को सुझाव दिया गया। जिन घरों के सामने नालियों के ऊपर छड़, गिट्टी, रेत, लकड़ी इत्यादि समान रखा गया था उन्हें तत्काल हटाने को कहा गया अन्यथा नगरपालिका द्वारा फाइन की कार्यवाही किया जाएगा । इस मौके पर नगरपालिका परिषद कोंडागाँव के सबइंजीनियर संजय मार्कण्डेय, स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के ब्रांड एम्बेसडर अनिल आचार्य, यशवंत सिंह गौतम, खेमदास वैष्णव, टंकेश्वर पानिग्रही, डी.एस. साहू, बसंत कुमार साहू, सुब्रत साहा, सुरज कुमार यादव, उमेश कुमार साहू, महात्मा गांधी वार्ड की पार्षद अनिता पोयाम, वार्डवासी जया देवांगन, शिव देवांगन, कार्तिक देवांगन, लखमू निषाद, सुफल देवांगन,नगरपालिका के कर्मचारी गंगा सोनानी, श्रीमती सरस्वती दास, कृष्णा पटेल और समस्त सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

# कलेक्टर और एसपी ने गणतंत्र दिवस की तैयारियों का किया निरीक्षण





पायनियर संवाददाता < दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय स्थित शासकीय हाई स्कूल परिसर में मनाई जाने वाली 73 वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय समारोह के फाइनल रिहर्सल सुबह 9 बजे आयोजित की गई। कलेक्टर दीपक सोनी एवं एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की फाइनल रिहर्सल का निरीक्षण किया। जिसमें पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मंच पर पहुंचकर सबसे पहले परेड की सलामी ली। जहां कलेक्टर दीपक सोनी ने ध्वजारोहण किया।

इस मौके पर राष्ट्रगान की धुन बजाई गई। कलेक्टर सोनी की उपस्थिति में गणतंत्र दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों को अंतिम रूप से तय किया गया। कोरोना संक्रमण को देखते हुए परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रमों को स्थगित किया गया है। कलेक्टर ने मुख्य समारोह हेतु की जा रही तैयारियों का भी जायजा लिया एवं समारोह के गरिमामय आयोजन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ आकाश छिकारा, अपर कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे, एसडीएम अबिनाश मिश्रा, सहित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन ऑनलाईन

पायनियर संवाददाता < दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर के द्वारा 25 जनवरी 2022 को 12वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2022 का आयोजन ऑनलाईन करने के निर्देश प्राप्त हुये है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 01 जनवरी 2022 के दौरान युवा मतदाताओं को लक्षित करते हुए उन्हें अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु लकी ड्रा का आयोजन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छ.ग. रायपुर द्वारा किया गया था। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2022 मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 05 जनवरी 2022 के उपरांत राज्य स्तर पर लकी ड्रा निकाला गया जिसमें दंतेवाड़ा जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 88 दन्तेवाड़ा के मतदान केन्द्र क्रमांक 10-बारसूर 04 के विमल कुमार नाग, पिता प्रेमलाल नाग, मावलीगुड़ा बारसूर का चयन हुआ है। चयनित विमल कुमार नाग को कारवां रेडियो एवं मेडल प्रदाय किये जाने हेतु ऑनलाईन पुरस्कार घोषित किया जाता है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छ.ग. रायपुर के निर्देशानुसार 01 जनवरी 2021 के पश्चात संपादित उत्कृष्ट निर्वाचकीय कार्यों को प्रोत्साहित करने हेतु जिला स्तर पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2022 कार्यक्रम में पुरस्कृत करने निर्देश प्राप्त हुये थे। उक्त निर्देश के परिपालन में दंतेवाड़ा जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 88-दन्तेवाड़ा के मतदान केन्द्र क्रमांक 175 चिकपाल के बी.एल.ओ. स्वरूप मण्डल, सहायक शिक्षक, एल.बी. को रू. 5000/-, प्रशस्ति पत्र तथा प्रोपेसर नोडल ऑफिसर डॉ. विवेक शर्मा, सहायक प्राध्यापक, शा. महेन्द्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दंतेवाड़ा को रू. 7000/- एवं प्रशस्ति पत्र ऑनलाईन घोषित किया जाकर प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि संबंधित के बैंक खाते में जमा किया जावेगा। सभी शासकीय कार्यालयों में 25 जनवरी 2022 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस में अधिकारी/कर्मचारियों को शपथ पत्र की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2022 का राज्य स्तरीय आयोजन इस वर्ष कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत सीमित रूप से किया जायेगा जिसका लाइव प्रसारण मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से किया जाएगा। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण प्रातः 11.00 बजे से विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म प्लेटफार्म पर 25 जनवरी 2022 को देख सकेंगे।

# कोरोना से बचाव के लिए नारा लगाकर लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दिया

पायनियर संवाददाता < चारामा
www.dailypioneer.com

पूरी में कोरोना जन जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को संयुक्त प्रगतिशील स्व सहायता समूह द्वारा गांव की गलियों में भ्रमण कर लोगों को कोरोना से बचाव के लिए नारा लगाकर लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दिया गया। तत्पश्चात बस स्टैंड के पास आने जाने वालों को रोक कर मुफ्त में मास्क वितरण किया गया , आयुर्वेदिक चाय पिलाया गया एवं कोरोना नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया ।कोरोना लक्षणों एवम बचाव की जानकारी दी गई।जिसमें हेमेंद्र ठाकुर,ललित ठाकुर, सरपंच राधा देवी ठाकुर ,सतीश लाटिया ,डॉ बी के राठौर, पिमन कौशिक, रोहिदास कोमरा ,बलराम ठाकुर, तुलेश्वर साहू , एम् आर गंधर्व दिनेश सिन्हा, प्रभु कौशिक ,शत्रुघ्न सिन्हा ,घनश्याम सिन्हा ,डी आर हिडको सेवक राम ठाकुर अजीत कुमार,राम प्रसाद निषाद,बलराम साहू छन्नू मंडावी नोहर धनकर दुष्यंत साहू गैंदलाल सिन्हा प्रवीण देवांगन लव नेताम राम नरेश यादव सचिन हीर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी गण एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# साप्ताहिक बाजार में मास्क नहीं लगाने वाले 56 लोगों पर हुई चालानी कार्रवाई

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय में रविवार के दिन लगने वाले साप्ताहिक बाजार में नगर पालिका परिषद द्वारा बिना मास्क घूम रहे लोगो पर चालानी कार्यवाही की गयी है। बता दें कि कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर कोविड-19 संक्रमण के नियंत्रण के लिए मास्क नहीं लगाने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला मुख्यालय नारायणपुर के साप्ताहिक बाजार में मुख्य नगर पालिका अधिकारी मोबिन अली एवं नगर पालिका टीम द्वारा 56 लोगों पर कार्यवाही करते हुए 5 हजार 600 रूपए की चालानी कार्रवाई की गई। नगर पालिका द्वारा मास्क नहीं लगाने वालों पर चालानी कार्रवाई करते हुए मास्क लगाने की समझाईश दी जा रही है। साथ ही नागरिकों को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। मास्क लगाने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन और हाथों को सेनेटाईज करने तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों में नहीं जाने के लिए लगातार मुनादी कराई जा रही है। घर से बाहर निकलने पर मास्क का उपयोग जरूर करें। सर्दी, खांसी, बुखार के लक्षण आने पर कोविड टेस्ट जरूर कराएं।

# धान खरीदी की तिथि एक सप्ताह और बढ़ाने से किसानों में खुशी की लहर : जनक नंदन

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस के उपाध्यक्ष जनक नंदन कश्यप द्वारा प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल द्वारा किसानों की समस्या को देखते हुए धान खरीदी की तिथि बढ़ाने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है साथ ही कहा कि छत्तीसगढ़ में जबसे कांग्रेस की सरकार बनी है तब से किसान हितैषी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किसानों की समस्याओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा जिसके लिए बीते दिनों किसानों को धान बेचने में कोई समस्या न हो इसको ध्यान में रखते हुए प्रदेश स्तरीय किसान सहयोग समिति का गठन किया गया जिसका फायदा भी छत्तीसगढ़ के किसानों को मिला है। अभी हाल ही में मौषम की मार से प्रभावित किसानों को राहत देने कई किसान हितों के फैसले छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लिए जा रहे है इसी तारतम्य में धान खरीदी की तिथि एक सप्ताह बढ़ाने से प्रदेशभर के किसानों में हर्ष व्याप्त है। छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस के उपाध्यक्ष जनक नंदन कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री खुद भी एक किसान पुत्र है इसलिए वे किसानों को किसानी करने में जो समस्याओ का सामना करना पड़ता है उनसे बखूबी वाकिफ है इसलिए इनकी पहली प्रथमिकता प्रदेश के किसानों को ज्यादा ज्यादा लाभ मिल सके इसको ध्यान में रखते हुए किसानों के हित में फैसले लिए जाते है और आगे भी ऐसे ही किसानो के हित में फैसले लेते रहेंगे। इस बार भी केंद्र में बैठी भाजपा की नरेंद्र मोदी की सरकार जोकि किसान विरोधी सरकार है द्वारा छत्तीसगढ़ के किसानों 2500 की दर पर धान खरीदी के अड़चनों के बाद भी भुपेश बघेल द्वारा किसानों का धान 2500 समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जाएगी।

# मुख्यमंत्री ने जिले में 67.57 लाख के विभिन्न विकास कार्यों की दी स्वीकृति

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान के द्वारा कोण्डागांव के 11 ग्रामीणों के लिए आर्थिक सहायता की मांग को 04 दिनों में स्वीकृत किया गया है। ज्ञात हो कि स्थानीय जनप्रतिनिधि कैलाश पोयाम द्वारा 17 जनवरी को ग्रामीणों की मांगों को ध्यान में रखते हुए 11 ग्रामीणों हेतु आर्थिक सहायता के साथ विभिन्न ग्राम पंचायतों में विभिन्न विकास कार्य हेतु ग्रामीणों की मांगों से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र लिखकर अवगत कराया था। जिस पर मुख्यमंत्री द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी स्वेच्छा अनुदान द्वारा आर्थिक सहायता की मांगों को 04 दिनों में स्वीकृति प्रदान कर अनुदान हेतु सामान्य प्रशासन विभाग के मुख्य लेखा अधिकारी तथा कुल 67.57 लाख के विभिन्न विकास कार्यों हेतु कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा को पत्र के माध्यम से सामान्य प्रशासन विभाग के संयुक्त सचिव संजय अग्रवाल द्वारा जल्द लोगों को राहत दिलाने को कहा है। उल्लेखनीय है कि स्वेच्छा अनुदान के माध्यम से आर्थिक सहायता के रूप में 9 लोगों को 25-25 हजार रुपयों तथा दो लोगों को 1-1 लाख रुपए प्रदान करने की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस राशि का भुगतान कलेक्टर के माध्यम से किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विकास कार्यों में ग्राम पंचायत माकड़ी में माता मंदिर के सामने 400 मीटर सीसी सड़क, बनिया गांव में ढोडापारा में 300 मीटर सीसी सड़क, राजागांव में मातागुड़ी के निर्माण, निलजी में टिकरापारा के निकट पुलिया निर्माण, मुलमुला में 200 मीटर सीसी सड़क एवं पुलिया, अमरावती में 300 मीटर सीसी सड़क, ओड़ारगांव में पुलिया निर्माण, बिजापुर के आश्रित ग्राम हिरलाभाटा में माता मंदिर मार्ग पर पुलिया निर्माण, करंडी में 250 मीटर सीसी रोड निर्माण एवं सोड़मा में पुलिया निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है।

# साप्ताहिक हाट बाजारों में लोगों को किया जा रहा कोविड के प्रति जागरुक

पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com

सुकमा जिले में जिला प्रशासन एवं छत्तीसगढ़ विद पीपल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में वी द पीपल के वालंटियर द्वारा रोको अउ टोको अभियान का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री विनीत नन्दनवार के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत आम नागरिकों को कोविड दिशा निर्देशों, संक्रमण से बचाव के उपाय आदि के बारे में जागरुक किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ विद पीपल के डी.एम.सी राजेश बघेल ने बताया कि कोविड-19 के तीसरे लहर के बढ़ते प्रकोप एवं संक्रमण की तेज गति को देखते हुए जिले में जागरूकता लाने ''वी द पीपल'' के वालंटियर के सहयोग से जिले के भीड़-भाड़ वाले जगहों एवं राहगीरों को वॉलिंटियर के द्वारा मास्क लगाने, सामाजिक दूरी का पालन करने, कोविड-19 टीकाकरण करवाने, जागरूकता लाने रोको और टोको अभियान का संचालन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत वॉलिंटियर्स के द्वारा साप्ताहिक हाट बाजारों में मेगा फोन के माध्यम से लोगों को मास्क लगाने, समाजिक दूरी का पालन करने, कोविड-19 टीकाकरण करवाने प्रेरित किया गया।

## पखांजूर में रोजगार पंजीयन कार्य 24 जनवरी को स्थगित

**कांकेर।** जिला रोजगार अधिकारी बीआर ठाकुर ने बताया है कि तहसील कार्यालय पखांजूर में ऑन लाईन पंजीयन एवं नवीनीकरण कार्य के लिए कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा प्रत्येक माह के 24 तारीख को संपादन किया जाता है। कोविड-19 के संक्रमण को देखते हुए जिले कें नगरीय निकायों में धारा 144 लागू होने की वजह से 24 जनवरी 2022 को तहसील कार्यालय पखांजुर में ऑन लाईन पंजीयन एवं नवीनीकरण कार्य स्थगित किया गया है। आगामी तिथि की सूचना पृथक से दिया जायेगा।

# सोनपुर में आईटीबीपी की 53वीं वाहिनी ने सिविक एक्शन कार्यक्रम का किया आयोजन

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य के नक्सल प्रभावित जिला नारायणपुर में भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के जवान नक्सल अभियान के साथ-साथ सुदूर अंचल के गरीब लोगों की मदद भी कर रहें हैं। इसी क्रम में आज जिले में तैनात 53वीं वाहिनी आईटीबीपी की ए-कम्पनी कैम्प सोनपुर द्वारा सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अलनार, कस्तुरगुण्डा मुराहपदर, मुरनार, सोनपुर गांगला, मुण्डाटिकरा, पेलीपेड, डोंगरीबेड़ा, बेचागॉव, अहनार आदि गाँव के ग्रामीणों को दैनिक इस्तेमाल में आने वाले वर्तन, कपड़े, सोलर लाईट एलईडी, सोलर लैम्प तथा स्कूल के बच्चों व ग्रामीण युवकों को खेल-कूद सामाग्री का वितरण किया गया। इसके साथ ही शिविर में चिकित्सा शिविर एवं पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेनानी, 53वीं बटालियन, आईटीबीपी पंकज कुमार वर्मा ने कहा कि आप सभी आईटीबीपी को अपना मित्र समझें, हम आप सब की सेवा व सुरक्षा के लिए यहाँ तैनात है। अगर किसी को भी कोई समस्या होती है, तो आप कभी भी कैम्प में आकर हमें बताए। हमारे जवान हमेशा आप लोगों की सेवा के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के उत्थान में इस प्रकार के कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाएंगे तथा सभी ग्रामवासियों व खास कर युवा वर्ग से अनुरोध किया कि वे हिंसा का मार्ग छोड़कर राष्ट निर्माण व देश की मुख्यधारा से जुड़े व खुशहाल जीवन व्यतीत करें। सेनानी, 53वीं बटालियन, आईटीबीपी वर्मा ने सभी ग्रामीणों को इस कार्यक्रम में शामिल होने व इसे सुचारू रूप से सफल बनाने में सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में वाहिनी की चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण राणा, एसएमओ द्वारा दूरदराज से आये ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच कर दवाईयाँ बांटी और डा अश्वनी कुमार, उप सेनानी द्वारा ग्रामीणों के पालतू जानवरों के जांच की। चिकित्सा अधिकारियों ने ग्रामीणों को साफ-सफाई, ताजा भोजन करने एवं शुद्ध पेयजल का उपयोग करने की सलाह दी गई तथा वाहिनी पशु चिकित्सक द्वारा ग्रामीणों को पशुओं को होने वाली बीमारी तथा उनसे बचाव के बारे में जानकारी दी गई। एम नवीन यादव, सहायक सेनानी, 53वीं बटालियन, आईटीबीपी एवम् स्थानीय गावों के सरपंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

# सांसद दीपक बैज सहित जनप्रतिनिधियों ने दिया स्वच्छता का संदेश




पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com

स्वच्छता केवल हमारे घर सड़क तक के लिए ही जरूरी नहीं होती। यह देश ओर राष्ट्र की आवश्यकता होती है। इससे ना केवल हमारा घर आँगन ही स्वच्छ रहेगा पूरा देश ही स्वच्छ रहेगा। इसी के मद्देनजर सुकमा नगर पालिका क्षेत्र में आम जन को स्वच्छता के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से जनप्रतिनिधियों द्वारा नगर के प्रत्येक वार्ड में स्वच्छता का संदेश दे रहे है। इसी तारतम्य में आज बस्तर सांसद दीपक बैज ने सुकमा नगर के जनप्रतिनिधियों सहित वार्ड क्रमांक-13 शबरी नगर में साफ सफाई कर सुकमा को गंदगी मुक्त नगर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने बस्तर सांसद दीपक बैज ने वार्ड में सफाई करके लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नगर की स्वच्छता से ही नगरवासी भी स्वस्थ्य जीवनशैली का आनंद ले सकते हैं। अपने आस पास स्वच्छता रखना हर जन की जिम्मेदारी है। बैज ने वार्डवासियों के घर व दुकान पर जाकर लागों से चर्चा कर स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान में अपनी महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करने की अपील की। इस दौरान पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष करण सिंह देव, नपा अध्यक्ष जगन्नाथ साहू, सीएमओ आशीष कोर्राम, पार्षद पद्मा जायसवाल, सहित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में आम जन भी सहभागी बने।

# कबाड़ी व्यवसायियों के हौसले बुलंद, पत्रकार पर किया धारदार हथियार से हमला

## जिलेभर के पत्रकारों में आक्रोश व्याप्त, कार्यवाही की मांग पर करेंगे प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◀ बागबाहरा
www.dailypioneer.com

नगर के बीचों - बीच संचालित हो रहे कबाड़ी दुकान में बीते दिन एक पत्रकार पर कबाड़ी संचालक द्वारा आरी ब्लेड से जानलेवा हमला कर दिया जिसके बाद जिले भर के पत्रकारों में आक्रोश व्याप्त है ।

घटना शनिवार दोपहर करीब 1 बजे की है जब निजी चैनल के पत्रकार सोमनाथ टोंडेकर को सूचना मिली की बागबाहरा नगर में स्थित सुबोध गुप्ता के कबाड़ी गोदाम के पास में अवैध रूप से गाडियों को काटा जा रहा है जिसमे टाटामैजिक, ट्रेक्टर, पिकअप, मोटर सायकल आदि गाड़ियों को काटकर डिस्मेंटल किया जा रहा। जिसके कवरेज करने के लिए विसुअल फुटेज लेने सोमनाथ टोंडेकर कबाड़ी गोदाम के पास पहुंचे और काटे जा रहे फिएट कार क्रमांक ष्टत्र 04 ।ष्ट 5557 एवम् काटने के काम में ला रहे घरेलू इण्डियन गैस का अपने मोबाइल से वीडियो फुटेज लेना शुरू किए थे तभी गाड़ियों को काट कर डिस्मेंटल कर रहे कर्मचारियों द्वारा कबाड़ी के संचालक को वीडियो बनाने की बात बताई गई जिसके बाद कबाड़ी संचालक संचालक सुबोध गुप्ता गाली गलौज करते हुए दोनों मोबाइल को छिन लिया गया। जिसके बाद सोमनाथ टोंडेकर के द्वारा उन्हें बताया गया कि मैं एक पत्रकार हु और अपना आईकार्ड दिखाया गया उसके बाद कबाड़ी संचालक और उसके कर्मचारी आवेश में आकर गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दिया और अपने हाथों में रखे आरी ब्लेड जैसे शार्प हथियार से अचानक हमला कर दिया गया, जिसमे सोमनाथ के हाथ और मुंह मे चोंटे भी आई है। कबाड़ी वाले को जानलेवा मंशा को देख जैसे - तैसे सोमनाथ वहां से लगभग 100 मीटर भाग कर मेन रोड ह॥ 335 पर पहुंचा कबाड़ी के कर्मचारी द्वारा उन्हें लगभग 100 मिटर की दूरी तक उनको दौड़ाया गया। यह पूरी घटना बागबाहरा नगर के बीचों बीच नेशनल हाइवे की सड़को पर हो रहा था जिसे कई लोगो ने देखा और बीच बचाव में आगे आये। इन सारी घटना क्रम की जानकारी सोमनाथ ने अपने पत्रकार साथियो की दी तब जिले भर के पत्रकारों ने अपनी सक्रियता दिखाते हुए कुछ ही घण्टो में बागबाहरा घटना स्थल पहुंच कर मोबाइल फोन वापस दिलाया गया और कबाड़ी गोदामो का जायजा लिया गया जहां देखा गया कि कबाड़ी गोदाम में कई गाड़ियों को जिसके बाड़ी फिटनेस भी अच्छे थे उन्हें काट कर डिस्मेंटल का कार्य घर मे उपयोग होने वाले घरेलू गैस से काटने में किया जा रहा था ,कई गाड़िया तो ऐसे भी देखने को मिली जिसकी नम्बर प्लेट ओडिशा राज्य का है। इससे यह भी अंदाजा लगाया जा सकता है कि कई गाड़िया चोरी की भी हो सकती है।

आपको बता दें कि जिले में लगातार अवैध कबाड़ी का व्यापार फल फूल रहा है, अब आलम यह है कि कबाड़ी वालो से घर के बाहर रखा सामन भी अब सुरक्षित नहीं है. रात में घर के अंदर बाउंड्री में रखा सामान भी ये घुसकर चुरा लेते हैं और कबाड़ी में बेच देते हैं आपको बता दें कि सरायपाली, बसना और पिथौरा में भी दिनों दिन इन कबाड़ी वालों की तादाद बढ़ती जा रही है, बाहर से आकर लगातार ये नगर की सड़कों में अवैध रूप से कब्ज़ा जमाने के साथ अवैध रूप से करोड़ो के कबाड़ी का व्यापार कर रहे हैं. जिन्हें राजनैतिक संरक्षण मिलने की भी आशंका है. जिसके चलते इनपर किसी तरह की कोई कार्यवाही नहीं हो पाती है.

वहीं पत्रकार पर हुए इस हमले के बाद अब इन अपराधियों पर क़ानूनी संरक्षण को लेकर भी सवाल पत्रकारों ने उठाये है। बागबाहरा नगर के लोगों चौक चौराहों में तरह तरह की बातें शुरू हो गई है कि दिन दाहड़े पत्रकार के ऊपर हमला पुलिसिया संरक्षण की वजह से है। इन सारे दृश्य को देख सभी पत्रकार लोग साक्ष्य लेकर सोमनाथ टोंडेकर के साथ बागबाहरा थाना पहुंचकर उचित कार्रवाई की मांग की गई , हमला करने वाले कबाड़ी संचालक और उसके कर्मचारीयों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई ।वही कार्रवाई न होने की स्थिति में सभी पत्रकार साथी धरने में बैठने की चेतावनी पुलिस प्रशासन को दिया गया तब जाकर बागबाहरा पुलिस ने कबाड़ी दुकान संचालक के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 भादवि के अंतर्गत एफ आई आर दर्जकर विवेचना में लिया गया है।

सतनामी समाज एवं अनुसूचित जनजाति के सैकड़ों लोगों ने सौपा ज्ञापन - प्रगतिशील सतनामी समाज के जिला मीडिया प्रभारी सोमनाथ टोंडेकर पर कबाड़ी व्यापारी द्वारा किये गए प्राणघातक हमले पर पुलिसिया कार्यवाही पर सवाल उठाते हुए और कड़ी कार्यवाही करने समेत एस्टोसिटी एक्ट के तहत कार्यवाही करने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंप कर मांग किया इस अवसर पर रेखराज बघेल , विजय बंजारे, विजय चतुवेदी, फुलसिंग ध्रुव, भीखम, मोहर सिंह दीवान, डाली ध्रुव, फुलसिंग ध्रुव, तेजराम चौलिक, कृष्णा नारंग, सोनू टंडन, मोनू व्यवहार सहित सैकड़ों सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# भुरुसुदा से सिल्पट्टी जाने वाले मार्ग पर मिला अजगर का बच्चा



पायनियर संवाददाता ◀ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

नगर के समीपस्त ग्राम पंचायत भुरुसुदा से सिल्पट्टी जाने वाले कच्चे मार्ग में ही पुलिये के पास एक भयावक जहरीले अजगर सांप के बच्चे को आज देखा गया जिससे की उस मार्ग से ग्रामीणों का आना जाना लगा रहता है जो की वह रास्ता भुरसुदा से कच्ची नाले होते हुए साट काट रास्ता होने के कारण लोगों का आवागमन होता रहता है। सुनसान होने के कारण वन्य जीव विचरण के लिए बाहर निकला हुआ था जो की अजगर साप का बच्चा था वह लगभग आठ फिट लबां और मोटाई भी था और अजगर काफी जहरीले होता है इसे सभी को पता है। उस रास्ते से जोता का सचिव शिववर्मा अपने गांव सिल्पट्टी जा रहा था की अचानक उनके मोटर बाईक के पास सामने आ गया जिससे की थोड़ा भयभीत हो गया। लेकिन वहां पर आने जाने वाले गामीणों को अवगत कराया और बताया की इस रास्ते में उन्होंने अजगर सांप का बच्चा देखा है। जिससे की उस रास्ते से आवगमन करने वाले को सचेत किया ।

# हितों की अनदेखी, पड़ सकती है भारी..?

■ स्वतंत्र जिला की मांग में आ रही गर्मी

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com



आने वाले विधानसभा चुनाव के पहले भाटापारा विधानसभा क्षेत्र, बदलाव की संभावना खोज रहा है। यह संभावना न केवल सत्ता पक्ष के लिए चुनौती हो सकता है बल्कि उस विपक्ष के लिए परेशानी का कारण बन सकता है, जिसका प्रतिनिधित्व 15 साल से मजबूती से जमा हुआ है। स्वतंत्र जिला का मुद्दा, हर विधानसभा चुनाव के दौरान उठता रहा है लेकिन इस दफा इसकी अनदेखी सत्ता और विपक्ष दोनों को भारी पड़ सकती है।

प्रदेश में जैसे ही कांग्रेस की सरकार बनेगी, भाटापारा को स्वतंत्र जिले का दर्जा मिलेगा। 9 वर्ष पूर्व दिग्गज कांग्रेसी नेता नंद कुमार पटेल की यह घोषणा, शायद पार्टी भूल चुकी है, तभी तो 3 नए जिले और बन गए लेकिन पहली दावेदारी भूला दी गई। अब इस दावेदारी की अनदेखी भारी पड़ने की संभावना बनती नजर आती है क्योंकि हर मामले में की जा रही उपेक्षा से उपजी नाराजगी निचले स्तर तक पहुंच चुकी है।

**इनसे पूछेंगे सवाल :** साल था 2018। मौका था आदिवासी सम्मेलन का। उपस्थिति थी प्रदेश प्रभारी पी एल पुनिया, डा. चरण दास महंत, डा. शिवकुमार डहरिया और राजकमल सिंघानिया की। वर्तमान में मुखिया की जिम्मेदारी संभाल रहे भूपेश बघेल ने कहा था कि जैसे ही कांग्रेस की सरकार प्रदेश में आएगी वैसे ही भाटापारा को स्वतंत्र जिले का दर्जा मिलेगा। तीन साल बीत चुके हैं, शायद मुख्यमंत्री भूल गए कि जो घोषणा भाटापारा को लेकर उन्होंने की थी उसे लेकर सवाल पूछने की तैयारी चालू हो चुकी है।

**गुस्सा इनसे :** 15 साल तक बिना बाधा के प्रदेश में सरकार चलाने वाली भारतीय जनता पार्टी के नेताओं से भी शहर बेतरह नाराज है। नाराजगी के बावजूद उसके प्रत्याशी को जीत दिला कर भरोसा जताया। अब यह भरोसा और विश्वास पूरी तरह टूट चुका है क्योंकि जैसी उपेक्षा भाजपा ने अपने शासनकाल में भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में की, उसकी मिसाल शायद ही प्रदेश में मिले। हकदार था अपना शहर, स्वतंत्र जिले का, लेकिन वोट की राजनीति हमेशा भारी पड़ती रही। सो गुस्सा इनसे भी है।

**पात्र, फिर भी अपात्र :** पात्रता की लगभग सभी शर्त पूरी करने वाला भाटापारा,जिले का सबसे बड़ा शहर, छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी नगर पालिका और महत्वपूर्ण शहर है। भौगोलिक स्थितियां जहां पात्रता की शर्त पूरा करती है तो आसान आवाजाही के बेहतर संसाधन इसे विस्तार देते हैं। लघु एवं मध्यम दर्जे के स्थापित उद्योग विकास को गति दे रहे हैं। इसके अलावा कृषि के क्षेत्र में भी शहर विशिष्ट पहचान रखता है। इसके बावजूद सत्ता और विपक्ष दोनों के लिए यह मात्र सामान्य सा विधानसभा क्षेत्र है। जहां अपना कब्जा ही एकमात्र उद्देश्य रहता आया है।

# शहर मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू का ग्रामीणों ने किया गर्मजोशी से स्वागत




पायनियर संवाददाता ◀ बागबाहरा
www.dailypioneer.com

ज्योति स्पोर्ट्स क्लब बिहाझर द्वारा आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में बतौर मुख्य अतिथि पहुँचे बागबाहरा शहर मण्डल अध्यक्ष प्रेम (रूपेश) साहू का ग्रामीणों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। प्रेम साहू ने आयोजन के सफल सम्पादन हेतु समिति को बधाई देते हुए विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी व कहा कि जीवन में बाकी चीजों का जैसा स्थान है महत्व है वही खेल का भी है चाहे वो कोई भी खेल क्यूं न हो जिससे शारीरिक व मानसिक श्रम हो व राहत मिले दिनचर्या से कुछ समय निकाल कर उनका अनन्द उठाना ही चाहिये। उक्त आयोजन में प्रथम स्थान पर गांजर, द्वितीय स्थान पर जामगाँव, तृतीय स्थान पर नर्रा व चतुर्थ स्थान पर सोनापुटी की टीम रही। कार्यक्रम के समापन सत्र में आयोजन समिति के सदस्यगण विश्राम, कुलेश्वर, चुन्नीलाल, अखिलेश, दिलहरण, हेमसिंह, पीताम्बर, संजू, डेरहा, चोखेलाल, रूपलाल, जागेश्वर, चोवराम, ठाकुरराम, शाखाराम, थानूराम, चेतन, दीपक, टीकू, हेतु, प्रीतम, नोहर, सोभन, तिलक, गोपाल व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस को किया याद, पराक्रम दिवस के रूप में मनाई 126 वीं जयंती

■ नीलांचल संस्थापक सम्पत अग्रवाल ने किया माल्यार्पण

पायनियर संवाददाता ◀ बसना
www.dailypioneer.com



स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126 वीं जयंती पर नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक सम्पत अग्रवाल के तत्वधान में आयोजित 'पराक्रम दिवस' मनाई गई।

अग्रवाल ने बताया रमेश खरे जी के द्वारा हाईस्कूल मार्ग में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की मूर्ति चौक में स्थापित किया गया था। जिस पर साफ-सफाई कर माल्यार्पण किया गया। अग्रवाल ने नेताजी को याद करते हुए कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक, आजाद हिन्द फौज के संस्थापक 'जय हिन्द' और 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आज़ादी दूंगा' का नारा देने वाले नेताजी ने अंग्रेजों से कई बार लोहा लिया। नतीजा ये हुआ कि नेताजी को अपने जीवन में कई बार जेल जाना पड़ा। वह एक ऐसे महान क्रांतिकारी थे जिनके विचार से देश सदा सर्वदा प्रेरित होता रहेगा। देश को आजादी दिलाने में नेताजी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उक्त कार्यक्रम नगर पंचायत बसना के अध्यक्ष गजेंद्र साहू, मीडिया सलाहकार जर्नलिस्ट प्रकाश सिन्हा, सेक्टर प्रभारी कामेश बंजारा, सह प्रभारी विकाश बाधवा, आकाश सिन्हा, पार्षद डेनियल पीटर, पार्षद सोनू सोनवानी, मलकीत सिंह, रमेश डड़सेना समेत नीलांचल सेवा समिति के युवा उपस्थित रहे।

# चार धामों में भागवत कथा संपन्न

पायनियर संवाददाता ◀ छुरा
www.dailypioneer.com





चार धामों में जगन्नाथ पूरी में श्रीमद् भागवत कथा संपन्न हुई, कथा का आयोजन बैकुंठ धाम आश्रम शाहि मंडप में 4 जनवरी से 11 जनवरी तक किया गया, व्यास पीठ पर क्षेत्र के प्रसिद्ध भागवताचार्य पंडित त्रिभुवन महाराज विराजित थे, महाराज द्वारा क्षेत्र के लोगों को चार धाम में कथा वाचन एवं श्रवण का कार्यक्रम विगत वर्षों से चल रहा हैं, धाम वृंदावन से चली है यात्रा हरिद्वार, रामेश्वरम, द्वारकाधीश एवं जगन्नाथ में कथा के पश्चात पूर्णता प्राप्त हुआ साथ ही साथ उन्होंने कहा कि अगामी सावन में ब्रज यात्रा तथा 25 मई 2023 को अयोध्या में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश से अधिक श्रद्धालु भाग लेंगे, कथा का शुभारंभ वेदी पूजन एवं देवावाहन के साथ किया गया प्रतिदिन सुबह 9:00 बजे से 2:00 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा प्रवचन का आयोजन किया गया एवं अंतिम दिन पूर्णाहुति के साथ हवन एवं शोभायात्रा आश्रम से लेकर मंदिर के मुख्य द्वार तक निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सोशल डिस्टेंस एवं मास्क का पालन करते हुए शोभायात्रा में भाग लिया, भागवताचार्य पंडित त्रिभुवनजी महाराज ने कहां की श्रीमद् भागवत कथा कल्पतरू है और भगवान कृष्ण की वांगमय प्रतिमूर्ति हैं उनके श्रवण से दैहिक, दैविक और भौतिक तीनों पापों से मुक्ति मिलती है था मनवांछित फल प्राप्त होता है इसीलिए जो व्यक्ति 7 दिन मन लगाकर कथा सुने और पूणार्हुति में अपनी मनोकामना कहे तो वह निश्चित रूप से पूर्ण होती है, साथ ही साथ उन्होंने कहा कि भागवत कथा जब तीर्थ स्थलों में चार धामों में, गंगा किनारे, सप्तपुरियों में आयोजित किया जाता है तब इनका फल कई गुना बढ़ जाता है, उन्होंने कहा कि आज घरों में आयोजन के पश्चात भी लोग तीर्थों में जाकर कथा सुन रहे हैं, क्योंकि जब हम तीर्थ में पहुंचते हैं तो तन, मन, धन तीनों अर्पण करते है, घरों में हुए आयोजन के पश्चात बहुत सारी जिम्मेदारियों के पश्चात कथा साथ साथ चलती है किंतु तीर्थों में हम पूर्णता ईश्वर के लिए समय निकालते हैं और समर्पण भाव से कथा सुनते हैं इससे यह पता चलता है कि हम ईश्वर के प्रति अपना तन, मन ,धन प्रदान करते हैं यहां तक पहुंचे हैं, उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में चार धाम यात्रा का अपना महत्व है उन्होंने कहा कि सभी सनातनियों को जीवन में चार धाम की यात्रा करनी चाहिए, उन्होंने यात्रा के बारे में प्रकाश डालते हुए कहा कि सतयुग का धाम बद्रीनाथ, त्रेता का धाम रामेश्वरम, द्वापर द्वारका धाम द्वारिकाधीश और कलयुग का धाम जगन्नाथ है साथ ही साथ उन्होंने कहा कि सतयुग में तप, द्वापर में सत्य, त्रेता यज्ञ हवन और कलयुग में भजन और दान का महत्व है।

## जिलें में अब तक 87 प्रतिशत किसानों से 5 लाख 854 मीटरिक टन धान की हो चुकी है खरीदी

# धान खरीदी की अवधि बढ़ी, 7 फरवरी तक की जाएगी खरीदी

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए एक बड़ा फैसला लिया। राज्य में समर्थन मूल्य में धान खरीदी की अपने निवास कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने धान खरीदी की निर्धारित अवधि में एक सप्ताह की वृद्धि किए जाने का एलान किया। इसके तहत राज्य भर में अब 7 फरवरी तक किसानों से धान खरीदी की जाएगी। उक्त निदेर्शों का पालन करते हुए कलेक्टर डोमन सिंह ने संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर 7 फरवरी तक धान खरीदी हेतु आदेश जारी किया है। पूर्व में यह 31 जनवरी तक निर्धारित की गयी थी। जिले में अब तक 11 सौ 35 करोड़ रूपये के 5 लाख 854 मीटरिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। जिले में 87 प्रतिशत किसान अपनी उपज उपार्जन केन्द्रों पर बेच चुके है। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में पंजीकृत 1 लाख 77 हजार 953 किसानों में से 1 लाख 53 हजार 990 किसानों ने धान बेच चुके है। इस तरह सीमांत किसानों का 86 प्रतिशत, लघु किसानों का 89 प्रतिशत, 10 एकड़ तक के किसानों का 84 प्रतिशत,बीस एकड़ तक के किसानों का 74 प्रतिशत एवं 20 एकड़ से ज्यादा किसानों में से 80 प्रतिशत ने धान बेचे हैं। वर्तमान समय मे बचे हुए सभी किसानों से धान प्राथमिकता से खरीदे जा रहे हैं। सोसायटियों में जमा धान में से 59 प्रतिशत का उठाव भी हो चुका है। सोमवार से लगभग 2 लाख 20 हजार क्विंटल धान का उपार्जन 182 उपार्जन केन्द्रों से हो रहा है। जिले में धान खरीदी का अनुमानित लक्ष्य इस साल 7.63 लाख मीटरिक टन प्रस्तावित किया गया है।

# खरोरा पुलिस ने 48 घंटे के भीतर चोर को किया गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ◀ खरोरा
www.dailypioneer.com

ग्राम केशला रहने वाले बुजुर्ग किसान 86 वर्ष बैंक से पैसे निकाल कर अपने घर केसला जा रहा था। दीनउपाध्याय चौक में दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जो कि मोटरसाइकिल सवार थे। बैंक से ही बुजुर्ग व्यक्ति का पीछा कर रहे थे 49000 लूट कर फरार हो गए।

खरोरा पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरे में आरोपियों के मोटरसाइकिल के नंबर के आधार पर थानाप्रभारी रमेश मरकाम द्वारा विशेष टीम का गठन किया गयाआरोपियों की पतासाजी की गई जिसमें आरोपी सुखा सांवरा पिता खिलावन सांवरा उम्र 30 वर्ष साकिन भाटापारा दूसरा आरोपी जितेंद्र सांवरा पिता रामप्रसाद सांवरा उम्र 40 वर्ष तुलसी थाना तिल्दा के पास से नगद रु. 20300 व एक सोने की पत्ती सोने एक नथनी व वारदात मे उपयुक्त मोटरसाइकिल जप्त किया ।

## कोविड 19 संक्रमित मरीजों को निःशुल्क कन्सल्टेशन प्रदाय किये जाने के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

**नारायणपुर।** जिले में कोविड-19 पॉजिटिव मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है एवं भविष्य में मरीजों की संख्या में वृद्धि होने की संभावना है, जिसे ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लक्षण रहित अथवा लक्षण वाले कोविड 19 पॉजिटिव मरीजों को होम आईसोलेशन कर उपचार प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है। कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी के निर्देशानुसार जिले में कोविड 19 संक्रमित मरीजों को होम आईसोलेशन एवं निशुल्क कन्सल्टेशन प्रदाय किये जाने हेतु जिला चिकित्सालय नारायणपुर में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। नियंत्रण कक्ष का मोबाईल नंबर 93990-71166 है। नियंत्रण कक्ष के सुचारू संचालन हेतु स्वास्थ्य सेवा से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों की तिथि एवं रोस्टरवार ड्यूटी लगायी गयी हैं।

## एनटीपीसी सीपत में नेताजी सुभाष चंद्र बोस उद्यान का उद्घाटन



एनटीपीसी सीपत में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125 वीं जयंती के अवसर पर टाउनशिप परिसर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस उद्यान का उद्घाटन कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए अनिल कुमार पाण्डेय, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (यूएसएससी व पश्चिम क्षेत्र 2) के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर कमलाकर सिंह, मुख्य महाप्रबंधक सीपीजी 2, जॉन मथाइ, महाप्रबंधक मानव संसाधन, पश्चिम क्षेत्र 2, के एस नायक, महाप्रबंधक - प्रचालन व अनुरक्षण, आर के आश, महाप्रबंधक - अनुरक्षण, एस बनर्जी, महाप्रबंधक - प्रचालन, ए चटर्जी, महाप्रबंधक- तकनीकी सेवायें, एस के दास, अपर महाप्रबंधक - टीएडी, मती के लता , अपर महाप्रबंधक - मानव संसाधन, ए के बोखाड , उप महाप्रबंधक- टीएडी, एस सोनी, उप महाप्रबंधक- एश डाइक प्रबंधन, यूनियन तथा एशोसियेशन के प्रतिनिधि उपस्थित थे द्य क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाते हैं तथा सीपत के कर्मचारी भी उसी पराक्रम के साथ कार्य करते हुए सीपत स्टेशन को एक नयी ऊचाई पर ले जा रहे हैं तथा भविष्य में इसी तरह और ऊंचाइयों की तरफबढ़ते रहें।

## ग्राम संगवाकापा के वार्ड क्र. 15 में नया ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की



**मुंगेली।** सुरदा क्षेत्र क्रमांक 15 के जनपद सदस्य निरंजन साहू ने ग्राम संगवाकापा के वार्ड क्र. 15 में नया ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की है,, उन्होंने कहा कि वार्ड क्र.15 में जो ट्रांसफार्मर लगा है उसमें क्षमता से ज्यादा भार पड़ रहा है इसीलिए वह ट्रांसफार्मर में बार-बार शार्ट सर्किट होते रहता है जिससे ग्रामवासियों को पेयजल की समस्या तथा रात्रि अंधकार की समस्या से गुजरना पड़ता है। जिसको देखते हुए नया ट्रांसफार्मर हेतु ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया है। उन्होंने ज्ञापन सौपते हुये अपील की है कि ग्रामवासियों की समस्या को देखते हुए उक्त स्थान पर नया ट्रांसफार्मर लगवाया जाए।

## मुंगेली ब्लाक में 76 लोरमी ब्लाक में 90 और पथरिया ब्लाक में 15 पॉजिटिव मरीजो की पुष्टि



**मुंगेली।** जिले में एक बार फिर फूटा कोरोना बम, स्वास्थ्य विभाग ने जारी किए आंकड़े जिसमे मुंगेली ब्लाक में 76 लोरमी ब्लाक में 90 और पथरिया ब्लाक में 15 पॉजिटिव मरीजो की पुष्टि की गई है। जिसको मिला कर अब जिले में कोविड19 के मरीजों की संख्या 507 हो गई है । वही 14 लोगो ने होमाइशोलेशन में रह कर कोरोना से जंग जीता है। नही ले रहे सबक - लोगो मे लापरवाही का आलम बदस्तूर जारी है,, भीड़-भाड़ वाली जगहों पर भी लोगों के चहरो से मास्क गायब हो रहे। नगर के व्यस्ततम इलाके जैसे सब्जी मंडी, गोल बाजार पड़ाव चौक सहित माल सुपर बाजारों में पहुचने वाले लोगो की लापरवाही कही जिले को एक बार फिर बंदिश में ला खड़ा करे। वही प्रशासन लगातार लोगो से सार्वजनिक स्थानों में भीड़-भाड़ से बचने मास्क और सेनेटाइजर का प्रयोग

## जिला पंचायत सीईओ राजपूत ने लिया जिले में संचालित विकास और निमार्ण कार्यो का जायजा



**मुंगेली।** जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी दशरथ सिंह राजपूत ने जिले के विकास खण्ड लोरमी में संचालित विकास और निमार्ण कार्यो का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विकास खण्ड लोरमी के ग्राम झझपुरीकला पहुँचे और वहां संचालित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत निर्माण कार्यो के संबंध में जानकारी प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने वहां काम कर रहे ग्रामीणों से चर्चा करते हुए जॉबकार्ड (आवेदन पंजीकरण एवं जारी) एवं परिवार रोजगार रिपोर्ट रजिस्टर, कार्यो की प्राथमिकता सूची का रजिस्टर एवं ग्राम सभा की बैठक व सामाजिक अंकेक्षण सभा की पंजी, काम की मांग, कार्यो का आबंटन एवं मजदूरी भुगतान की पंजी, कार्य रजिस्टर, स्थाई परिसम्पत्ति रजिस्टर, शिकायत रजिस्टर, सामग्री रजिस्टर आदि के बारे जानकारी प्राप्त किया। तदुपरांत ग्राम खुड़िया बाँध पहुँचे और वहां राजीव गांधी जलाशय का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने खुड़िया बांध में जल भराव क्षमता, जल निकासी आदि के बारे में जानकारी प्राप्त किया। तत्पश्चात नौका विहार हेतु प्लेट और सीडी निर्माण, जिला खनिज सस्थान न्यास द्वारा बन रहे प्राथमिक शाला का निर्माण, खुड़िया बांध स्थित कैंटीन संचालन हेतु भवन निर्माण कार्यो का जायजा लिया और सम्बधितों को आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर सम्बंधित विभाग अधिकारी मौजूद थे।

# आईटीबीपी असिस्टेट कमाण्डेंट और सहायक उप निरीक्षक की हत्या में शामिल नक्सली गिरफ्तार

■ **कई बड़ी नक्सली घटनाओं में था शामिल**

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com



जिले में लगातार चलाये जा रहे नक्सली विरोधी अभियान में पुलिस को मिल रही हैं बड़ी सफ्लता से जवानों का मनोबल बढ़ रहा है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी के विशेष मार्गदर्शन में चलाये जा रहे नक्सल अभियान के तहत दिनांक 22.01.2022 को गिरिजा शंकर जायसवाल, पुलिस अधीक्षक, नारायणपुर के निर्देशानुसार हार्डकोर नक्सली पण्डरू पदामी को गिरफ्तार किया गया है। हार्डकोर नक्सली पण्डरू पदामी (पिता स्व0 सुखराम पदामी उम्र 20 वर्ष निवासी गुमटेर मुरियापारा) जो वर्तमान में पल्ली बारसूर निर्माणाधीन सड़क में कड़ेनार से कडेमेटा के बीच बड़ी नक्सल घटना को अंजाम देने के लिए लगातार रेकी करने तथा छोटेडोंगर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम तोयामेटा में नक्सल गतिविधियों के विस्तार करने हेतु आया था। ये नक्सली आईटीबीपी के शहीद असिस्टेट कमाण्डेंट सुधाकर शिंदे और शहीद सहायक उप निरीक्षक गुरमुख सिंह की हत्या और षड्यंत्र में शामिल था साथ ही बुकिनतोर बस ब्लास्ट में 5जवानों की हत्या करते हुए 22जवानों को गंभीर रूप से घायल करने की घटना को अंजाम देने देने में भी शामिल था।

उल्लेखनीय है कि उक्त नक्सली नक्सली संगठन में आदेरबेड़ा क्षेत्र का नक्सली सदस्य के रूप में सक्रिय होकर कार्य कर रहा था। दिनांक 21.01.2022 को पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर जायसवाल को सूचना मिली कि उक्त घटना में सक्रिय रहने वाला हार्डकोर नक्सली वर्तमान में नक्सल विस्तार के लिये थाना छोटेडोंगर क्षेत्रांतर्गत ग्राम तोयामेटा आया है, प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए जायसवाल ने एसडीओपी छोटेडोंगर अभिषेक पैकरा को निर्देशित करते हुए कैम्प कड़ेनार से डीआरजी टीम रवाना किया था। उक्त टीम ने सक्रियता से घेराबंदी कर पण्डरू पदामी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार नक्सली द्वारा दोनों मुख्य घटनाओं में अपनी सक्रियता सहित छोटे-बडे अनेको नक्सल गतिविधियों में सक्रिय रहने की बात को स्वीकार किया है। फ्लस्वरूप उक्त हार्डकोर नक्सली पण्डरू पदामी को माननीय सीजेएम महोदय, नारायणपुर के समक्ष प्रस्तुत करते हुए न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है।

## पूर्व पार्षद मनोज सोनी ने करी पूर्व सांसद अभिषेक सिंह से मुलाकात



**सक्ती।** नगर पालिका शक्ति के वार्ड क्रमांक-08 के पूर्व पार्षद एवं भाजयुमो शक्ति नगर मंडल के पूर्व कोषाध्यक्ष मनोज सोनी ने 23 जनवरी को छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के सुपुत्र एवं राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद अभिषेक सिंह से राजनांदगांव में मुलाकात की, यह मुलाकात राजनांदगांव शहर में सोनी परिवार में आयोजित एक वैवाहिक समारोह के दौरान हुई। इस दौरान जहां पूर्व पार्षद मनोज सोनी ने अभिषेक सिंह का स्वागत- अभिनंदन करते हुए उन्हें शक्ति आने का निमंत्रण दिया तो वहीं अभिषेक सिंह ने भी सोनी परिवार के इस आमंत्रण को स्वीकार करते हुए शीघ्र ही शक्ति आने की बात कही, तथा वैवाहिक समारोह में पहुंचे अभिषेक सिंह ने नव युगल जोड़े को भी अपना आशीर्वाद प्रदान किया। साथ ही इस दौरान पूर्व पार्षद मनोज सोनी ने भी अभिषेक सिंह से विभिन्न राजनीतिक विषयों पर भी चर्चा की साथ ही बताया कि उनके सांसद रहते हुए राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में भी विकास के ढेरों काम हुए हैं, तथा प्रदेश के युवाओं के भी अभिषेक सिंह प्रेरणास्त्रोत हैं, वहीं अभिषेक सिंह ने शक्ति क्षेत्र के लोगों का हाल-चाल भी जाना।

# पॉलीथिन के खिलाफ 13 दुकानदारों से निगम ने 1100 रुपए का जुर्माना वसूला

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देश पर आज बाजार विभाग की अमले ने पटेल चौक व इंदिरा मार्केट मछली मार्केट में 13 दुकानदारो से प्रतिबंधित पॉलिथीन जप्त की कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित पॉलीथिन रखने वालों से 1100 रुपए का जुर्मानालिया. निगम अब पॉलिथीन के प्रयोगकरनेवालों को किसी भी तरह से रियायत देने के पक्ष में नहीं है. 75 माइक्रोन से कम मोटाई के पॉलीथिन प्रतिबंधित करने के बाद भी पॉलिथीन के खिलाफ छापेमारी की कार्रवाई शुरू की. नोडल अधिकारी एवं अनुज्ञापन अधिकारी जावेद अली,प्रभारी बाजार अधिकारी थानसिंग यादव, ईश्वर वर्मा, भुवानदास साहू एवं टीम ने पटेल चौक,इंद्रिरा मार्केट मछली बाजार दुकानदारों में छापेमारी की कार्रवाई की. पॉलीथिन जब्त किया गया. इसके साथ ही 75 माइक्रोनसेकम मोटाई के पॉलिथीन बिक्री करने पर 13 दुकानदारों से 50-100 का जुर्माना भी वसूला गया. कुल 1100 वसूले इन दुकानों में प्रतिबंधित पॉलिथीन मिला. मार्केट क्षेत्र में आसपास के सब्जी दुकानदारों को समझाया गया कि पॉलीथिन का उपयोग न करने की चेतावनी दी गई।

## अपहरण एवं दुष्कर्म के आरोपी व बिधि से संघर्षरत बालको को भेजा गया न्यायिक रिमाण्ड पर

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



थाना क्षेत्र निवासी प्रार्थी दिनांक 24/12/21 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिक लडकी को कोई अज्ञात व्यक्ति अपहरण कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 378/2021 धारा - 363 एंव पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया था । प्रकरण मे पुलिस अधीक्षक डां लाल उमेद सिंह के दिशा निर्देश एवं, अति. पु. अधी. मनिषा ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी जगदीश उइके के मार्ग दर्शन मे थाना प्रभारी बोड़ला के नेतृत्व मे विशेष टीम तैयार कर अपहृत बालिका का पतासाजी हेतु विशेष अभियान चलाया जाकर अथक प्रयास एवं उत्कृष्ट पुलिसिंग के माध्यम से अपहृत बालिका को बरामद किया गया था। अपहृत बालिका को आरोपी आशिक उर्फ पंचम अगरिया पिता तेजलाल अगरिया उम्र 19 वर्ष साकिन सुखझर थाना तरेगाव व उसके दो दोस्त विधि से संघर्षरत बालको के द्वारा घटना को अंजाम देकर अपने निवास से फरार हो गये थे ।बोड़ला पुलिस को दिनांक 22/01/22 को मुखबिर सूचना व तकनीकी शाखा कबीरधाम से मिली जानकारी के आधार पर प्रकरण के आरोपी व अपचारी बालको को पूछताछ पश्चात साक्ष्य सबूत के आधार पर धारा - 363,366,376(2),34 भादवि. 6 पोस्को एक्ट का अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपी व बिधि से संघर्षरत बालको के विरूध्द विधिसंगत कार्यवाही कर गिरफ्तार कर न्यायालय कबीरधाम मे न्यायिक रिमांड हेतु पेश किया गया। उक्त कार्यवाही मे सहायक उप निरीक्षक राजेश्वरी ठाकुर, प्रआर. बलिराम महोबिया, प्रआर नरेंद्र नेताम आरक्षक संजू , नन्हे नेताम, तरुण पटेल व पिपरिया थाने से सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मीकांत प्रधान आरक्षक चंद्रवंसी आरक्षक बिजय चंद्रवंसी व कवर्धा साइबर सेल का विशेष योगदान रहा।

# कोविड का दूसरा टीका क्यों जरूरी है, विषय पर स्कूली बच्चों के बीच निबन्ध प्रतियोगिता

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा डोमन सिंह के निर्देशानुसार जिले में कोरोना टीकाकरण के संबंध में जागरूकता फैलाने के लिए हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। इस क्रम में स्कूली बच्चों के बीच 24 एवं 25 जनवरी को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। निबन्ध का विषय - कोविड का दूसरा टीका लगाना क्यों जरूरी है, रखा गया है। बच्चे अपने घर पर निबंध लिखकर निर्धारित तिथि पर स्कूलों में जमा करेंगे। प्रतियोगिता प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्तर तक चार वर्गों में होगी। जिला शिक्षा अधिकारी सी.एस. /ध्रुव ने इस संबंध में बताया कि इस प्रतियोगिता में विद्यार्थी अपने घर में निबंध का लेखन कर निर्धारित तिथि के भीतर अपने विद्यालय में जमा करेंगे। जिसका मूल्यांकन संबंधित संस्था के शिक्षकों द्वारा किया जावेगा। इस प्रतियोगिता में कक्षा 5 से 12 तक अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों की सहभागिता अनिवार्य रहेगा। प्रतियोगिता के प्रथम तीन विजेताओं को विद्यालय स्तर पर पुरस्कृत किया जावेगा। निबंध प्रतियोगिता चार स्तरों क्रमशः प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी स्कूल स्तर पर होगा। प्राथमिक स्तर पर संबंधित विद्यालय के केवल कक्षा पांचवीं के सभी विद्यार्थियों के बीच प्रतियोगिता होगी। उच्च प्राथमिक स्तर पर संबंधित विद्यालय के कक्षा छ्ः से आठ तक के सभी विद्यार्थियों, हाई स्कूल स्तर पर संबंधित विद्यालय के कक्षा 9 एवं 10 के सभी विद्यार्थियों एवं हायर सेकण्डरी स्तर पर संबंधित विद्यालय के कक्षा 11 एवं 12 के सभी विद्यार्थियों के बीच प्रतियोगिता होगी। सभी स्तर पर निबंध प्रतियोगिता का विषय ÷कोविड - 19 टीकाकरण का दूसरा डोज जरूरी क्यों है पर आधारित होगा। जिला मिशन समन्वयक आर.सोमेश्वर राव ने प्रतियोगिता हेतु निर्धारित समयावधि बताते हुए कहा कि विद्यार्थियों द्वारा निबंध प्रतियोगिता लेखन दिनांक 24 एवं 25 जनवरी 2022 को, विद्यालय में निबंध लेखन जमा दिनांक 27 जनवरी 2022 एवं दिनांक 28 जनवरी2022 को, विद्यालय स्तर पर निबंध लेखन का मूल्यांकन दिनांक 29 जनवरी2022 तक एवं विद्यालय स्तर पर निबंध प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा दिनांक 31 जनवरी 2022 को की जावेगी। संकुल अंतर्गत संचालित शालाओं के संस्था प्रमुख प्रतियोगिता आयोजन संबंधी प्रतिवेदन संकुल केन्द्र में दिनांक 1 फरवरी 2022 को जमा करेंगे। विद्यालय स्तर पर प्रतियोगिता संपन्न कराने उपरांत संकुल स्तर पर 4 फरवरी से 8 फरवरी 2022 तक, विकासखण्ड स्तर पर 10 फरवरी से 12 फरवरी 2022 तक तथा जिला स्तर पर 15 फरवरी से 18 फरवरी 2022 तक संपन्न होगा। प्रत्येक स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को पुरस्कृत किया जायेगा। विकासखण्ड एवं जिला स्तर पर विजेताओं को पुरस्कृत करने के साथ-साथ प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया जावेगा। विद्यार्थी अपने घर में केवल एक बार निबंध लेखन कर निबंध को विद्यालय में जमा करेंगे। उसके बाद उन्हे पुनः निबंध लेखन की आवश्यकता नही होगा। संकुल/विकासखण्ड/जिला स्तर पर विद्यार्थियों के निबंध लेखन का केवल प्रदर्शन होगा। जिसका मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा तुलनात्मक मूल्यांकन किया जावेगा। सभी स्तर के विद्यार्थियों के निबंध प्रतियोगिता लेखन पर 10 अंक निर्धारित किया गया है।

## 15 साल कि अनुकृति ने शास्त्रीय नृत्य कत्थक में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनाई हैं अपनी पहचान

■ **5 साल की उम्र से अपने नाम के अनुरूप जाकर इस मुकाम पर हैं पहुंची**

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



बेटियों ने अपने हौसलों से हर मुश्किल आसान की है। अब बेटियां बदलाव की स्याही से जिंदगी की इबारत लिख रही है। जिले की एक बेटी जो आज अपने छोटे से उम्र में बड़े बड़ो के लिए एक मिशाल बनकर उभरी हैं। महज 15 साल की उम्र में ही एक तरफ अपनी स्कूली शिक्षा में दक्षता हासिल की तो वही इस आधुनिक युग में कत्थक नृत्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर तक प्रदर्शन कर कई अवार्ड भी हासिल कर चुकी हैं। यही नही स्कूली शिक्षा के अलावा आज छत्तीसगढ़ के एकमात्र संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में भी इस कथक नृत्य का विषय लेकर डिप्लोमा कोर्स भी कर रही हैं। इस बेटी का नाम अनुकृति मानस हैं। जो महज 5 साल की उम्र से अपने नाम के अनुरूप जाकर इस मुकाम पर पहुंची हैं। इस छोटी सी बालिका अनुकृति की आज के पाश्चात्यकला को चुनौती देते हुए पुराने संस्कृति शास्त्रीय नृत्य को सहेजने की दिशा में इस अनोखी पहल की चर्चा प्रदेश भर में हो रही है।

**अपना नृत्य पूरी दुनिया को दिखाना चाहती हूं- अनुकृति**

जिले में लौहनगरी के नाम से मशहूर दल्लीराजहरा की रहने वाली 15 वर्षीय बेटी अनुकृति मानस 5 साल की उम्र से ही कत्थक सीख रही है। अनुकृति के पिता मुकेश कुमार मानस माइंस में कार्यरत है और माता किरण मानस हाउस वाइफ हैं। अब तक अनुकृति ने नेपाल, आजमगढ़, जमशेदपुर सहित विभिन्न स्थानों में अपनी प्रस्तुति दी है और कई अवार्ड भी अपने नाम किये हैं। अनुकृति छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ स्तिथ एकमात्र इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय से 8 साल का कथक नृत्य का विषय लेकर डिप्लोमा कोर्स भी कर रही है। वर्तमान में अनुकृति को कोर्स करते 6 साल हो गए है। अनुकृति ने पायनियर से चर्चा में बताया कि बचपन से ही टेलीविजन में कत्थक नृत्य देखकर नृत्य करने का मन किया। अच्छे से तैयार होकर पैरों में घुंघरू बांधकर कत्थक नृत्य करने में बहुत खुशी होती है। अनुकृति आगे बताया है कि कत्थक नृत्य धीरे धीरे विलुप्त होते जा रहा है। लेकिन वे इसे आगे लेकर जाना चाहती है और अपना नृत्य पूरी दुनिया को दिखाना चाहती है।

**प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री के कार्यो से प्रभावित होकर रिसाली नगर निगम की माताओं एवं बहनों ने कांग्रेस प्रवेश किया**

# 100 से अधिक माताओं एवं बहनों ने थामा कांग्रेस पार्टी का दामन

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



**दुर्ग।** ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत रिसाली नगर निगम के वार्ड 16 एवं वार्ड 20 के 100 से अधिक माताओं एवं बहनों ने प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू एवं पीसीसी महामंत्री जितेंद्र साहू की उपस्थिति में और पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी हेमंत बंजारे के मार्गदर्शन एवं वार्ड पार्षद चन्द्रप्रकाश सिंह, विनय नेताम तथा सामज सेवी शत्रुहण धनकर के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधानसभा से विधायक एवं प्रदेश के गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने सभी माताओं एवं बहनों को गमछा पहनाकर कांग्रेस परिवार में स्वागत किया। साहू ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री के कार्यों से प्रभावित होकर रिसाली नगर निगम की माताओं एवं बहनों ने कांग्रेस प्रवेश किया है। मैं आशा करता हूं कि आप सभी मिलकर कांग्रेस पार्टी को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे और साथ ही नए मुकाम तक पहुंचाएंगे। आप सभी का कांग्रेस पार्टी में स्वागत करता हूँ और आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस के पदाधिकारीगण उपस्थित थे। इन महिलाओं ने किया कांग्रेस प्रवेश; आशा चन्द्राकर, बसन्ती साहू, द्रोपदी जयसवाल, पुष्पा साहू, सन्तोषी, सुमित्रा ठाकुर, लता निषाद, वैजन्ती साहू, कमला सिन्हा, आहिल्या साहू, चित्ररेखा साहू, टिकेश्वरी साहू, दुलारी साहू, मधु सोरी, प्रेमा साहू, अंजनी देशमुख, सोनिया ठाकुर, लक्ष्मी नेताम, चन्द्रकुमारी अनुसुईया दुबे, गोमती, सरिता देवी, शारदा देवी, गीता देवी, उषा देवी, गीता जोशी, कविता साहू, आहिलिया ,मीनू मेहता, रेखा देवी, शारदा सोनी, दीप देशलहरे, आशा वर्मा, कमला भारती, कुंती निषाद, ज्ञानती देवी, सावित्री नायक, विमल देवी, संजू चौधरी, अनिता, बसन्ती देवी, पुष्पा देवी, कुसुम, सरिता, सन्तु, रायमनी सुनीता, बिसन्तिन ठाकुर, हेमलता साहू, चमेली, मालती, लेखनी वर्मा, सहनी वर्मा, रेणु, गीतांजलि, ओमेश्वरी, सुभद्रा पाल, दिवस यादव, माधुरी यादव, हेमलता साहू, कविता, दनेश्वरी साहू, किरण सोनी, देव कुमारी, शांति, संगीता, पद्मा सोरी, रखी नायर, गिरजा सोनी विमला सोनी, कामनी चन्द्राकर, कमलेश्वरी, सुनीता बघेल, रेणु, गयत्री, अन्नू, संगीता साहू, सोन बाई विश्कर्मा, सोन बाई ठाकुर, भेमिन साहू, नीबू निषद नमिति मंडावी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

DOC टॉक



डॉ. सुश्रुत गणपुले
सलाहकार, पल्मोनोजिस्ट
जुपिटर अस्पताल, पुणे

# खतरनाक हो सकता है फेफड़ों में संक्रमण



**फेफड़े** हमारे शरीर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं इसलिए फेफड़ों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना आवश्यक है। कई बार हम उन्हें हल्के में लेने की प्रवृत्ति रखते हैं, हालांकि, शरीर के अन्य हिस्सों की तरह, वे भी समय के साथ बूढ़े हो जाते हैं। वे अपनी ताकत खो देते हैं और कम लचीले हो जाते हैं, जिसके परिणामस्वरूप सांस लेने में कठिनाई होती है।

हालांकि हमारा शरीर गंदगी व कीटाणुओं को दूर रखकर फेफड़ों की रक्षा करता है, मगर हम कुछ स्वस्थ आदतों को अपनाकर अपने फेफड़ों का स्वास्थ्य बनाए रख सकते हैं और इनकी बीमारी के जोखिम को कम कर सकते हैं।

**धूम्रपान से दूर रहें** – धूम्रपान न करें और धुम्रपान के धुएं से भी दूर रहें। धूम्रपान फेफड़ों के कैंसर और सीओपीडी जैसे फेफड़ों के रोगों का एक प्रमुख कारण माना जाता है। इसके अलावा, धूम्रपान छोड़ने में कभी देर नहीं होती क्योंकि व्यक्ति के सिगरेट का बट छोड़ने के बाद फेफड़े लगभग तुरंत ठीक होने लगते हैं। धूम्रपान छोड़ने के दस साल बाद, फेफड़ों के कैंसर होने का जोखिम वर्तमान धूम्रपान करने वालों की तुलना में लगभग आधा हो जाता है।

**प्रदूषकों के संपर्क में आने के जोखिम को नियंत्रित करें** – इनडोर और आउटडोर प्रदूषकों के संपर्क में आने से बचें क्योंकि यह आपके फेफड़ों को नुकसान पहुंचा सकता है और बुढ़ापे में तेजी ला सकता है। फेफड़े युवा और मजबूत होने पर विषाक्त पदार्थों के खिलाफ आसानी से मजबूत रह सकते हैं, हालांकि, उम्र के साथ, वे क्षति के लिए अधिक संवेदनशील होते हैं और बीमारी के प्रति अधिक संभावित हो जाते हैं। जितना संभव हो सके बाहरी प्रदूषकों के संपर्क को कम करना सबसे अच्छा है :

- वायु प्रदूषण के चरमोत्कर्ष काल में घर से बाहर निकलने से बचें।
- भारी ट्रैफिक के नजदीक व्यायाम करने से बचें।
- काम पर प्रदूषकों के संपर्क में आने पर संभावित सुरक्षा सावधानी बरतें।
- विषाक्त कणों को छानने के लिए जब भी और जहां भी संभव हो मास्क पहनें।

**इनडोर वायु प्रदूषण को आऊटडोर से भी बदतर बताया गया है, इनडोर वायु प्रदूषण को कम करने के लिए पर्याप्त कदम उठाएं जैसे :**

- धूल, फफूंदी और अन्य प्रदूषकों को दूर रखने के लिए अपने घरों को यथासंभव स्वच्छ रखें।
- घर की सफाई के लिए प्राकृतिक उत्पादों का इस्तेमाल करें। सेकेंड हैंड धुएं के संपर्क से बचने के लिए अपने घर को धूम्रपान मुक्त रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।
- बायोमास के संपर्क में आने से बचें जो आमतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जाता है। इसकी जगह एलपीजी या प्राकृतिक गैस का प्रयोग करें। जहां भी एक्सपोजर अपरिहार्य हो वहां मास्क का प्रयोग करें।
- घरों के अंदर उचित वेंटिलेशन सुनिश्चित करें।
- सिंथेटिक एयर फ्रेशनर, परफ्यूम और जोस स्टिक (अगरबत्ती) में पाए जाने वाले बेंजीन और फॉर्मलाडेहाइड जैसे रसायनों के संपर्क में आने से बचें।

**नियमित व्यायाम**– व्यायाम एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सक्रिय रहने से आपके फेफड़े स्वस्थ रहते हैं और यहां तक कि कुछ दीर्घकालिक फेफ्ड़ों की स्थिति के लक्षणों में भी सुधार होता है।

मजबूत, स्वस्थ फेफड़े बनाने के लिए सप्ताह में पांच दिन कम से कम 30 मिनट के लिए जिम जाना, टहलना या दौड़ना जैसे किसी भी प्रकार का व्यायाम करें। हालांकि, अगर आपको पहले से ही सांस लेने में समस्या है, तो अपने संबंधित स्वास्थ्य देखभाल चिकित्सक से बात करना सुनिश्चित करें। इन मामलों में सांस की तकलीफ को दूर करने के लिए विशेष व्यायाम की आवश्यकता होती है।

**संक्रमण को रोकें**– जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है, फेफड़ों का कोई भी संक्रमण खतरनाक हो सकता है। यह बुजुर्गों में मौत का एक आम कारण है। फेफड़ों के गंभीर संक्रमण से बचने के लिए कुछ कदम उठाए जा सकते हैं। अपने हाथों को नियमित रूप से साबुन से धोकर साफ रखें और अपने चेहरे को छूने से बचें। भीड़-भाड़ वाली जगहों से बचें, सामाजिक समारोहों में उचित सावधानी बरतें और बीमार लोगों से दूर रहें। बीमार होने पर खूब पानी पीते रहने से आपके फेफड़ों को बेहतर तरीके से काम करने में मदद मिलती है। बुखार, सीने में दर्द और कफ होने की स्थिति में जितनी जल्दी हो सके स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर के पास जाना महत्वपूर्ण है।

**टीका लगवाएं**– 65 वर्ष से अधिक आयु वाले सभी व्यक्तियों को न्यूमोकोकल वैक्सीन लगवानी चाहिए, जिन लोगों को अन्य सहवर्ती रोग हैं, वे इसे पहले ले सकते हैं। पहले से मौजूद फेफड़ों की समस्या वाले या जटिल फ्लू विकसित होने का उच्च जोखिम वाले प्रत्येक व्यक्ति को हर साल फ्लू शॉट प्राप्त करना चाहिए।

## स्वास्थ्यवर्धक आहार

### मूली

**मूली** में कैटेचिन, पाइरोगॉलोल, वैनिलिक एसिड और अन्य फेनोलिक कंपाऊंड्स सहित एंटीऑक्सिडेंट प्रचुर मात्रा में होते हैं। विटामिन सी, जो आपकी कोशिकाओं को नुकसान से बचाने के लिए एक एंटीऑक्सिडेंट के रूप में कार्य करता है, इन जड़ वाली सब्जियों में ज्यादा होता है। मूली में पाए जाने वाले रासायनिक कंपाऊंड्स, जैसे कि ग्लूकोसाइनोलेट और आइसोथियोसाइनेट, रक्त शर्करा के स्तर को प्रबंधित करने में मदद कर सकते हैं। मूली में इंडोल-3-कार्बिनोल और 4-मिथाइलथियो-3-ब्यूटेनाइल-आइसोथियोसाइनेट शामिल हैं, अन्य रसायनों के बीच, जो लीवर को विषाक्तमुक्त और ठीक करने में सहायता करते हैं। यही अणु गुर्दे के माध्यम से विषाक्त पदार्थों को खत्म करने में सहायता करते हैं। मूली में कैल्शियम और पोटैशियम जैसे एंटीऑक्सीडेंट और मिनरल्स प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। ये पोषक तत्व रक्तचाप को कम करने और हृदय रोगों के जोखिम को कम करने के लिए मिलकर काम करते हैं।






# इन मिथकों को दें मात

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, ग्लूकोमा दुनिया में अंधेपन का दूसरा प्रमुख कारण है। डॉ. शेफाली पारिख का कहना है कि इस बीमारी को लेकर कई तरह की भ्रांतियां हैं, जो मरीजों को गलत जानकारी दे सकती हैं

**भारत में,** ग्लूकोमा स्थायी अंधेपन का प्रमुख कारण है, जिसमें लगभग 12 मिलियन लोग प्रभावित हैं और लगभग 1.2 मिलियन लोग इस बीमारी से अंधे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, ग्लूकोमा दुनिया में अंधेपन का दूसरा प्रमुख कारण है। ग्लूकोमा हर उम्र के लोगों को प्रभावित कर सकता है, लेकिन उम्र के साथ इस बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। ग्लूकोमा ऐसी सामान्य आंख की स्थिति होती है जो आंखों की ऑप्टिक नसों को प्रभावित करती है। ये ऑप्टिक नसें आंख से मस्तिष्क तक सूचना को संसाधित करने हेतु ले जाने के लिए जिम्मेदार होती हैं। इस प्रकार, जब ऑप्टिक तंत्रिका क्षतिग्रस्त हो जाती है, तो इससे दृष्टि हानि होती है, और गंभीर मामलों में, स्थायी दृष्टि हानि होती है। दुर्भाग्य से, इस बीमारी के बारे में बहुत सी भ्रांतियाँ हैं जो रोगियों को गलत जानकारी दे सकती हैं।

## ग्लूकोमा संबंधी पांच सबसे आम भ्रांतियां

**ग्लूकोमा केवल बुजुर्गों को प्रभावित करता है**

हालांकि यह निश्चित रूप से सच है कि 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों में 40 वर्ष की आयु के लोगों की तुलना में ग्लूकोमा विकसित होने की संभावना अधिक होती है, मगर यह 20-50 आयु वर्ग के लोगों के साथ-साथ शिशुओं को भी प्रभावित कर सकता है। उदाहरण के लिए, कुछ शिशुओं को जन्म से ग्लूकोमा हो सकता है (जिसे जन्मजात ग्लूकोमा कहा जाता है), जबकि अन्य बच्चों को अन्य नेत्र रोग होते हैं जो द्वितीयक ग्लूकोमा का कारण बनते हैं।

वयस्कों के लिए भी यही सच है- किसी को आंख की समस्या हो सकती है, उदाहरण के लिए, यूवेइटिस, मधुमेह जिसके परिणामस्वरूप माध्यमिक ग्लूकोमा होता है। अन्य प्रकार के ग्लूकोमा अक्सर 20 से 50 वर्ष की आयु के रोगियों में प्रकट हो सकते हैं जैसे पिगमेंटरी ग्लूकोमा।

**ग्लूकोमा की शुरुआत के दौरान लक्षण नजर आते हैं**

ओपन-एंगल ग्लूकोमा, जो ग्लूकोमा का सबसे आम रूप है, बाद के चरणों तक कोई संकेत या लक्षण प्रदर्शित नहीं करता है जब दृष्टि हानि होती है। भले ही लोग सोच सकते हैं कि आंखों के बढ़ते दबाव में दर्द होता है, लेकिन ऐसा नहीं होता है। इसके अलावा, जैसा कि परिधीय दृष्टि आमतौर पर पहले बहुत धीरे-धीरे कमजोर होती जाती है, कि व्यक्ति किसी भी दृष्टि हानि को तब तक नहीं पहचान सकता जब तक कि दृष्टि महत्वपूर्ण रूप से खराब न हो जाए। ग्लूकोमा का पता लगाने का एकमात्र तरीका है आंखों की व्यापक जांच कराई जाए।

**ग्लूकोमा को रोका नहीं जा सकता**

नियमित और दैनिक आंखों की जांच निश्चित रूप से ग्लूकोमा से संबंधित अंधेपन की रोकथाम में मदद कर सकती है। हालांकि यह सच है कि ग्लूकोमा के कारण हुई दृष्टि हानि को वापस अर्जित नहीं किया जा सकता है, मगर एक नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा नियमित रूप से आंखों की जांच कराने से आंखों के दबाव की माप निश्चित रूप से बीमारी के कारण होने वाले अंधेपन को रोकने में एक लंबा रास्ता तय कर सकती है। ग्लूकोमा विशेषज्ञों के अनुसार, यदि कोई ग्लूकोमा जोखिम संबंधी कारक नहीं हैं, और चालीस साल की शुरुआत होने पर हर दो वर्ष में आंखों की जांच करा लेनी चाहिए, लेकिन यदि कोई उच्च जोखिम है या 65 से अधिक की आयु है, प्रत्येक वर्ष आंखों की जांच कराना महत्वपूर्ण है।



डॉ. शेफाली पारिख
ग्लूकोमा विशेषज्ञ
श्रीजी आई क्लिनिक
अंधेरी, मुंबई

ग्लूकोमा ऐसी सामान्य आंख की स्थिति होती है जो आंखों की ऑप्टिक नसों को प्रभावित करती है। ये ऑप्टिक नसें आंख से मस्तिष्क तक सूचना को संसाधित करने हेतु ले जाने के लिए जिम्मेदार होती हैं।

**ग्लूकोमा परीक्षण दर्दनाक हो सकता है**

ग्लूकोमा का परीक्षण बिल्कुल भी दर्दनाक नहीं होता है। ग्लूकोमा के लिए विभिन्न प्रकार के परीक्षण होते हैं। गोल्डमैन एप्लायनेशन टोनोमेट्री के रूप में जाना जाने वाला एक परीक्षण भी है जहां रोगियों की प्रत्येक आंख में दर्द रहित आखों की दवा डाली जाती है। नेत्र रोग विशेषज्ञ तब प्रत्येक आंख पर एक नीली रोशनी निर्देशित करता है और एक ऐसे उपकरण से देखता है जो अंतःस्रावी दबाव को सटीक रूप से मापता है। यह टेस्ट जल्दी और दर्द रहित भी होता है। भारतीय परिदृश्यों में प्रचलित दो सबसे आम ग्लूकोमा के बीच अंतर करने के लिए गोनियोलेंस नामक लेंस के साथ कोण का आकलन बहुत महत्वपूर्ण है। अन्य परीक्षणों में परिधि के साथ दृश्य क्षेत्र का परीक्षण और इमेजिंग तकनीक के साथ ऑप्टिक तंत्रिका की स्कैनिंग शामिल है।

**ग्लूकोमा अनुवांशिक होता है**

ग्लूकोमा के कुछ प्रकार वंशानुगत होते हैं, और ग्लूकोमा का पारिवारिक इतिहास एक जोखिम कारक है, इसमें कोई संदेह नहीं है। लेकिन ग्लूकोमा के कई मरीज ऐसे हैं जो अपने परिवार में अकेले होते हैं जिन्हें इस बीमारी का पता चलता है।

यह भी संभव है कि कोई प्रबल पारिवारिक इतिहास न हो क्योंकि परिवार के प्रत्येक सदस्य की उचित जांच नहीं की गई है। इस प्रकार, यह महत्वपूर्ण है कि ग्लूकोमा के रोगियों को अपने निदान को अपने परिवार के सदस्यों के साथ साझा करना चाहिए और उन्हें अपनी आंखों की जांच कराने के लिए कहना चाहिए।

ग्लूकोमा से जुड़े मिथकों पर विश्वास करना बंद करें और अपने नेत्र स्वास्थ्य को बनाए रखने और उसकी रक्षा करने के लिए अपने नेत्र चिकित्सक के साथ काम करें। ग्लूकोमा को ठीक नहीं किया जा सकता है लेकिन निश्चित रूप से ग्लूकोमा के कारण होने वाले अंधेपन को रोका जा सकता है यदि शीघ्र निदान किया जाए।

**लेखक डॉ. शेफाली पारिख, श्रीजी आई क्लिनिक, अंधेरी, मुंबई में ग्लूकोमा विशेषज्ञ हैं**


# इस बार जोड़ों के दर्द से पाएं छुटकारा

**डॉ. विवेक महाजन** का कहना है कि कम तापमान जोड़ों का दर्द बढ़ा देता है। अब जब मौसम ठंडा हो रहा है, तो अपनी हड्डियों पर ध्यान देना ज्यादा जरूरी है

**सर्दी** के मौसम में गठिया के मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। गठिया को एक या एक से अधिक जोड़ों की सूजन के रूप में परिभाषित किया गया है, जिसमें जोड़ों की परेशानी सबसे आम लक्षण है, जो अक्सर उम्र बढ़ने के साथ खराब हो जाते हैं। गठिया के दो सबसे आम प्रकार हैं - ऑस्टियोआर्थराइटिस और रुमेटाइड गठिया।

**घुटने का दर्द**– घुटने का पुराना दर्द घुटने की हड्डी में लिगामेंट की कमी और हड्डी के घिसाव के कारण होता है। 50 वर्ष से अधिक उम्र के वयस्कों में घुटने की परेशानी ज्यादा आम है। अधिक वजन वाले लोगों में यह स्थिति विकसित होने का अधिक जोखिम होता है। यह एक ऐसी बीमारी है जो पीढ़ियों से चली आ रही है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं में यह स्थिति होने की संभावना अधिक होती है।

**जोड़ों की जकड़न**– ठंड की स्थिति में, मांसपेशियों में ऐंठन होने की संभावना अधिक होती है, जिसके परिणामस्वरूप जोड़ों में अधिक परेशानी और जकड़न होती है। ठंड के मौसम में उंगलियों और पैर की उंगलियों में रक्त-परिसंचरण कम हो जाता है, जिससे गठिया की परेशानी बढ़ जाती है। कम तापमान जोड़ों के तरल पदार्थ को गाढ़ा कर सकता है, जिससे जोड़ कठोर हो जाते हैं और हिलना मुश्किल हो जाता है।



डॉ. विवेक महाजन
हड्डी रोग और संयुक्त प्रतिस्थापन सर्जन
इंडियन स्पाइनल इंजरी सेंटर, नई दिल्ली

पूरे सर्दियों में कम धूप के परिणामस्वरूप विटामिन डी का स्तर गिर जाता है, जिससे भंगुर हड्डियां और जोड़ हो सकते हैं।

**गठिया के दर्द को रोकें विटामिन डी :** सर्दियों में सूरज की रोशनी की कमी के कारण जोड़ों की परेशानी बढ़ सकती है, जिससे शरीर की विटामिन डी को संश्लेषित करने की क्षमता घट जाती है। इसलिए सर्दियों के दौरान भी पर्याप्त धूप लेना महत्वपूर्ण है। यदि आप विटामिन डी कैप्सूल लेने का इरादा रखते हैं, तो पहले अपने डॉक्टर से परामर्श करना सुनिश्चित करें।

**नियमित रूप से व्यायाम करें :** सर्दियों के दौरान, लोगों की फिटनेस दिनचर्या ठप हो जाते हैं। इससे न केवल आपका वजन बढ़ सकता है, बल्कि इससे अन्य समस्याएं भी हो सकती हैं। गठिया के दर्द को कम करने के लिए फिटनेस कार्यक्रम शुरू करने से पहले अपने चिकित्सक से परामर्श लें। हर दिन कम से कम 30-40 मिनट व्यायाम करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा, प्रतिदिन लगभग 8 घंटे की अच्छी नींद लें।

**गर्म कपड़े पहनें :** स्वयं को सुरक्षित रखने के लिए कपड़ों की अतिरिक्त परतों के साथ उचित रूप से ढंकें। डॉक्टर ठंडे फर्श पर बैठने की सलाह नहीं देते क्योंकि इससे दर्द बढ़ सकता है। सीढ़ियां चढ़ने से भी बचें, क्योंकि इससे आपके जोड़ों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। अगर आप घर पर हैं तो भी बिना गर्म मोजे के न घूमें। पैरों की सुरक्षा के लिए हमेशा ऊनी मोजे ही पहनने चाहिए। गठिया के दर्द से राहत पाने के लिए गर्म पानी का प्रयोग करें।

**स्वस्थ आहार :** पूरे वर्ष सामान्य से अधिक फल और सब्जियां खाने की कोशिश करें। ताजे फल और सब्जियों का ही सेवन करें। अंडे, दही और कई प्रकार की मछलियों में पाया जाने वाला विटामिन बी12 होमोसिस्टीन के स्तर को कम करने में मदद करता है। रक्त में होमोसिस्टीन के स्तर को हृदय संबंधी जटिलताओं के विकास के बढ़ते खतरे से जोड़ा गया है।

इसी तरह, विटामिन बी6 जोड़ों की सूजन को कम करने में मदद कर सकता है। गाजर, पालक, शकरकंद और केला कुछ आम विटामिन बी6 से भरपूर खाद्य पदार्थ हैं। अगर आप विटामिन या सप्लीमेंट लेने के बारे में सोच रहे हैं, तो पहले डॉक्टर से बात करें

क्योंकि हर किसी की जरूरतें अलग-अलग होती हैं। स्वस्थ आहार का पालन करते हुए शराब और परिष्कृत शर्करा से बचना भी जरूरी है। अगर सर्दियों में इन चीजों का अधिक मात्रा में सेवन किया जाए तो यह दर्द को बढ़ा सकता है।

**हाइड्रेटेड रहें :** सर्दियों में पानी की खपत कम हो जाती है। इससे आर्थराइटिस के मरीजों को परेशानी हो सकती है। आपके शरीर के समुचित कार्य के लिए पर्याप्त पानी पीना महत्वपूर्ण है। पर्याप्त रूप से हाइड्रेटेड रहने से आपके शरीर के तापमान को नियंत्रित करने, पाचन में सहायता करने और अन्य चीजों के अलावा आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। इसके अलावा, अधिक पानी पीने के परिणामस्वरूप बाथरूम में अतिरिक्त पैदल चलना आपके दिन में थोड़ी अधिक गतिशीलता जोड़ने का एक आसान तरीका है।

**–लेखक डॉ. विवेक महाजन,** भारतीय स्पाइनल इंजरी सेंटर, नई दिल्ली में हड्डी रोग और जोड़ प्रतिरोपण सर्जन हैं

# स्वस्थ संकल्प करें



छुट्टियों के मौसम के उत्साह के साथ, अब समय आ गया है कि हम एक स्वस्थ सौंदर्य आहार को प्राथमिकता दें। स्वस्थ बालों और त्वचा के लिए छह संकल्प साझा कर रहे हैं
**डॉ. सचिन पवार**

### अच्छी नींद की आदत बनाएं

उचित नींद स्वच्छता विकसित करने के संकल्प के लिए नया साल सही समय है। यह न केवल आपको अच्छी तरह से आराम देता है, बल्कि रात की अच्छी नींद लेना आपके बालों और त्वचा दोनों के लिए फायदेमंद होता है। जैसे ही आप सोते हैं, आपका शरीर त्वचा में रक्त-प्रवाह को बढ़ाता है, इसे ढीली पड़ने से रोकता है और एक स्वस्थ चमक देता है। नींद की कमी भी बालों के झड़ने, टूटने, क्षति का कारण बन सकती है, जो बालों के विकास को प्रभावित कर सकती है। हर दिन 7 से 9 घंटे की नींद आपको एक चमकदार रंगत विकसित करने में मदद कर सकती है।

### विटामिन ई का सेवन है जरूरी

परंपरागत रूप से, त्योहारों का मौसम, विशेष रूप से नए साल की पूर्व-संध्या सभी को सजाने और दावत देने से संबंधित होती है। ठीक है, मेकअप आपको ग्लैमर लुक दे सकता है, लेकिन संभावना है कि अगर आपने संतुलित और स्वस्थ आहार नहीं बनाए रखा तो आपकी त्वचा सुस्त दिख सकती है। इसका एक समाधान, जोकि बाहर से आपके रूप को नवीनीकृत करने के लिए अंदर से काम करता है, वो यह कि अपने आहार में विटामिन ई की दैनिक खुराक शामिल करें। हालांकि विटामिन ई रोजमर्रा के खाद्य पदार्थों में व्यापक रूप से उपलब्ध है, मगर आप विटामिन ई जोड़कर अपनी त्वचा और बालों के सेलुलर स्वास्थ्य को भी मजबूत कर सकती हैं। इसलिए इवियन आर फोर्ट जैसे सप्लीमेंट्स को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। प्राकृतिक एंटीऑक्सिडेंट आपकी कोशिकाओं की मरम्मत, पुनर्स्थापना और पुनर्जीवित करने के लिए सेलुलर स्तर पर काम करते हैं, इस प्रकार, आपकी त्वचा को नुकसान से बचाते हैं और खोपड़ी के माइक्रोसरकुलेशन और ऑक्सीजन का समर्थन करते हैं। इसके सूजन या जलनरोधक गुण आपकी त्वचा को सूरज के कठोर प्रभाव से बचा सकते हैं।

### सूर्य और ताप से सुरक्षा

बाहरी तनाव आपके शरीर के मुक्त कणों का उत्पादन करने का कारण बनता है जो कोलेजन पर हमला करते हैं, प्रोटीन जो आपकी त्वचा को युवा और सुंदर रहने का अवसर देती है। मुक्त कणों के कारण होने वाले इस असंतुलन को ऑक्सीडेटिव तनाव के रूप में जाना जाता है। यह आपकी त्वचा की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाता है और कमजोर करता है, जिससे आपकी त्वचा थकी हुई और खराब दिखती है। इस दौरान त्वचा देखभाल दिनचर्या का होना और भी जरूरी हो जाता है। इसी तरह, बालों को नुकसान - पतले, भंगुर, सुस्त या सपाट बाल - कई कारकों के परिणामस्वरूप हो सकता है, जिनमें यूवी विकिरण और प्रदूषण जैसे पर्यावरणीय कारक शामिल होते हैं। सुनिश्चित करें कि आप अपने बालों को एक अच्छे हीट प्रोटेक्टेंट से तैयार करें। आपके नए साल के नवरूप के लिए एकदम सही, मजबूत और चमकदार बाल रखने की कुंजी स्वस्थ आदतों के साथ बालों की अच्छी देखभाल करना है।


### अपने शरीर को हाइड्रेट और पोषण दें

आप जितना अधिक हाइड्रेटेड रहेंगे, आपको उतनी ही कम झुर्रियां और बेहतर रंगत दिखाई देगी। पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से आपको कई तरह की त्वचा-समस्याओं से निपटने में मदद मिल सकती है और आपको चमकदार त्वचा मिल सकती है। एक हाइड्रेटेड शरीर भी बालों के विकास में परिणाम देता है क्योंकि यह खोपड़ी में सूखापन कम करता है और जड़ों से बालों के विकास को बढ़ावा देता है। हम अपने शरीर के लिए पोषण के महत्व को न भूलें। एक स्वस्थ शरीर और दिमाग को विटामिन और खनिजों समेत पोषक तत्वों की दैनिक खुराक की आवश्यकता होती है। अपने आहार में विटामिन ई युक्त खाद्य पदार्थों को शामिल करना युवा त्वचा और बालों को फिर से जीवंत करने के सबसे आसान तरीकों में से एक है।

**–लेखक इंडिया क्लस्टर,** प्रॉक्टर एंड गैंबल हेल्थ लिमिटेड -मेडिकल एंड टेक्निकल अफेयर्स में एमडी हेड हैं

# गृहमंत्री की पहल पर रिसाली व भिलाई निगम को बीएसपी से मिली जमीन एम.ओ.यू. होने के 32 साल बाद बीएसपी ने किया 290 एकड़ भूमि हस्तांतरित

पायनियर संवाददाता ➤ रिसाली
www.dailypioneer.com





दुर्ग ग्रामीण विधयक व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की पहल पर 32 साल बाद रिसाली और भिलाई नगर पालिक निगम को 290.26 एकड़ जमीन बीएसपी से मिला। कई दौर से चली आ रही संयंत्र प्रबंधन और जिला प्रशासन की बैठकों पर गृहमंत्री ने विराम लगाया। जमीन हस्तांतरण के एवज में गृहमंत्री की उपस्थिति में रिसाली नगर पालिक निगम ने 215539.00 रूपए का चेक भिलाई इस्पात संयंत्र को सौपा। साथ ही 151 एकड़ जमीन हस्तांतरण के लिए जल्द ओएमयू किया जाएगा। खास बात यह है कि साडा कार्यकाल के समय से वर्तमान भिलाई नगर पालिक सीमा क्षेत्र के 136.56 सकड़ जमीन और नवगठित रिसाली नगर पालिक निगम के सीमा में आने वाले 153.70 एकड़ जमीन को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया शुरू हुई थी। हस्तांतरण की राशि जमा करने 19 सितंबर 1990 को बीएसपी ने तत्कालीन कलेक्टर को पत्र लिखा था। इसके बाद आगे की प्रक्रिया पर विराम लग गया था। रिसाली नगर पालिक निगम के गठन पश्चात गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू भूमि हस्तांतरण के लिए लगातार बैठक करते रहे। परिणाम स्वरूप शनिवार को कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे बीएसपी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनिर्बान दास गुप्ता, रिसाली निगम आयुक्त आशीष देवांगन, भिलाई निगम के अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी की उपस्थिति में राशि हस्तांतरण कर 290 एकड़ भूमि रिसाली व भिलाई निगम के अभिलेख में दर्ज करने सहमति बनी। इस अवसर पर रिसाली निगम के महापौर शशि सिन्हा, भिलाई महापौर नीरज पाल, सभापति केशव बंछोर, एसडीएम विनय कुमार पोयाम आदि उपस्थित थे।

### जल्द 151 एकड़ के लिए एमओयू

नवगठित रिसाली नगर पालिक निगम विकास के लिए बीएसपी से लगातार भूमि की मांग कर रहा है। वर्तमान स्थिति में बीएसपी की जमीन अतिक्रमण की चपेट में है। कार्यालय, महाविद्यालय, अस्पताल निर्माण के लिए जगह की आवश्यकता है। इसे देखते हुए गृहमंत्री ने देर शाम अपने निवास में पुनः बैठल ली और अधिकारियों को निर्देश दिए कि 151 एकड़ जमीन हस्तांतरित करने शीघ्र कार्यवाही करें।

### उतई नगर पंचायत के लिए भी चर्चा

गृहमंत्री ने कलेक्टर की मौजूदगी में उतई नगर पंचायत के लिए भी जमीन उपलब्ध कराए जाने बीएसपी से चर्चा की। साहू ने कहा कि विकास के लिए उतई नगर पंचायत के पास भूमि नहीं है। बस स्टैण्ड की जमीन भी डूमरडीह खसरे की है। उन्होंने बीएसपी से कहा कि कॉलेज व उतई थाना से लगी भूमि भी उतई नगर पंचायत को हस्तांतरित करे।

### बीएसपी हटाएगा अतिक्रमण

गृहमंत्री ने कहा कि जिस भूमि को बीएसपी ने हस्तांतरण कर निगम को सौपा है। वह अतिक्रमण की चपेट में है। वर्षों से भूमि बीएसपी के अधिपत्य में था। अतिक्रमण रोकने प्रयास ही नहीं किया। वे जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने स्थाई व सार्थक प्रयास शीघ्रता से करे। ताकि विकास कार्य तेजी से शुरू किया जा सके।

### इन विषयों पर भी हुई चर्चा

- अस्थाई कार्यालय (34 नं. स्कूल को) बीएसपी किराए पर नही बल्कि टोकन मनी पर दे।
- बीएसपी सीएसआर मद में किस तरह के कार्य कराती है उसकी सूची उपलब्ध कराए।
- सार्वजनिक शौचालयों में बीएसपी स्थाई बिजली कनेक्शन दे।
- रिसाली निगम क्षेत्र में महापौर, आयुक्त व अतिथि गृह बनाने आवास टोकन मनी में आबंटित करे।
- राजीव गांधी चैक (डीपीएस रिसाली) को सौंदर्यीकरण करने बीएसपी एनओसी दे।
- भिलाई व रिसाली नगर पालिक निगम क्षेत्र के टाउनशिन की सफाई करने संयुक्त रूप से बैठक कर रास्ता निकाले।

# रेलवे कालोनी की सफाई व्यवस्था को लेकर वार्ड पार्षद टी ज्योति ने रेलवे प्रबंधक रायपुर को लिखा पत्र

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





नगर के वार्ड नं. 26 रेलवे कालोनी की सफाई व्यवस्था को लेकर वार्ड पार्षद टी. ज्योति ने रेल मंडल प्रबंधक रायपुर को पत्र लिखा हैं। जिसमें उन्होंने कहा है कि दल्ली राजहरा रेलवे क्षेत्र में लगभग 200 रेलवे कर्मचारियों के निवास हेतु रेलवे क्वार्टर निर्मित है। जिसकी साफ सफाई पूर्व में रेलवे द्वारा किया जाता रहा है किन्तु अब साफ सफाई का कार्य बंद करा दिया गया है।

क्वार्टरों में सफाई व्यवस्था नहीं होने से निवासियों को काफी दिक्कतों एवं परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में कोरोना महामारी के दौर में साफ सफाई नहीं कराने से कॉलोनी के निवासियों को संक्रमण का खतरा बढ़ता जा रहा है। उन्होंने रेल मंडल प्रबंधक से अनुरोध किया है कि रेलवे कर्मचारी व उनके परिवार के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए सम्पूर्ण रेलवे क्वाटरों की साफ सफाई की व्यवस्था दुरूस्त कराने का कष्ट करें। या फिर यह कार्य नगर पालिका को इसकी जिम्मेदारी दी जाये, जिस प्रकार भिलाई एवं रायपुर नगर पालिका/नगर निगम को साफ सफाई की व्यवस्था के लिए यूजर चार्ज देकर व्यवस्था करायी जाती है। उसी तर्ज पर दल्ली राजहरा नगर पालिका को भी रेलवे क्वार्टरों की सम्पूर्ण साफ सफाई का कार्य की जिम्मेदारी यूजर चार्ज द्वारा करायी जाये।

जिससे रेलवे क्वार्टरों की सफाई की गस गम्भीर समस्या का समाधान हो सके।

# सुभाष चंद्र बोस की 126वी जयंती के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में स्थापित प्रतिमा को माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया



पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे तथा उप. पुलिस अधीक्षक नक्सल/यातायात पी.आर.कुजूर के द्वारा कार्यालयीन अधिकारी कर्मचारियों के साथ आज दिनांक-23/01/2022 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में स्थापित सुभाष चंद्र बोस जी के 126 वी जयंती के पावन अवसर पर नेताजी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके पराक्रम को याद किया गया साथ ही पुलिस कप्तान के द्वारा उपस्थित कार्यालयीन अधिकारी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारत के उन महान स्वतंत्रता सेनानियों में शामिल हैं जिनसे आज के दौर का युवा वर्ग प्रेरणा लेता है।

नेता जी के द्वारा दिए गए नारे तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा.. जय हिन्द जैसे नारों से आजादी की लड़ाई को नई ऊर्जा देने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आज 126वीं जयंती पर उन्हें नमन कर सुभाष चंद्र बोस जी के प्रतिमा के सामने राष्ट्गान गाया गया।

# शहर में अब कुत्तों की खैर नहीं महापौर नीरज पाल के निर्देश पर कुत्तो की धरपकड़ प्रारंभ, संख्या नियंत्रित करने बधियाकरण भी होगा

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com





महापौर नीरज पाल के निर्देश पर अब आवारा कुत्तो की खैर नहीं। इसके लिए खाद्य लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग के प्रभारी लक्ष्मीपति राजू के प्रयासो से आवारा कुत्तों को पकड़कर डॉग हाउस में भेजा जायेगा। इसकी प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। आवारा कुत्तों को पकड़ने का कार्यआदेश भी जारी हो गया है। कुत्तो को पकड़कर डॉग हाउस में रखा जायेगा और उनका वहां डॉक्टर बधियाकरण भी करेंगे ताकि कुत्तों की जनसंख्या को नियंत्रित किया जा सके। कुत्तो को पकड़ने का काम भी एजेंसी ने प्रारंभ कर दिया है, इसके लिये 10 लोगो की टीम बनाई गई है तथा कुत्तो को मोहल्लो और सार्वजनिक स्थानो से पकड़ने के लिये आवश्यक संसाधन एवं विशेष वाहन की व्यवस्था की गई है। शहर में अब तक 50 से अधिक कुत्तो को पकड़ा जा चुका है और अब इन कुत्तों का बधियाकरण किया जायेगा।

**पालतु कुत्ता सार्वजनिक स्थान में करेगा गंदगी तो भरना पड़ेगा जुर्माना**

पालतु कुत्तो पर भी निगम की अब नजर होगी। सार्वजनिक स्थानो पर अगर पालतु कुत्ता गंदगी करते पाया गया तो कुत्ते के मालिक पर जुर्माना लगेगा और कुत्ता मालिक को अर्थदण्ड भरना पड़ेगा, दोबारा गलती करने पर डबल जुर्माना भरना पड़ेगा। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने इस संबंध में अधिकारियों के निर्देश जारी किये है। यहीं नहीं खुले पर कचरा फेंकने पर तथा निर्माण एवं विध्वंश के कचरे फैलाने पर भी कार्रवाई की जायेगी। निगम आयुक्त ने सभी जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को इस पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश प्रसारित किये है।

### स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की तैयारी तेज

स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की तैयारी भी तेज हो गयी है। निगम आयुक्त सर्वे ने सभी जोन आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारियो को निर्देश देते हुये कहा है कि गार्बेज फ्री सिटी, स्टार रेटिंग के अंतर्गत ओडीएफ प्लस-प्लस को देखते हुये भारत सरकार द्वारा जारी टूलकिट के निर्देशानुसार काम किया जाना है। इसके लिये सार्वजनिक, सामुदायिक शौचालयो में आवश्यक व्यवस्था, तालाबो के आस पास के क्षेत्रो की सघन सफाई, बैरन एरिया, खुले मैदान, ओडी स्पॉट, नालियो की सफाई, नाली में जाली, सेप्टिक टैंक की सफाई इत्यादि ओडीएफ प्लस-प्लस के प्रोटोकॉल, अनुसार कार्य करने अधिकारियो को निर्देश दिये गये है।

# मृतक के परिवार हेतु आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**दुर्ग।** मृतक के परिजनों के लिए आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। विदित हो कि फुटेनिया बाई की सड़क दूर्घटना से मृत्यु होने पर 25 हजार रुपये मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता दिए जाने की अनुशंसा की गई थी। जिसे सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मृतक के परिवारजनों के लिए स्वीकृत की गई।

# 11 हजार पशु किसान क्रेडिट कार्ड से लाभान्वित होंगे पशु पालक

**दुर्ग।** शासन द्वारा सन् 2022 तक किसानों का आय को दूगनी करने का लक्ष्य है। इसी उद्देश्य की प्राप्ति के लिए 15 फरवरी 2022 तक पशु किसान क्रेडिट कार्ड की शर्ते किसान क्रेडिट कार्ड की तरह रखी गई है। इस योजना के तहत अधिकम 3 लाख रुपये तक की रकम क्रेडिट कार्ड के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। इस राशि का उपयोग गाय, भैंस, बकरी, मुर्गी पालन इत्यादि में किया जा सकता है। इस योजना का लाभ प्रत्येक पशुपालक तक पहुंचे इसके लिए मैदानी अमलों के अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि क्षेत्र में आने वाले ग्रामों के लिए विशेष शिविर लगाकर पशुपालकों को लाभ पहुंचाया जाये। जिले में 11 हजार पशु किसान क्रेडिट कार्ड का लक्ष्य है। इच्छुक पशुपालक अपने निकटतम पशु चिकित्सा संस्थाओं में संपर्क कर इस योजना का लाभ अधिक से अधिक ले सकते है और अपनी आय में वृद्धि कर सकते है।

# जोन 5 में नये कार्यालय भवन के लिये सुगबुगाहट तेज, वार्ड समिति की बैठक में अध्यक्ष राजेश चौधरी सहित वार्ड पार्षदों ने दी सहमति

### महापौर नीरज पाल की मंशा अनुरूप जोन को सशक्त बनाने की कयावद भी शुरू

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



जोन 5 में नए कार्यालय भवन के लिये कवायद तेज हो गई है। महापौर नीरज पाल के परिकल्पना पर जोन अध्यक्ष ने काम करना शुरू कर दिया है। जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी सहित अन्य पार्षदो ने नए कार्यालय सहित अन्य प्रमुख मुद्दों को लेकर वार्ड समिति की बैठक रखी। नए कार्यालय भवन के लिए जोन अध्यक्ष सहित पार्षदों ने एक राय होकर इस पर सहमति जताई है। पार्षदो ने बैठक में सुझाव दिये कि जोन 5 कार्यालय के लिये सेक्टर 5 एवं सेक्टर 06 के मध्य में बीएसपी प्रबंधन से रिक्त भवन की मांग की जायेगी। इसके लिये बीएसपी से पत्राचार किया जायेगा। इस पर जोन 05 क्षेत्र अंतर्गत आने वाले पार्षदो ने बैठक में अपनी सहमति दी है। जोन आयुक्त प्रीति ने बताया कि वर्तमान परिपेक्ष्य के मुताबिक नवीन कार्यालय भवन की आवश्यकता है ताकि निगम के कार्यो का संचालन सुचारू रूप से हो सके। इस काम को जोन अध्यक्ष ने गंभीरता से लिया है। इसके अतिरिक्त जोन अध्यक्ष की आहुत बैठक में सफाई, जोन 05 को व्यवस्थित जोन कार्यालय के साथ स्थापित करने, निविदा प्रक्रिया के नियम शर्त, पानी टैंकर, इत्यादि पर चर्चा की गई। महापौर नीरज पाल की मंशा अनुरूप जोन 05 को पूर्ण रूप से स्वतंत्र जोन की तरह स्थापित करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गयी है। इसके लिये कुछ सेटअप की आवश्यकता को देखते हुये कर्मचारियों की मांग भी की जा रही है। वार्ड समिति की बैठक में जोन क्रमांक 5 के जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी, महापौर परिषद के सदस्य एवं राजस्व विभाग के प्रभारी सीजू एंथोनी, महापौर परिषद के सदस्य एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग की प्रभारी मालती ठाकुर, पार्षद ईश्वरी नेताम, सेवन कुमार, अभय सोनी, उमेश कुमार साहू एवं कोमल दास टंडन, भिलाई निगम से जोन आयुक्त प्रीति सिंह, प्रभारी सहायक अभियंता वसीम खान एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

# समावेशी, सुगम और सहभागिता पर आधारित है 12वां नेशल वोटर्स डे




**दुर्ग।** 25 जनवरी को मनाया जाने वाला 12वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन को समावेशी, सुगम एवं सहभागिता पूर्ण बनाना है। जिससे की निर्वाचक सूची में निर्वाचकों के पंजीकरण में बढ़ोतरी हो और निर्वाचन प्रक्रिया में प्रभावी भागिदारी सुनिश्चित हो सके। इस बार मतदाता दिवस पर कोरोना प्रोटोकाल का पालन करते हुए सभी विभागों में वर्चुअल तरीके से नेशलनल वोटर्स डे मनाया जाएगा। कोविड 19 संक्रमण को देखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा आनलाईन वर्चुअल तरीके से सभी विभागों के विभागाध्यक्ष को वोटर्स डे मनाने का निर्देश दिया गया है। इस अवसर पर सभी अधिकारी और कर्मचारी, शपथ पत्र के नमूने के अनुसार, शपथ लेकर उसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रुछटक2022 के साथ अपलोड करेंगे।

# वार्ड क्रमांक-7 में बूथ समिति का गठन किया गया



पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं बालोद जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कैबिनेट मंत्री अनिला भेड़िया के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर एवं नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर के नेतृत्व में वार्ड क्रमांक-7 में वार्ड व बूथ समिति का गठन किया गया और कांग्रेस पार्टी का सदस्यता अभियान चलाया गया। कांग्रेस पार्टी की रीति नीति और छत्तीसगढ़ की जनहितैषी कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर वार्ड के नागरिकों ने बढ़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर, मंत्री मीडिया प्रभारी व उत्तर जोन के अध्यक्ष विवेक मसीह ,दक्षिण जोन के अध्यक्ष संतोष पांडेय ,युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष हरिश साहू ,सेक्टर अध्यक्ष प्रमोद तिवारी, वार्ड कमेटी क्रमांक 7 की अध्यक्ष विजय लक्ष्मी ,वार्ड कमेटी 6 के अध्यक्ष बृजमोहन सिंह ठाकुर, वार्ड नं 8 के वार्ड कमेटी के अध्यक्ष स्वप्निल तिवारी, बूथ अध्यक्ष चिन्नामल गुन्डू, श्रीनिवास राव ,हरिश साहू, व टीकम सिंह, स्पोर्ट्स सेल के जिला अध्यक्ष विलियम भौरा, विकी राव,मनोज कुमार, सहित बढ़ी संख्या में महिला, युवा, कांग्रेस जन व वार्डवासी उपस्थित थे।

# गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मिलित नहीं हो पाएंगी प्रज्ञा निर्वाणी



**बेमेतरा।** जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में हिस्सा नही ले पाएंगी, यह जानकारी उन्होंने प्रेस से साझा करते हुए कहा कि उन्हें कॅरोना के लक्षण हैं, बीती रात वो कुसमी में एक शादी समारोह में गई थी,तेज बुखार के बाद चिकित्सकों की सलाह पर वो होम आइसोलेशन में हैं वहीं उनके पति डॉ सौरभ निर्वाणी को तेज लक्षण आने के बाद राजधानी स्थित निजी नर्सिंग होम में चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया है,प्रज्ञा निर्वाणी ने उनसे बीते 2 दिनों में मिलने वालों से ऐतिहातन कोविड टेस्ट कराने का अनुरोध किया है, उन्होंने जिला पंचायत क्षेत्र में आयोजित पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों को स्थगित करते हुए न आ सकने की असमर्थता पर क्षमा के साथ खेद व्यक्त किया है।

**वीडियो कांफ्रेंसिंग में मुख्य सचिव के दिये निर्देश के मुताबिक कार्रवाई सुनिश्चित कराने के कलेक्टर ने दिये निर्देश**

# धान खरीदी 7 दिन और बढ़ाई गई, किसानों को दें पूरी व्यवस्था

### 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के रैपिड एंटीजन के साथ ही आरटीपीसीआर भी कराना सुनिश्चित करें

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com







प्रदेश में धान खरीदी 7 दिन और बढ़ा दी गई है। इसके मुताबिक सभी धान खरीदी केंद्रों में उचित व्यवस्था करने के निर्देश शासन ने जारी किये हैं। आज मुख्य सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से इसकी समीक्षा भी की। इसके पश्चात कलेक्टर ने धान खरीदी से जुड़े अधिकारियों को तिथि बढ़ाने के निर्णय के पश्चात की आवश्यक तैयारियों की रणनीति बना लेने कहा। उन्होंने कहा कि अंतिम दिनों में काफी तेजी से आवक होगी, इसे देखते हुए समितिवार शेष किसानों की संख्या को देखते हुए व्यवस्थित धान खरीदी की तैयारी, टोकन आदि की व्यवस्था करा लें ताकि अंतिम समय में किसी तरह की दिक्कत न हो। किसानों को सहूलियत मिलती रहे। यह सुनिश्चित हो कि फर्जी धान का आवक सोसायटियों में न हो। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सभी समितियों में उठाव भी जल्द से जल्द होना चाहिए। इसके लिए कलेक्टर पूरी तैयारी के साथ योजना बना लें ताकि 15 अप्रैल तक सभी समितियों में पूरी तरह से धान का उठाव हो जाए। वीडियो कांफ्रेंसिंग में कोविड नियंत्रण के संबंध में गंभीर चर्चा हुई। वीसी में कहा गया कि प्रदेश में कोविड से हुई मौतों के संबंध में जब समीक्षा की गई तो पाया गया कि जिन लोगों ने वैक्सीनेशन कराया, वे ज्यादा सुरक्षित रहे। अभी भी कुछ लोगों ने तिथि आ जाने के बावजूद दूसरा डोज नहीं लगाया है ऐसे लोगों को चिन्हांकित कर इनका डोज लगवाना सुनिश्चित करें। 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के रैपिड एंटीजन के साथ ही आरटीपीसीआर भी कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने फ्रंटलाइन वर्कर्स को भी बूस्टर डोज लगाने के निर्देश दिये। बैठक में रोजगार मिशन के अंतर्गत जिले में नये रोजगार की संभावनाओं पर कार्य करने के निर्देश भी दिये गये। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को इसके लिए निर्देशित किया है ताकि नवाचारों के माध्यम से एवं अन्य माध्यमों से अधिकतम रोजगार सृजित किया जा सके। इसके लिए स्थानीय बाजार की जरूरतों के अनुरूप शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार का चिन्हांकन किया जा रहा है। इसके लिए प्रशिक्षण आदि की सुविधा भी दी जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से प्रस्ताव आमंत्रित किये हैं।

# मनरेगा के तहत होने वाले कार्यों में बढ़ाया जाएगा संख्या बल



पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्विनी देवांगन द्वारा विभिन्न कार्यों में मनरेगा के तहत किये जा रहे निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया गया। देवांगन ने ग्राम पंचायत नगपुरा में चल रहे वृक्षारोपण कार्य, ग्राम पंचायत बोराई और पंचायत समोदा में चल रहे तालाब निर्माण कार्य, एवं अन्य स्थल पर चल रहे तालाब गहरीकरण एवं गौठान निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने संचालित कार्यों में मनरेगा के तहत ज्यादा से ज्यादा संख्या बल बढ़ाने के निर्देश दिये ताकि विकास कार्य में तेजी आये और आस पास के लोगों को कोरोना के इस घड़ी में अपने निकटतम स्थल पर रोजगार प्राप्त हो सके।

## प्रदेश के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री गुरू रूद्र कुमार जिला स्तरीय मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे



**मुंगेली।** प्रदेश के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री गुरू रूद्र कुमार गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को सुबह 09 बजे जिला मुख्यालय स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में मुख्य अतिथि की आसंदी से राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे। जिला कलेक्टोरेट से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रातः 8.59 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा और प्रातः 09 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। प्रातः 9.02 बजे राष्ट्रगान होगा। प्रातः 9.05 बजे से मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री के जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन, प्रातः 9.20 बजे शहीद परिवारों का सम्मान और प्रातः 09.25 बजे प्रशस्ति पत्र का वितरण किया जाएगा।

## महिला का शारीरिक शोषण मामले में आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**रायगढ़.** महिला संबंधी अपराधों में वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन पर सारंगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराध कायमी के तत्काल बाद आरोपी की पतासाजी कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। पीड़िता ने बताया कि 21 जनवरी को थाना सारंगढ़ आकर आरोपी सेवकराम जोल्हे उम्र 35 वर्ष निवासी सारंगढ़ के विरूद्ध कार्रवाई करने के संबंध में टीआई विवेक पाटले को आवेदन दिया गया। टीआई विवेक पाटले द्वारा महिला विवेचक से पीड़िता का कथन कराये, पीडिता ने बताया कि सारंगढ़ उसका मायके और ससुराल है। 26 नवंबर 2021 की रात सेवक राम जोल्हे शादी कर पत्नी बना कर रखुंगा कहकर बहला फुसलाकर पैदल गांव से अपने रायगढ़ ले जाते समय हिर्री एवं ग्वालीनडीह के बीच रोड किनारे सुनसान स्थान पर ले जाकर शारिरीक संबंध बनाया। उसके बाद रायगढ़ एक किराये मकान में रखा जहां भी शारीरिक संबंध बनाया अब शादी करने से इन्कार कर रहा है। 14 जनवरी को सेवकराम अपने भांजा के साथ किराये मकान में आया और मारपीट कर मारने की धमकी देकर शादी करने से साफइंकार कर दिया। पीड़िता के लिखित आवेदन पर आरोपी पर सेवराम पर धारा 323,506,376 का अपराध दर्ज कर थाना प्रभारी द्वारा आरोपी पतासाजी कर गिरफ्तार कर 24 घंटे के भीतर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## गौरवपथ बना अवैध पार्किंग का गैराज, सड़क किनारे खड़े वाहनों से यातायात हो रहा प्रभावित



**रायगढ़.** शहर के जूट मिल क्षेत्रवासी इन दिनों गौरव पथ पर खड़ी बड़ी-बड़ी गाड़ियों की वजह से परेशान हैं। आए दिन गौरव पथ पर छोटी बड़ी सड़क दुर्घटनाएं भी घटित हो रही है। लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं के कारण इस सड़क से परिवहन करने के लिए क्षेत्रवासी भी डरने लगे हैं। ट्रैफिक विभाग द्वारा सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों पर कार्यवाही ना करना व उसे सड़क से ना हटवाना कहीं ना कहीं सवालिया निशान खड़ा करता है। कहा जाए तो इस क्षेत्र को अघोषित पार्किंग जोन बनाने के लिए जिम्मेदारों के द्वारा मौन स्वीकृति दे दी गई हो। वर्षों से चले आ रहे अघोषित पार्किंग जोन के कारण लोगों को यहां पहले से ही ट्रैफिक समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। परंतु वर्तमान समय में लोगों को ट्रैफिक व्यवस्था की दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। क्योंकि अभी किसानों के द्वारा सरकार को धान बेची गई है जिसे सरकार खरीद कर जूट मिल क्षेत्र स्थित एमएफसी गोदाम में रखवा रही है। वर्तमान में विभिन्न क्षेत्रों के मंडियों से धान लोड होकर दर्जनों ट्रकें उबि गोदाम आ रही है परंतु गोदाम में गाड़ियों को खड़ी करने के लिए पर्याप्त जगह नहीं हो पाने के कारण धान से भरे सभी ट्रक गौरव पथ के दोनों और खड़ी हो रही है। जिससे इस सड़क पर लोगों को जाम की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। शहर में ऐसे तो सभी क्षेत्रों में सड़क किनारे लगी दुकानों पर खरीदारी करने के लिए लोगों के द्वारा गाड़ियां खड़ी कर दी जाती है। जिससे ट्रैफिक समस्याएं उत्पन्न होती है। यही माजरा जूट मिल क्षेत्र में भी देखने को मिलता है।

## धान खरीदी की अवधि बढ़ाने के साथ मुआवजा भी दे सरकार : विकास केड़िया

**रायगढ़.** जिला भाजपा नेता विकास केड़िया ने धान खरीदी हेतु एक हफ्ते की अवधि बढ़ाये जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्होंने कुछ दिन पहले ही बेमौसम बरसात को छग के किसानों के लिए आफ्त की बारिश बताते हुए मुआवजा देने व धान खरीदी की अवधि बढ़ाने की माँग की थी जिस पर मुख्यमंत्री भपेश बघेल ने धान-खरीदी हेतु एक हफ्ते की समयावधि बढ़ाये जाने की मांग स्वीकार की है। भाजपा नेता विकास केड़िया ने धान खरीदी हेतु बढ़ाई गई सात दिन की अवधि को कम बताते हुए कहा कि बेमौसम बरसात की वजह से पूरा धान भीग गया और तेज ठंड की वजह से धान ठीक तरीके से नही सुख पाया है और सरकार गीला धान नही खरीदती है जिससे किसानों की समस्या बढ़ रही हैं इसलिए धान खरीदी में एक माह की समय अवधि बढ़ाये जाने की मांग करते हुए कहा कि रबी की फसल सहित मौसमी सब्जी, टमाटर,गोभी, धनिया व सूरजमुखी की फसल को भी नुकसान पहुंचा है। इसका मुआवजा भी सरकार को समय रहते देना चाहिए। किसानों के आय की बुनियाद फसल पर टिकी हुई हैं। फसल का नुकसान होने पर किसान बंधुओ के सामने जीवन का संकट उत्पन्न हो जाता है। सरकार का यह अहम दायित्व है कि किसान बंधुओ से जुड़ी बुनियादी समस्याओ की ओर ध्यान दे। नरवा-घुरवा, बाडी व गोबर खरीदी के जरिए स्वयं को किसानों का शुभचिंतक बताने वाली सरकार फसल नुकसान पर मुआवजा देने की बात पर मौन क्यो है..? इसका जवाब भी प्रदेश के किसान चाहते है।

# जिला पंचायत सीईओ राजपूत ने कार्यभार ग्रहण करते ही राज्य शासन की फ्लैगशीप योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेने ग्रामों की ओर किया रूख

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com




जिले में नवपदस्थ जिला पंचायत के सीईओ दशरथ सिंह राजपूत ने कार्यभार ग्रहण करने के दूसरे दिन जिले के विकासखण्ड मुंगेली के विभिन्न ग्रामों का दौरा किया और राज्य शासन की फ्लैगशीप योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने ग्राम पंचायत कुंआगांव पहुंचकर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के कार्यों और प्रमुख रूप से महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं की आर्थिक उत्थान के लिए स्थापित गौठान एवं मिनी राईस मिल का निरीक्षण किया और वस्तुस्थिति का जायजा लिया। इसी तरह उन्होंने ग्राम पंचायत सम्बलपुर में स्थापित गौठान और चारागाह का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां उपस्थित किसानों से सौजन्य मुलाकात की और गौठान में गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट खाद का निर्माण, महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं के उत्थान के लिए संचालित कार्यों सहित पशुधन के लिए स्थापित चारागाह में चारे का उत्पादन,चारागाह का क्षेत्रफ्ल व पानी की सुविधा आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसी तरह उन्होंने ग्राम पंचायत खेढ़ा में स्थापित गौठान और वहां महिला स्वसहायता समूह द्वारा की जा रही मुर्गीपालन, मछलीपालन एवं वर्मी कम्पोस्ट खाद निर्माण कार्य का अवलोकन किया और महिला स्वसहायता समूह के कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की फ्लैगशीप योजना के तहत संचालित यह कार्य स्वसहायता समूह के महिलाओं के आर्थिक उत्थान के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

# धीमी गति से चल रही लोहर सिंह धान खरीदी मामले की जांच

- नव दिन चले अढ़ाई कोस की तर्ज पर हो रहा काम

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ किसान बाहुल्य प्रदेश है यही कारण है कि यहां की सरकारें किसानों के उत्थान और प्रगति के लिए रोज नए नियम बनाती रही है। लेकिन सरकारी अधिकारी और कर्मचारी के कई कारनामे भी सामने आते रहे हैं जो सरकार के इन योजनाओं में पलीता लगाते दिख रहे हैं। आलम यह है कि करोड़ो के धन घोटाले की जांच लोक आयोग के रिमाइंडर के बाद भी महीनों तक शुरू नहीं हो पाती है।

रायगढ़ जिले के लोहरसिंह धान खरीदी केंद्र में करोड़ो रूपये के धान घोटाके की जांच नौ दिन चले ढाई कोस की तर्ज पर चल रहा है। इस मामले में अक्टूबर 2021 में भेजे गए जांच के निर्देश के अनुसार अभी तक आरोपी का बयान तक नहीं हो पाया है। इस मामले में शिकायत के बाद लोक आयोग ने मामले को संज्ञान में लिया था और विशेष सचिव, सहकारिता को पत्र भी लिखा था।

लोहरसिंह धान संग्रहण केंद्र के प्रभारी उत्तम चंद्रा पर यह आरोप है कि उन्होंने प्रतिवर्ष धान का सुखत ज्यादा दिखाते हुए राज्य सरकार का करोड़ो का नुकसान किया है और खुद इसका अवैध लाभ प्राप्त किया है। इसके अलावा फर्जी देयक भुगतान और अपने रिश्तेदारों के ट्रक से धान के परिवहन का भी आरोप उत्तम चंद्रा पर लोक आयोग द्वारा लगाया गया है।

उक्त संबंध में लोक आयोग के समक्ष 22 दिसंबर तक जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा गया था लेकिन उप पंजीयक सहकारिता, रायगढ़ की ओर से विपणन अधिकारी रायगढ़ को 3 जनवरी को पत्र लिखकर उत्तम चंद्रा को 5 दिन के अंदर बयान देने के लिए बुलाने पत्र लिखा गया लेकिन 22 जनवरी तक सहकारिता विभाग के समक्ष वे उपस्थित नहीं हो सके।

### क्या है पूरा मामला

लोहरसिंह धान संग्रहण केंद्र में 2019-20 और 2020-21 में चार प्रतिशत तक सुखत बताया गया जिसकी अनुमानित मूल्य करीब 40 करोड़ है। आरोप यह भी है कि सबसे ज्यादा सुखत जिले भर में लोहरसिंह धान संग्रहण केंद्र से बताया गया। इस मामले की पहले भी जांच हुई लेकिन उससे कुछ हासिल नहीं हुआ। इसके बाद एक नाम व्यक्ति ने इस मामले की शिकायत लोक आयोग से कर दी। इसके बाद लोक आयोग ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लेकर विशेष सचिव, सहकारिता को पत्र लिखकर जांच करने के निर्देश दिए। विशेष सचिव के थ्रू जांच के निर्देश उप पंजीयक सहकारी समिति, रायगढ़ को मिले और वहां से विपणन अधिकारी को पत्र लिखकर उत्तम चंद्रा को नोटिस दी गई। लेकिन इस पूरी प्रि या में तीन माह लग गए और अभी तक विभाग को अदद बयान तक नहीं हासिल हो सका है।

## लोकल परीक्षा फरवरी के अंतिम तक करने का बैठक में लिया गया निर्णय



पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

लोकल परीक्षा फरवरी अंतिम में आशासकीय विद्यालय संग जिला मुंगेली के जिला अध्यक्ष मनोहर यादव के नेतृत्व में कलेक्टेड परिसर में बैठक रखा गया जिसमें निर्णय लिया गया की कोरोना बीमारी को देखते हुए लोकल परीक्षा को अंतिम फरवरी में संपन्न करना होगा साथ ही लगातार बढ़ते कोरोना बीमारी के चलते स्कूल फिर बंद हो रहा है जब-जब परीक्षा आता है तभी स्कूल को बंद कर दिया जाता है इस वजह से स्कूल में फीस नहीं आ पाता और स्कूल मैनेजमेंट में काफी परेशानी आती है ऊपर से आर टी ई के तहत मिलने वाली राशि भी अप्राप्त है, ऑनलाइन पढ़ाई में मुश्किल से 5 से 10: बच्चे ही जुड़ते है इसलिए अशासकीय विद्यालय संघ ने अपनी समस्या को कलेक्टर को अवगत कराकर जिला शिक्षा अधिकारी मुंगेली से मिलकर के इस समस्या का समाधान करने हेतु निवेदन किया गया जिसमें आश्वासन मिला कि स्कूल स्तर पर कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए मोहल्ला क्लास लगाने की मौखिक अनुमति प्राप्त हुई उपस्थित सदस्य आशीष मिश्रा, पारथ कुलमित्र संरक्षक, हजारी साहू, कमल प्रताप बंजारे, दरश साहू उपाध्यक्ष, रमेश कुलमित्र सचिव, सुनील लहरे कोषाध्यक्ष, त्रिलोक कोशले लोरमी ब्लाक अध्यक्ष, नर्मद कश्यप मुंगेली ब्लाक अध्यक्ष, रामा पटेल मुंगेली ब्लाक सचिव, कालेश्वर साहू सहसचिव, सोमनाथ बंजारे , चंद्रकुमार यादव, दिवाकर आदि उपस्थित रहे ।

## कृषक समुदाय के आय में बढ़ोत्तरी के लिए एफपीओ का किया जा रहा गठन

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कृषक समुदाय के आय में बढ़ोत्तरी, उन्हें जीवंत, स्थायी आय उन्मुख खेती प्रदान करके, उनका समग्र सामाजिक, आर्थिक विकास हेतु पुरे देश में भारत सरकार द्वारा 10000 एफपीओ का गठन एवं क्रियान्वयन का लक्ष्य रखा गया है। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार उक्त योजना के अंतर्गत जशपुर जिले के 5 विकासखण्ड जशपुर, मनोरा, दुलदुला, बगीचा एवं फरसाबहार में 5 किसान उत्पादक कम्पनी का गठन कर कंपनी एक्ट में पंजीयन किया गया है। सभी पांच फार्मर्स कंपनी का क्षेत्रवार अधिकतम उत्पादन के आधार पर उत्पाद तय किया गया है। जिसके व्यापार पर मुख्य फोकस रहेगा। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत जशपुर विकसखंड के बाकीनदी एग्रोफेड फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का मुख्य लक्ष्य आम, लीची, नाशपाती जैसे फलो के उत्पादन के साथ-साथ अन्य कृषि उत्पाद का मार्केटिंग करना रहेगा। इसी प्रकार मनोरा विकासखण्ड के लावानदी एग्रोफेड फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का मुख्य फसल के रूप में सुगन्धित जीरा फूल चावल, कोदो कुटकी, आलू एवं अन्य कृषि सहित उद्यानिकी फसल का निर्धारण किया गया है। दुलदुला के श्रीनदी एग्रोफेड फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के मुख्य उत्पाद के रूप में कटहल, आम, काजू ईमली, उद्यानिकी एवं कृषि फसल का चयन किया गया है। बगीचा के ईबनदी एग्रोफेड फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के लिए मुख्य रूप से मिर्च,नाशपाती, सब्जी वर्गीय फसल सुगन्धित चावल, कोदो कुटकी, टाऊ एवं कृषि सहित उद्यानिकी सम्बंधित फसल का चयन किया गया है। तथा फरसाबहार के सोनाजोरी एग्रोफेड फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के माध्यम से टमाटर, दलहन फसल एवं अन्य उद्यानिकी एवं कृषि फसल का सब्जी का व्यापार किया जायेगा। साथ ही सभी एफपीसी में स्वयं का कृषि इनपुट सेंटर की स्थापना की जाएगी, जिससे कि किसानों को कम दाम में खाद, बीज, दवा एवं सम्बंधित कृषि उपकरण उपलब्ध कराने में मदद प्रदान किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि एफपीओ लघु व सीमांत किसानों का एक समूह होगा, जिससे उससे जुड़े किसानों को न सिर्फ अपनी उपज का बाजार मिलेगा बल्कि खाद, बीज, दवाईयों और कृषि उपकरण आदि खरीदना आसान होगा।

## जल प्रदाय योजना की खुदाई से सड़के हुई बर्बाद

- निर्माण कार्यों के चलते रोज हो रही दुर्घटनाएं

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ शहर में स्वच्छ भारत मिशन के साथ साथ जल प्रदाय योजना के चलते सड़कों की हालत बद से बदतर हो गई है। और जगह जगह सड़कों पर चल रहे निर्माण कार्यो के चलते उड़ती धूल और उनसे होनें वाली दुर्घटनाओं को लेकर लोग परेशान है। इतना ही नही कई इलाकों में तो सड़कों की हालत इतनी खराब है कि वहां पैदल चलना भी दुभर हो गया है।

परेशान लोग बताते हैं कि बीते पांच माह से यहां पाईप लाइन तथा अन्य कार्यो के होनें से सड़क को बुरी तरह खोद दिया गया है जिससे इस सड़क की हालत और खराब हो गई है। शहर वासियों का यह भी कहना था कि जल प्रदाय योजना के तहत किये गए गड्ढों में पहले भी शहर के अंदर दुर्घटना घटित हो चुकी है इसके बावजूद संबंधित विभाग के द्वारा लापरवाही बरतते हुए शहर के अलग अलग जगहों में गडढो खोद दिया गया है, जो किसी बड़ी अनहोनी घटना को आमंत्रित करने के सामान है। वहीं निगम की महापौर इस बात को मानती है कि नगर निगम के 48 वार्डो में कुछ इलाकों के भीतर सडकों को जल प्रदाय योजना के तहत खोदा गया है और उसमें लगातार काम जारी है और इसीलिए कुछ जगह सड़कें खराब है, जबकि नगर निगम के पीडब्ल्यूडी प्रभारी इन सभी बातों से इंकार करते हुए यह कहते हैं कि शहर के भीतर सड़क बिल्कुल ठीक ठाक है और समय समय पर इनका निर्माण कार्य भी किया जाता है। इतना ही नही हाल ही में जल प्रदाय योजना के तहत खोदी गई सड़कों को भी ठीक ठाक कर दिया गया है।

## झिलगीटार मेन रोड़ पर सट्टा लिख रहा युवक गिरफ्तार

### चौकी कनकबीरा की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



शनिवार को चौकी प्रभारी कनकबीरा उपनिरीक्षक एम.डी. जायसवाल ग्राम पेट्रोलिंग पर रवाना होकर अवैध शराब, जुआ-सट्टा की जानकारी अपने मुखबिरों से लिया जा रहा था। इसी दरम्यान उन्हें मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम झिलगीटार मेन रोड पर एक युवक सट्टा खिला रहा है। सूचना पर हमराह स्टाफ के साथ मौके पर जाकर पुलिस टीम द्वारा एक युवक को आम जगह पर कागज में सट्टा नोट करते पकड़ा गया जिसके पास एक पेपर में विभिन्न प्रकार का सट्टा अंक लिखा हुआ पर्चा मिला। युवक अपना नाम पंकज पटेल पिता नारायण पटेल उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम मल्दा (ब) थाना सारंगढ़ बताया। आरोपी से सट्टा पर्ची, नकदी रकम 2170 एवं एक पेन की जप्ती कर 4(क) जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। चैकी प्रभारी के साथ कार्रवाई में प्रधान आरक्षक मिरीराम खुंटे आरक्षक मुकेशा साहू शामिल थे।

# मुंगेली जिले में कोरोना संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव के लिए टीकाकरण अभियान जारी

- 15 से 18 वर्ष के बच्चों अलावा और बूस्टर डोज का टीका लगवाने वालों में भी टीकाकरण के प्रति जबरदस्त उत्साह
- बुजुर्ग दम्पत्ति हरि प्रसाद शर्मा और मति तुलसी शर्मा ने लगवाई बूस्टर डोज का टीका

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com




कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में कोरोना वायरस की संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम हेतु कोविड-19 टीकाकरण अभियान का संचालन नियमित रूप से किया जा रहा है। इस अभियान के तहत 18 वर्ष व 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के महिलाएं, पुरूष, युवा, बुजुर्ग और 15 से 18 वर्ष के बच्चे स्वप्रेरणा से चिन्हांकित टीकाकरण केंद्र में पहुंचकर निःशुल्क टीका लगवा रहे हैं। इसके अलावा ऐसे व्यक्ति जिन्हे कोविड-19 का दूसरा टीका लगवाये 09 महिने पूरे हो चुके है। ऐसे व्यक्ति भी उत्साह पूर्वक बूस्टर डोज (प्रिकॉशन डोज) का टीका लगवा रहे हैं। इसी कड़ी में जिले के नगर पंचायत लोरमी के बुजुर्ग दम्पत्ति 75 वर्षीय हरि प्रसाद शर्मा और 71 वर्षीय तुलसी शर्मा ने कोरोना वायरस के नवीन वेरियंट ओमिक्रॉन को दृष्टिगत रखते हुए बूस्टर डोज (प्रिकॉशन डोज) का टीका लगवाकर स्वयं की, परिवार की और समाज के सुरक्षा का परिचय दिया।

कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में कोविड-19 सुरक्षा कवच के लिए संचालित टीकाकरण के प्रति लोगों में जबरदस्त उत्साह है। बड़ी संख्या में 18 वर्ष और 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के अब तक 6 लाख 96 हजार 138 नागरिकों ने टीका लगवाया। इनमें 4 लाख 79 हजार 216 नागरिकों ने प्रथम डोज का और 2 लाख 16 हजार 922 नागरिकों ने द्वितीय डोज का निःशुल्क टीका लगवाया। इसी कड़ी में 03 जनवरी से 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए शुरू टीकाकरण अभियान में 15 से 18 वर्ष के बच्चों ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और अब तक 36 हजार 211 बच्चों ने उत्साह के साथ कोविड-19 का टीका लगवाया। कोरोना वायरस के नवीन वेरियंट ओमिक्रॉन को दृष्टिगत रखते हुए ऐसे व्यक्ति जिन्हें कोविड-19 का दूसरा टीका लगवाये 09 महीने हो चुके हैं, ऐसे व्यक्ति बूस्टर डोज (टीका) लगवा रहे है। जिले में 10 जनवरी कोविड-19 का बूस्टर डोज शुरू होने से अब तक 4 हजार 240 नागरिकों ने बूस्टर डोज (प्रिकॉशन डोज) का टीका लगवाकर टीकाकरण के प्रति भरोसा जताया।

# बीएमएस, एटक और इंटुक श्रम संगठनों के प्रतिनिधियों ने बीएसपी प्रबंधन से मुलाकात कर समझौते पर विस्तृत चर्चा की





पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

विगत दिनों भिलाई इस्पात संयंत्र की खदानों में कार्यरत बीएमएस, एटक और इंटुक से सम्बद्ध श्रम संगठनों के प्रतिनिधियों ने महाप्रबंधक कार्मिक खदान मुख्यालय एवं महाप्रबंधक औद्योगिक सम्बन्ध से मुलाकात की और 06.जनवरी को बीएसपी प्रबंधन के साथ किये गए समझौते पर अब तक प्रबंधन द्वारा किये गए पहल पर विस्तृत चर्चा की। इसकी जानकारी देते हुए बीएमएस से सम्बद्ध खदान मजदूर संघ भिलाई के अध्यक्ष एम पी सिंह ने बताया कि 21. जनवरी 2022 को तीनों श्रम संगठनों के प्रतिनिधियों ने इस्पात भवन में अधिकारीयों से मिलकर समझौते में उल्लेखित बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। इस सम्बन्ध में बिंदुवार जानकारी देते हुए बताया गया कि दासा के 8% और 10% राशि के विवाद पर स्थानीय प्रबंधन ने निगमित कार्यालय को सूचित कर दिया है और चर्चा भी की है जिस पर निगमित कार्यालय द्वारा इसे सम्बंधित मंत्रालय में भेजकर निर्णय का इंतजार किया जा रहा है। जहाँ तक वर्ष 2012 में हुए वेतन समझौते के बाद के दासा एरियर्स की बात है तो प्रबंधन का यह कहना था कि आरएमडी के खदानों में दिए गए एरियर्स को काट लिया गया है। ऐसे में राजहरा खदान के कर्मियों को उसका भुगतान नहीं किया जा सकता है ।जिसपर सभी श्रम संगठन के प्रतिनिधियों ने विरोध करते हुए कहा कि उन्हें इस बात की पुख्ता जानकारी है कि उक्त राशि को नहीं काटा गया है और अगर प्रबंधन के कथनानुसार काटा गया है तो प्रबंधन उसका साक्ष्य पेश करें। इसके अलावा श्रम संगठन के प्रतिनिधियों ने यह भी कहा कि अगर वर्ष 2012 के वेतन समझौते के बाद निगमित कार्यालय द्वारा मेट्रो शहर के कर्मियों को नए वेतनमान के आधार पर मकान किराया भत्ता और उसका एरियर्स दिया जा सकता है तो खदान कर्मियों को दासा का एरियर्स क्यों नहीं दिया जा सकता है? इसपर प्रबंधन पक्ष ने ऐसा कोई आदेश होने से इंकार किया। तब भा.म.सं. के प्रतिनिधियों ने उक्त आदेश की प्रतिलिपि प्रबंधन को दिया जिसे देखकर उन्होंने इसपर पुनः निगमित कार्यालय से चर्चा कर निर्णय लेने की बात कही। इसी आधार पर वर्ष 2017 के दासा राशि के एरियर्स भुगतान हेतु प्रबंधन द्वारा बात कही गयी। ठेका श्रमिकों के खदान भत्ते एवं मेडिकल सुविधा के सम्बन्ध में प्रबंधन ने यह जानकारी दी कि कमेटी द्वारा रिपोर्ट सौंप दी गयी है और शीघ्र ही इस पर समुचित निर्णय और अनुमोदन लेकर समझौते में उल्लेखित समय सीमा अर्थात 01.अप्रैल.2022 से लागू करने हेतु प्रबंधन प्रतिबद्ध है, और अपने तरफ से पूरा प्रयास कर रहा है। प्रबंधन के इस बात पर तीनों श्रम संगठनों के प्रतिनिधियों ने इस बात पर आपत्ति जताई कि अगर प्रबंधन ठेका श्रमिकों को सीटू और सीएमएसएस के द्वारा प्रस्तावित 25% राशि को खदान भत्ते के रूप में देता है तो तीनों श्रम संगठन को यह मान्य नहीं होगा क्योंकि इससे सभी श्रमिकों को न केवल नुकसान होगा बल्कि कर्मियों के बीच भी एक वैमन्यस्ता की दीवार खड़ी हो जावेगी जो की किसी भी दृष्टिकोण से कंपनी और श्रमिकों दोनों के लिए हितकर नहीं होगा। अतः तीनों श्रम संगठन ठेका श्रम संगठन सभी ठेका श्रमिकों के लिए सामान रूप से रूपए 150/- प्रति दिन के हिसाब खदान भत्ता देने की अपने मांग और किये गए समझौते पर यथावत कायम हैं और उससे कम देने पर कड़े कदम उठाने हेतु बाध्य होंगे जिसके लिए जिम्मेदार प्रबंधन ही होगा। जहाँ तक ठेका श्रमिकों और उनके आश्रितों को मेडिकल सुविधा देने की बात है तो इसपर प्रबंधन पक्ष ने अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि कमेटी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट का अध्ययन किया जा रहा है और इसपर भी जल्द ही निर्णय ले लिया जावेगा। इस मुद्दे पर अंतिम निर्णय लेने से पूर्व सभी श्रम संगठनों एवं आवश्यकता पड़ने पर ठेकेदारों से भी चर्चा की जावेगी। श्रम संगठन के प्रतिनिधियों के तरफ से यह भी कहा गया कि कुछ ठेके ऐसे हैं जो कि भिलाई से संचालित होते हैं लेकिन उक्त ठेके में कार्यरत श्रमिक खदानों में कार्य करते हैं जैसे कि सिक्योरिटी गार्ड आदि। ऐसे में प्रबंधन को यह सुनिश्चित करना जरूरी होगा कि खदान भत्ता एवं मेडिकल सुविधा का लाभ ऐसे कर्मचारियों को भी मिले जिसपर प्रबंधन ने आश्वस्त किया कि खदान क्षेत्र में कार्य करने वाले सभी ठेका श्रमिकों को उक्त लाभ मिलेगा और कोई भी ठेका श्रमिक को इससे वंचित नहीं किया जावेगा। इसके उपरांत सौहार्दपूर्ण वातावरण में चर्चा समाप्त हुई।

उक्त चर्चा में भा.म.सं. की तरफ से खदान मजदूर संघ भिलाई के अध्यक्ष एमपीसिंह, महामंत्री उमेश मिश्रा, उप-महा सचिव लखनलाल चौधरी, नंदिनी शाखा के अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा, एटक की तरफ से एस.के.एम.एस के महामंत्री कंवलजीत सिंह मान, इंटुक के तरफ से एमएमडब्लूयू के अध्यक्ष तिलकराम मानकर, कार्यालय सचिव दिनेश कुमार और इंटुक के प्रदेश संगठन सचिव अभय सिंह तथा प्रबंधन पक्ष के तरफ से महाप्रबंधक खदान मुख्यालय सूरज कुमार सोनी एवं महाप्रबंधक औद्योगिक सम्बन्ध विभाग जे.एन.ठाकुर उपस्थित रहे।

# विटामिन बी6 से भरपूर किशमिश के फ़ायदे



पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com

किशमिश को ड्राई फ्रूट के तौर पर कंज्यूम किया जाता है तो वहीं मुनक्के को दवाई की श्रेणी में रखा गया है. दोनों स्वाद में मीठे होते हैं और हमारे शरीर में कई तरह की कमियों को ठीक करने में कारगर हैं. विटामिन बी6 का अच्छा सोर्स होने के साथ-साथ किशमिश में प्रोटीन, आयरन, फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटैशियम, कॉपर और मैंगनीज होता है. रोज 10 से 12 किशमिश के स्वाद से आपकी सेहत में कई अच्छे बदलाव आएंगे।

## मिलेंगे ये फ़ायदे

- फॉस्फोरस, कैल्शियम और पोटैशियम की भरपूर मात्रा होने से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास तेजी से होता है।
- रोजाना किशमिश का सेवन पुरुषों में स्पर्म काउंट बढ़ाने में कारगर साबित होगा।
- किशमिश में फाइबर की अच्छी मात्रा होने से कब्ज की समस्या दूर रहती है।
- अपना वेट लॉस करने के लिए रोजाना किशमिश को भिगोकर खाएं।
- किशमिश खाने से कैविटी की समस्या भी दूर रहती है क्योंकि इसमें फाइटोन्यूट्रिएंट्स होता है जिससे दांत और मसूड़े सुर क्षित और मजबूत रहते हैं।
- कैल्शियम की मात्रा होने के कारण इसका सेवन हड्डियां और दांत मजबूत करने में सक्षम है।

# मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभागायुक्तों एवं कलेक्टरों की ली बैठक

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने विगत दिवस समस्त संभागायुक्तों और कलेक्टर के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में जल-जीवन मिशन के कार्यों की धीमी गति को लेकर असंतोष व्यक्त करते हुए मिशन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कार्य के प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा करने के निर्देश राज्य स्तरीय अधिकारियों को दिए। जैन ने भारत की नागरिकता प्रदान करने के लिए प्राप्त हुए आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री करने और सभी जरूरी प्रक्रिया समयावधि में पूरा करने और आगे की कार्यवाही के लिए राज्य स्तर पर आवेदनों को प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। बैठक में अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, प्रमुख सचिव और छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आलोक शुक्ला, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. मनिन्दर कौर द्विवेदी और गृह विभाग के सचिव अरूण देव गौतम भी उपस्थित थे। जशपुर जिले के एनआईसी कक्ष से कलेक्टर रितेशकुमार अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर सचिन भूतड़ा, डिप्टी कलेक्टर योगेन्द्र श्रीवास, स्वास्थ्य, खाद्य, सहायक पंजीयक सहकारी संस्थान,नोडल अधिकारी अपेक्स बैंक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। मुख्य सचिव ने कोविड संक्रमण से ग्रस्त, होम आइसोलेशन में रहकर उपचार कराने वाले मरीजों के डेटा का संकलन करने कहा है। वेक्सीन की प्रथम डोज ले चुके लोगों को दूसरे डोज की अनिवार्यता समझाते हुए दूसरे डोज का टीकाकरण लेने के लिए सूचित करने के निर्देश दिए। जैन ने कहा है कि स्वास्थ्य विभाग के पास कोविड-19 के टीके पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। अतः पात्र सभी लोगों को टीकाकरण के लिए टीकाकरण केन्द्र तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने संक्रमण की जांच के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए है। जिला स्तर पर गठित कंट्रोल रूम में कोविड-19 से बचाव के लिए टीकाकरण केन्द्र, अस्पतालों में उपलब्ध बिस्तर आदि सभी जानकारियां रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। यह भी कहा गया है कि कलेक्टर स्वयं प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से स्थानीय मीडिया को समय-समय पर जानकारी उपलब्ध कराते रहें।

जैन ने कलेक्टरों से कहा है कि कोविड-19 संक्रमण के तीसरे लहर में गंभीर संक्रमित मरीजों के अस्पतालों में भर्ती होने की दर बेहद कम है। उसके बाद भी संक्रमण के कारण होने वाले मौतों को गंभीरता से लेते हुए विस्तृत जानकारी संकलित की जाएं और मरीजों का इलाज सुनिश्चित किया जाएं।

# कबीरधाम जिले में झोलाछाप डॉक्टर सक्रिय बिना डिग्री मरीजों से खिलवाड़, प्रतिबंध दवाई का भी करते हैं उपयोग

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com

अच्छे स्वास्थ्य के तमाम सरकारी वायदों के बावजूद कबीरधाम जिला के कई स्थानों पर आज भी लोगों की जिंदगी झोलाछाप डाक्टरों के भरोसे है। जिला -जनपद मुख्यालय से लेकर छोटे-छोटे कस्बा, गांव में ढेरों तथाकथित डॉक्टर अपनी दुकानें खोल कर न केवल लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलावाड़ कर रहे हैं बल्कि सरकारी नियमों को भी धत्ता बता रहे हैं।

### प्रतिबंध दवाई का उपयोग

कवर्धा, पंडरिया, बोड़ला, सहसपुर लोहारा शहरी क्षेत्रों से लेकर दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में झोलाछाप डॉक्टरों का कारोबार सरकारी चिकित्सकों की कमी के चलते खूब फल फूल रहा है। गांव-गांव घूम कर भी ये लोगों को उपचार की गारंटी देते रहते हैं। ये झोलाछाप डॉक्टर शर्तिया इलाज का दावा करके प्रतिबंधित दवाईयों का भी खुल कर प्रयोग कर रहे हैं। लोग भी उनके इस झूठे वादों में खिंचे चले आते हैं।



### कई वैरायटी के होते हैं झोलाझाप डॉक्टर

झोलाझापों की भी कई वैरायटी हैं। कोई जड़ी बूटी से स्वास्थ्य को ठीक करने की बात कहता है तो कोई अंग्रेजी से, कोई यूनानी नुक्से की बात समझाता है तो कोई अन्य तरह से रोग को दूर भगाने की बात करते हैं। समय-समय पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा इस तरह के अवैध कारोबार पर यदाकदा कार्यवाही करते हैं लेकिन पुनः लेनदेन कर संचालन शुरू कर देते हैं।

### मेडिकल स्टोर वाले चलाते हैं झोलाछाप डॉक्टर

अधिकांश मेडिकल स्टोरों में भी प्रतिबंधित दवाई, इंजेक्शन, गोली का पर्याप्त भंडारण करके रखते हैं जिसकी भनक ड्रग इंस्पेक्टर को भी नही लग पाता या देखकर भी अनदेखा किया जाता है। जो समझ से परे है।

### बड़े-बड़े अस्पताल खोलकर बैठे हैं झोलाछाप

झोलाछाप डॉक्टर गाव गाव घूमकर इलाज तो करते ही है लेकिन कुछ डॉक्टर तो बड़े-बड़े अस्पताल, क्लिनिक भी खोलकर रखे हुए हैं जहां पर बड़े-बड़े अधिकारी -कर्मचारियों के अलावा आमलोगों का इलाज होता है। इसमे कवर्धा जिलामुख्यालय, ब्लाक मुख्यालय और कस्बा क्षेत्र में बना हुआ है। दो मंजिला अस्पताल बनाकर मरीजो का इलाज किया जा रहा है।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की बैठक



**तिल्दा नेवरा।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की बैठक तिल्दा शहर मंडल में रखा गया जिसमें प्रदेश संयोजक के निर्देश पर रायपुर ग्रामीण के सभी मंडलों में आवश्यक बैठक कर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर चर्चा किया गया जिसमें रायपुर ग्रामीण के संयोजक राघवेंद्र कुमार साहू के द्वारा सभी ग्रामीण मंडलों में बैठक किया जा रहा है जिसमें कोरोना काल खत्म होने पर भव्य कार्यक्रम करने पर चर्चा किया गया जिसमें मितानिन व आँगनबाडी के कार्यकर्ता दीदी व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बेटियों का सम्मान किया जाना है बैठक में विशेष रुप ईश्वर यदु, मंडल अध्यक्ष, सौरभ जैन महामंत्री, मनोज निषाद महामंत्री एवं पार्षद सतीश निषाद पार्षद, संयोजक मुन्नी गिरी गोस्वामी के कार्यालय में चाय के साथ चर्चा आहूत की गई, जिला संयोजक राघवेंद्र साहू, जिला कार्यकारिणी सदस्य श्याम लाल साहू, खोरपा मंडल संयोजक रामकुमार साहू, सहसंयोजक संजय साहू, दीनबंधु साहू एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुनर्वास सहायक ने किया उपसंचालक के फर्जी हस्ताक्षर

## थाने में दर्ज हुई शिकायत

पायनियर संवाददाता ‹ पेण्ड्रा
www.dailypioneer.com

### अरविंद गेडाम सहायक संचालक समाज कल्याण विभाग जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही

शासन के निर्देशानुसार पुनर्वास केंद्र की स्थापना हेतु एचडीएफसी बैंक में मेरे द्वारा समस्त दस्तावेज हस्ताक्षर कर कोमल सोनी पुनर्वास साहब को को बैंक में जमा किए जाने हेतु दिया गया था पवन परंतु कोमल सोनी द्वारा एक ही स्थान पर मेरा फर्जी हस्ताक्षर कर अपना मोबाइल नंबर अंकित किया है जिसकी लिखित शिकायत मैंने थाना गौरेला में की है एवं उच्च अधिकारियों मामले को संज्ञान में लाने प्रतिलिपि प्रेषित की है।

नवगठित जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही में संचालक समाज कल्याण के निर्देशानुसार दिव्यांग पुनर्वास केंद्र की स्थापना किए जाने हेतु प्रस्ताव चाहा गया था जिसको पूर्ण किए जाने हेतु दिव्यांग पुनर्वास केंद्र का खाता एचडीएफसी बैंक गौरेला में खुलवाया जाना था जिसके लिए संपूर्ण दस्तावेजी प्रक्रिया पूर्ण करा कर खाता खोलने हेतु फार्म एवं आवश्यक दस्तावेज हस्ताक्षर कर उपसंचालकअरविंद गेडाम द्वारा कोमल सोनी पुनर्वास सहायक गौरेला को बैंक में जमा करने हेतु दिया गया था परंतु मौके का फायदा उठाकर पुनर्वास सहायक सोनी द्वारा दस्तावेज में फर्जी हस्ताक्षर एवं अपना मोबाइल नंबर अंकित किया गया विभाग द्वारा बैंक से जब पासबुक की मांग की गई तब बैंक द्वारा बताया गया कि पुनर्वास सहायक कोमल सोनी को पासबुक दी जा चुकी है क्योंकि यह पासबुक शासकीय दस्तावेज है एवं विभाग को न मिलने पर यह खाता शक के दायरे में आने पर समाज विभाग कल्याण के उपसंचालक द्वारा बैंक से जमा किए गए दस्तावेज मांगे जाने पर ज्ञात हुआ कि एक ही स्थान पर पुनर्वास सहायक द्वारा सहायक संचालक के फर्जी हस्ताक्षर किया गया है एवं अपना स्वयं का मोबाइल नंबर भी अंकित किया है विभाग द्वारा पासबुक की द्वितीय प्रति बैंक से मांगी गई उसमें भी कोमल सोनी का मोबाइल नंबर अंकित है जो प्रथम दृष्टया कूट रचना कर शासन की राशि का स्वयं के हस्ताक्षर द्वारा फर्जी हस्ताक्षर कर आहरण की मंशा से किया गया है जोकि अपराध की श्रेणी में आता है ,जिसकी लिखित शिकायत सहायक संचालक समाज कल्याण विभाग अरविंद गेडाम ने थाना गौरेला में लिखित शिकायत की है साथ ही उन्होंने उच्च प्रशासनिक अधिकारियों के संज्ञान में लाने शिकायत की प्रतिलिपि संचालक समाज कल्याण विभाग रायपुर जिला कलेक्टर पुलिस अधीक्षक जिला पुनर्वास अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को भी देते हुए मामले को गंभीरता से जांच कर सख्त कार्यवाही की अपेक्षा की है ।

# जिले में महिला सुपरवाईजर पद के लिए आयोजित परीक्षा सफलता पूर्वक हुई सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ व्यवसायिक मंडल व्यापम द्वारा आयोजित महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विशेष रूप से महिलाओं के लिए महिला सुपरवाइजर पद के लिए आज जशपुर जिले में परीक्षा आयोजित किया गया। उक्त परीक्षा के प्रथम पाली में परीक्षार्थियों की संख्या 4102 थी। जिसमें कुल 3845 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। कुल अनुपस्थित रहने वाले परीक्षार्थी 257 थे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में कुल परीक्षार्थियों की संख्या 1231 थी जिसमें 1125 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए तथा 106 परीक्षार्थियों अनुपस्थित थे। अग्रणी महाविद्यालय, शासकीय राम भजन राय एन ई एस स्नातकोत्तर महाविद्यालय जशपुर, में परीक्षार्थियों के अभिभावकों एवं परिवार के सदस्य जो छोटे बच्चों को लेकर आए थे। उनके संबंध में केंद्राध्यक्ष प्रो डी आर राठिया ने बताया कि इस परीक्षा में जो परीक्षार्थी आये थे जो अपने साथ छोटे बच्चों को लेकर आए थे या अभिभावक आये थे। उन्हें मौसम को देखते हुए कन्या छात्रावास में रूकने की व्यवस्था की गई थी। अभिभावक ने व्यवस्था की प्रशंसा की। जिला सहायक समन्यवक डा. विनय तिवारी ने बताया कि प्रथम पाली में लगभग 94 प्रतिशत् अभ्यर्थी और दूसरे पाली में 91 प्रतिशत से अधिक अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल हुए। मौसम और बारिश को देखते हुए अभ्यर्थियों के साथ आए उनके छोटे बच्चों और वृद्ध अभिभावकों के लिए महाविद्यालय में स्थित कन्या छात्रावास को अस्थाई रूप से डे केयर सेंटर के रूप में व्यवस्था कि गई थी। परीक्षा बिना किसी अवरोध के शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। एन ई एस महाविद्यालय के प्राचार्य एवम इस परीक्षा के जिला समन्वयक डॉ विजय रक्षित ने बताया कि जिले में प्रथम पाली में कुल 11 परीक्षा केंद्र एवं द्वितीय पाली में 3 परीक्षा केंद्र निर्धारित किये गए थे।

# कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्यों ली समीक्षा बैठक

## मेनपावर बढ़ाने और समांतर कार्य कराकर निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के दिए सख्त निर्देश

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर सचिन भूतड़ा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मुख्य कार्यपालन अभियंता व्ही.के. उरमलिया, जिला शिक्षा अधिकारी जे.के.प्रसाद, परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास विस्मिता पाटले, सभी जनपद सीईओ, पीएचई के एसडीओ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर अग्रवाल ने सभी विकासखंडो में पंचायतवार जल जीवन मिशन के कार्यो की जानकारी लेते हुए डीपीआर तैयार करने, प्रशासकीय स्वीकृति, निविदा एवं कार्यादेश के कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए साथ ही प्राप्त सभी डी.पी.आर. का शीघ्र परीक्षण कर ड्रॉफ्ट व शेड्यूल ऑफ क्वानटिटी जैसी अन्य आवश्यक तकनीकी कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने की बात कही। उन्होंने पीएचई के कार्यपालन अभियंता को जल्द से जल्द सभी योजनाओं की निविदा आमंत्रण की कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए।

साथ ही प्राप्त निविदाओं पर आगे की कार्यवाही करते हुए इकाईयों को कार्य आदेश जारी करने के लिए कहा। इस हेतु जिला सहित ब्लॉक स्तर पर मेनपावर बढ़ाने, समांतर रूप से सभी कार्यो को पूर्ण करने एवं नियमित रूप से कार्यो का मॉनिटरिंग करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने पंचायतवार जल जीवन मिशन के कार्यों की डीपीआर की जानकारी तैयार कर सूची उपलब्ध कराने के लिए कहा। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियो को सभी विकासखण्ड हेतु पृथक-पृथक टीम लगाने तथा निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्य में लापरवाही बरतने एवं निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण न करने वालों पर कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान कलेक्टर अग्रवाल ने जल जीवन मिशन के तहत् टेपनल के माध्यम से सभी शासकीय भवनों में पेयजल उपलब्ध कराने के कार्यों की भी समीक्षा की। साथ ही सभी विकासखंड के स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केन्द्र, आश्रम छात्रावासों मे रनिंग टेप वाटर की उपलब्धता की जानकारी ली।

उन्होंने सभी संबंधित विभागों को उक्त कार्य का जल्द से जल्द भौतिक सत्यापन कराने कहा। ऐसे स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केन्द्रों, आश्रम छात्रावासों जहां रनिंग टेप वाटर की सुविधा न हो वहां पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने की बात कही। कलेक्टर अग्रवाल ने विभाग के एमआईएस पोर्टल पर एफ.एच.टी.सी. की त्रुटिपूर्ण एंट्री में सुधार लाने एवं अद्यतन जानकारी एंट्री करने हेतु निर्देशित किया।

कार्यालय नगर पालिक निगम
रायपुर
नगर निगम मुख्यालय, नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.) फोन नम्बर - 0771-2535780, 90
फैक्स : 0771227395, ई-मेल dcrmc@rediffmail.com

-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्रमांक 272/2021-2022
वार्ड का नाम -श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र.-61

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र. 61 स्थित भवन / भूमि क्र. **61/63/C/13 सांई विला** जो कि निगम अभिलेख में **श्रीमती प्रेमलता गुप्ता पति स्व. ए.के. गुप्ता** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री अंकुर गुप्ता पिता श्री अरूण गुप्ता** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. -06
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम
रायपुर
नगर निगम मुख्यालय, नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.) फोन नम्बर - 0771-2535780, 90
फैक्स : 0771227395, ई-मेल dcrmc@rediffmail.com

-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्रमांक 274/2021-2022
वार्ड का नाम -श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र.-61

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र. 61 स्थित भवन / भूमि क्र. **61/63/C/4 सांई विला भाठागांव** जो कि निगम अभिलेख में **श्रीमती प्रेमलता गुप्ता पति स्व. ए.के. गुप्ता** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री अंकुर गुप्ता पिता श्री अरूण गुप्ता** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. -06
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम
रायपुर
नगर निगम मुख्यालय, नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.) फोन नम्बर - 0771-2535780, 90
फैक्स : 0771227395, ई-मेल dcrmc@rediffmail.com

-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्रमांक 273/2021-2022
वार्ड का नाम -श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र.-61

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र. 61 स्थित भवन / भूमि क्र. **61/63/P/42 सांई विला C/12 भाठागांव** जो कि निगम अभिलेख में **श्रीमती प्रेमलता गुप्ता पति स्व. ए.के. गुप्ता** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री अंकुर गुप्ता पिता श्री अरूण गुप्ता** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. -06
नगर पालिक निगम, रायपुर

# खुलासा : रनर मोल्डिंग सेंड खदान के लिए वाहनों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य, लेकिन बांकल से बगैर पंजीयन के हुआ परिवहन

**लगातार सामने आ रही गड़बड़ियां, ग्रामीण आज बैठक की तैयारी में**

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पनेका-बांकल में अस्थोई रुप से प्रतिबंधित रनर मोल्डिंग सैंड प्रावधान के तहत स्वीबकृत रेत खदान के संचालन में बरती जा रही अनियमितता गई ढेरों अनियमितताओं की परतें धीरे-धीरे उधड़ती जा रही है। औद्योगिक आपूर्ति के लिए ही स्वीकृत रेत खदान में परिवहन के लिए वाहनों काई रजिस्ट्रे शन अनिवार्य है। इस पंजीयन के बाद ही वाहन को परिवहन की अनुमति है।अब यह खुलासा हुआ है कि खदान संचालक ने आज तक किसी भी वाहन का ई-रजिस्ट्रे शन परिवहन के लिए करवाया ही नहीं है।

इस खुलासे के बाद एक बार फिर खदान संचालक की मुश्किलें बढ़ सकती है। लंबे समय से नदी के प्रवाह और दिशा को प्रभावित कर मशीनों से किए जा रहे उत्ख नन के बाद आखिर रेत का जिन वाहनों से परिवहन किया गया वह भी पूर्णतः अवैध ही है। इस लिहाज से खदान शुरु किए जाने के पहले दिन से यहां नियम-शर्तों को दरकिनार कर अवैध तरीके से उत्ख-नन और परिवहन किया जाता रहा। इन सवालों के जवाब खदान संचालक के पास भी नहीं है।

खबर है कि जिला प्रशासन भी खदान संचालन को लेकर तय नियम-शर्तों की गंभीरता से पड़ताल कर रहा है। इधर, बांकल के ग्रामीण सोमवार को ग्राम में ही बैठक करने की तैयारी में हैं।

बैठक के बाद ग्रामीण मौके पर ही मीडिया से चर्चा करेंगे। गौरतलब है कि पहले ही ग्रामीण खदान संचालक पर गंभीर आरोप लगा चुके हैं। यहां के निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने पुलिस को आवेदन सौंपकर संचालक के खिलाफ डराने-धमकाने का आरोप भी लगाया है। बांकल में स्थिति काफी तनावपूर्ण है। दूसरी ओर खदान संचालक का कहना है कि ग्रामीण उन्हेंण ब्लैतकमेल करते आ रहे हैं। साथ ही उन्हेंच झूठे मामलों में फंसाने की धमकी दी जाती है।


खदान संचालक ने मुनाफे के फेर में नदी का प्रवाह रोका, जांच के नाम पर रायता समेटने में भिड़ा प्रशासन

गरमाया अवैध उत्खनन का मामला : सत्ता पक्ष से सामने आए निखिल ने कहा, भूपेश सरकार में ये गुनाह बर्दाश्त नहीं, इधर प्रशासन भी कार्रवाई के मूड में

राज्य पर्यटन मंडल सदस्य निखिल द्विवेदी ने शिवनाथ नदी में हो रहे अवैध उत्खनन मामले कार्रवाई की मांग की

पर्यावरण, राजस्व, खनिज और जल संसाधन विभाग के नियम-कानून तोड़ चलती रही बांकल की रेत खदान, शिवनाथ से खिलवाड़ पर भी प्रशासन मौन?

बांकल से निकल रही रेत अवैध : पाईप लाईन बिछाकर शिवनाथ के वॉटर लेवल से छेड़छाड़ की जा रही, नदी के बीच से निकाल रहे रेत, बाजार में बेचने अनुमति भी नहीं

खदान से निकल रही रेत की सिर्फ इंडस्ट्रियल सप्लाई की अनुमति, लेकिन बगैर रॉयल्टी के बाजार में बेच रहे

## दो जांच, रिपोर्ट अब तक नहीं

ग्रामीणों की शिकायत और फिर उनके ही द्वारा खदान बंद करवाए जाने के बाद बांकल में शिवनाथ नदी में जारी अवैध उत्खउनन परिवहन का मामला जब सुर्खियों में आया तो प्रशासन के लिए यह किरकिरी का कारण साबित हुआ। नाराज़ कलेक्टदर ने इस मामले में सभी जिम्मेणदारों को त्वीरित कार्रवाई के लिए निर्देशित किया था। बताया जाता है कि कलेक्टनर ने सीधे तौर पर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की बात कही है। खदान की जांच को लेकर दो अलग-अलग जांच कमेटियां बनी है। एक टीम ने जांच पूरी कर ली है तो वहीं दूसरी जांच शेष है। पर्यावरण संरक्षण मंडल की ओर से भी खदान की जांच होनी है।

## न रॉयल्टी का पता, न खनन का

बीते दिनों खदान संचालक मीडिया के सामने आए। उन्होंने पत्रकारवार्ता लेते हुए अपनी खदान और उत्खंनन के तरीकों को जायज ठहराया। उन्होंशने सभी के लिए अनुमति मिलने की बात कही लेकिन इससे जुड़े सवालों पर वे गोल-मोल जवाब देते रहे। खदान संचालक की ओर से यह जानकारी अब भी नहीं दी जा रही है कि आखिर खदान से निकली रेत किन उद्योगों को कितनी मात्रा में सप्लाषई की गई है। शासन को कितनी रॉयल्टीच दी गई है इसकी भी जानकारी संचालक छिपा रहे हैं। ये सारे गोलमोल जवाब संदेह को और बढ़ा रहे हैं।

# नाबालिग को लेकर भागा युवक गिरफ्तार, जेल दाखिल

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



एक नाबालिग युवती को बहला-फुसलाकर अपहरण कर शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी को डोंगरगढ़ पुलिस ने दुर्ग से ढूंढ निकाला है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है। वहीं पुलिस ने नाबालिग युवती को भी बरामद कर लिया है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 21 जनवरी को प्रार्थी ने डोंगरगढ़ थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 17 जनवरी को उसकी नाबालिग नातिन दोपहर से घर से कहीं चली गई है। उसने पुलिस के समक्ष आशंका जताया कि कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाकर ले गया है। रिपोर्ट पर गुम इंसान एवं अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की।

पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग ओपी पाल, एसपी संतोष सिंह तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश बढ़ई एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ कृष्णकुमार पटेल द्वारा दिए गए निदेर्शों का पालन करते एवं प्रकरणकी गंभीरता को देखते तत्काल थाना स्तर पर टीम गठित कर दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव एवं सरहदी राज्यमप्र, महाराष्ट्र व नागपुर में निरंतर पता तलाश की जा रही थी। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि नाबालिग को गोविंदा उर्फ मोनू मेश्राम निवासी बंगालीपारा डोंगरगढ़ द्वारा भगाकर ले जाकर उरला दुर्गमें रखा गया है। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक शिव चंद्रा के नेतृत्वमें तत्काल टीम उरला दुर्ग रवाना होकर नाबालिग को आरोपी गोविंदा के कब्जे से बरामदकर पूछताछ किया गया। पूछताछ में पीड़िता द्वारा आरोपी गोविंदा द्वारा बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाकर शारीरिक संबंध बनाना बताई है।

आरोपी का कृत्य अपराध धारा सदर 363, 366, 376 (2) (ढ़) भादवि 4,5, (ठ) 6 पाक्सो एक्ट पाए जाने से 23 जनवरी को आरोपी गोविंदा को विधिवत गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

# 9 हजार 864 हुए शामिल, 650 नहीं पहुंचे

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा रविवार को दो पालियों में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा (एमबीए21) प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9 से दोपहर 12.15 बजे तक 31 परीक्षा केंद्रों में आयोजित हुई। इस परीक्षा के लिए 10 हजार 514 परीक्षार्थियों ने अपना पंजीयन कराया था। प्रथम पाली की परीक्षा में 9864 परीक्षार्थी शामिल हुए। जबकि 650 परीक्षार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 2 से शाम 5.15 बजे तक 4 परीक्षा केंद्रों में आयोजित होगा। परीक्षा के पूर्व परीक्षार्थियों को केंद्र में मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग समेत अन्य कोरोना प्रोटोकाल का पालन कराया गया।

समन्वयक व प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर ने बताया कि व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा की प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9 बजे से शहर के 31 परीक्षा केंद्रों में शुरू हुई। प्रथम पाली की परीक्षा में 10 हजार 514 परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई थी। जिसमें 9 हजार 864 ही परीक्षार्थी शामिल हुए। जबकि 650 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए। इसी तरह द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शुरू होगी। इस परीक्षा के लिए शहर में 4 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। द्वितीय पाली की परीक्षा में 12 से 13 सौ परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई है।

# सामुदायिक भवन भूमिपूजन में पहुंचे आर्यव्रत सिंह

पायनियर संवाददाता ◀ गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com



जनपद पंचायत के 15वें वित्त आयोग से सभापति गुलशन तिवारी के अनुशंसा से 5 लाख की स्वीकृत सामुदायिक भवन का भूमि पूजन ग्राम उदयपुर में दिवंगत विधायक देवव्रत सिंह के पुत्र व खैरागढ़ रियासत के राजा आर्यव्रत सिंह के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। आर्यव्रत सिंह के साथ उनकी मां पदमा देवी सिंह व बहन राजकुमारी शताक्षी सिंह भी पहुंची।

ग्रामीणों के द्वारा अपने राजा का बाजे गाजे व पटाखे के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभापति गुलशन तिवारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की सरकार है और उनके आने से गांव के हर गली मोहल्ले के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में चौमुखी विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री के द्वारा ही जनपद सदस्यों को उनका अधिकार दिलाते हुए 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत जनपद निधि का प्रावधान रखा गया है। जिसके अंतर्गत 5 लाख का सामुदायिक भवन की स्वीकृति प्राप्त हुई है आने वाले वर्षों में भी इस सामुदायिक भवन को और बड़ा बनाकर ग्राम विकास में सहयोग करेंगे साथ ही साथ 2020-21 वित्तीय वर्ष के अंतर्गत पाइप लाइन विस्तार के लिए 1 लाख नाली निर्माण के लिए लाख प्राथमिक स्वास्थ्य स्वास्थ्य केंद्र उदयपुर के शौचालय की मरम्मत के लिए 1 लाख हाई स्कूल शौचालय मरम्मत के लिए 35000 रुपये के साथ साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदयपुर में स्वच्छ पानी के लिए 40000 रुपये का वाटर कूलर काभी भूमि पूजन किया गया।

जनपद उपाध्यक्ष ललित महोबिया ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम उदयपुर दिवंगत विधायक देवव्रत सिंह का गृह ग्राम है उनके द्वारा ग्राम उदयपुर के विकास को हमेशा ध्यान दिया जाता था। अगर जरूरत पड़ी तो हम जनपद सदस्यों के द्वारा अपने जनपद निधि कुछ राशि उदयपुर का विकास करने में सहयोग करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजा आर्यव्रत सिंह ने कहा कि मैंने 4 नवंबर दिवाली के दिन अपने पिता को खोया है परंतु उदयपुर के हर एक व्यक्ति मेरे पिता के समान है। उनके जाने के बाद मुझे सैकड़ों पिता का प्यार मिल रहा है। ऐसे ही प्यार आप सदैव बनाए रखिएगा। मेरे पिता स्वर्गीय देवव्रत सिंह जी हमेशा उदयपुर में ही रहना पसंद करते थे। उनको ग्रामीण जीवन शैली बहुत ज्यादा पसंद था। समय आने पर हमारा पूरा परिवार उदयपुर में ही रहेंगे। भूमि पूजन कार्यक्रम में प्रमोद सिंह ठाकुर, कन्हैया बैस, डब्बू खान, सभापति लाकेश्वर चंदेल, अमृत जांघेल सरपंच अनिता नायडू धुर्वे उपसरपंच देवेंद्र जंघेल बोरई सरपंच लेखराम डहरवाल आदेश जंघेल सनत सिंहा व हजारों की संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# ताबड़तोड़ कार्रवाई : 325 प्रकरणों में डेढ़ से ज्या दा की वसूली

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




यातायात पुलिस नियमों का उल्लंघन करने वालों पर अभियान चलाते कार्रवाई कर रही है। यातायात पुलिस ने 5 दिनों के अभियान में विभिन्न धाराओं के 325 प्रकरणों में एक लाख 60 हजार 400 रुपए समन शुल्क वसूल की है। इसके अलावा विभाग की कार्रवाई निरंतर जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार नवपदस्थ एसपी संतोष सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र ठाकुर के मार्गदर्शन में गत् 5 दिनों से यातायात पुलिस द्वारा नियम विरूद्ध वाहन चालकों के उपर अभियान के तहत् शराब सेवन कर वाहन चालन के 16 प्रकरणों में 10 प्रकरण में प्रति प्रकरण 10000 समन शुल्क न्यायालय द्वारा वसूल किया गया। साथ ही लाइसेंस निलंबन हेतु प्रकरण आरटीओं को भेजा गया, शेष 6 प्रकरण लंबित है। 7 नाबालिग वाहन चालकों को रोककर उनके परिजनों को थाना मे समझाईस देकर दोबारा ऐसा न करने की हिदायत देकर चालानी कार्रवाई की गई। तेज आवाज वाले 8 बुलेट को रोककर उनका साइलेंसर जब्त कर चालानी कार्रवाई की गई। इसी प्रकार दोपहिया में तीन सवारी, बिना हेलमेट, तेज वाहन चालन, संकेतक का उल्लंघन, खतरनाक तरीके से वाहन चालन सहित अन्य धाराओं में 325 प्रकरणों में 160400 समन शुल्क वसूल किया गया। आगे भी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

**पिछले 1 हफ्ते में लगभग 1403 व्यक्ति कोविड-19 से हुए रिकव्हर**

# जिले में अब तक 21 लाख 99 हजार 944 व्यक्तियों ने लगाया कोविड टीका

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com






जीवनदायिनी वैक्सीन का दो डोज कोविड-19 की महामारी की विपरीत परिस्थियों से निपटने में प्रभावी रहा। जिले में वैक्सीनेशन जुनून, हिम्मत और जागृति की इबारत है। कोरोना की दो लहर की विभीषिका से मिले जख्म जिससे ठीक तरह से उबर भी नहीं पाए थे। ऐसे में कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रोन की दस्तक से सबका सहम सा जाना वाजिब भी था। जिले में टीकाकरण का परिणाम असरकारक रहा है। इस बार स्थितियां और चुनौतियां अलग थी। कोविड-19 का टीका सबके लिए संबल बना। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा के नेतृत्व में टीकाकरण महाअभियान में सभी वर्गों की व्यापक सहभागिता रही। जिला प्रशासन द्वारा जिस तेज गति से दूरगामी परिस्थितियों को देखते हुए टीकाकरण अभियान को लक्ष्य तक पहुंचकर अंजाम दिया गया, वह काफी महत्वपूर्ण है। जिसके सार्थक परिणाम अब दिखाई दे रहे हैं। इस बार भी नागरिक कोविड पॉजिटिव तो हुए लेकिन रिकव्हर दर काफी अच्छी रही है। मन में हिम्मत के टीके से आस और विश्वास भी बना रहा। हमारे स्वास्थ्यकर्मी, फ्रंट लाइन वर्कर्स कोरोना पॉजिटिव होने के बाद जल्दी ही रिकव्हरी ले रहे हैं और स्वस्थ होकर सेवाएं दे रहे हैं। जिले में कोरोना संक्रमण से सुरक्षा के लिए अब तक 21 लाख 99 हजार 944 व्यक्तियों ने कोविड टीका लगवा लिया है। जिसमें से कोविड टीका का प्रथम डोज 12 लाख 86 हजार 182 लोगों ने लगा लिया है। वहीं कोविड टीका का दूसरा डोज 9 लाख 829 तथा बूस्टर डोज 12 हजार 833 लोगों ने लगाया है। पिछले 1 हफ्ते में लगभग 1403 व्यक्ति कोविड-19 से रिकव्हर हुए हैं।

जिले में कोविड-19 के नए वैरिएंट ओमिक्रोन का मुकाबला करने के लिए व्यापक तौर पर अभियान चलाकर वैक्सीनेशन किया गया। जिसमें शहरी क्षेत्रों से लेकर सुदूर वनांचल क्षेत्रों तक टीकाकरण किया गया। अभियान में बड़े बुजुर्ग, महिलाओं, युवाओं ने विशेष सहभागिता दिखाई। शासन द्वारा कोरोना की तीसरी लहर के दृष्टिगत स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूती प्रदान की गई है। जिला प्रशासन द्वारा कंट्रोल रूम नंबर 7440203333 के माध्यम से 24 घंटे सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। कोविड जांच बढ़ाई गई है और अधिक से अधिक सैम्पल लिए जा रहे हैं। निगरानी एवं नियंत्रण तंत्र को मजबूत किया गया है। कोरोना को हराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सक्रिय कदम उठाये जा रहे हैं। होम आइसोलेशन में रहने वाले मरीजों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। मरीजों के दवाई की उपलब्धता के लिए वाहन सुविधा उपलब्ध कराई गई है। किसी तरह की परेशानी की स्थिति में उदयाचल संस्था द्वारा निःशुल्क भोजन की पहल भी मरीजों के लिए की गई है। सीमावर्ती चेक पोस्ट में सख्ती बढ़ाई गई है और लगातार कोविड जांच की जा रही है। कोरोना की चेन को तोडने के लिए मास्क लगाने एवं कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करना एक मजबूत प्रयास है। जिला प्रशासन द्वारा लगातार मार्केट में जागरूकता अभियान चलाए जाने के साथ ही मास्क नहीं लगाने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। निश्चय ही इस कठिन समय का सामना हम टीकाकरण, जागरूकता, अनुशासन से कर पाएंगे।

**न्यायालय नजूल अधिकारी**
**(नजूल जांच) राजनांदगांव (छ.ग.)**

राजस्व मामला क्रमांक 202109093700027/ अ-6/वर्ष 2020-21

**-:: ईश्तहार ::-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अरविंद सोनी आ. श्रीलाल सोनी निवासी कौरिनभाठा राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव मोहल्ला कौरिनभाठा स्थित शीट क्रमांक 16 ए भूखण्ड क्रमांक 47/3 क्षेत्रफल 7600 वर्गमीटर जो कि धारक रजनी निर्मलकर ध.प. सुखीराम निर्मलकर निवासी ठाकुरटोला पो. सोमनी तहसील जिला राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूखण्ड को आवेदक की पत्नी क्रेता चम्पा सोनी द्वारा क्रय करने के पश्चात अपना नाम नजूल अभिलेख में दर्ज नहीं कराया गया है। क्रेता स्व. चम्पा सोनी की मृत्यु हो जाने के कारण विक्रय पत्र के आधार पर क्रेता स्व. चम्पा सोनी के वारिसानों का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते हैं, पेशी तारीख 10.02.2022 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20.01.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

(मुहर)
नजूल अधिकारी,
नजूल जांच, राजनांदगांव

# पर्यवेक्षकों की परीक्षा, जाम के कारण शहर रहा हलाकान

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



शहर के आसपास के शिक्षण संस्थानों के जाने वाली सड़कों पर रविवार सुबह से जगह-जगह जाम की स्थिति बनी रही। महिला एवं बाल विकास विभाग में पर्यवेक्षकों(सुपरवाइजर) की रिक्त पदों पर भर्ती के लिए सुबह 9 बजे से परीक्षा होनी थी। प्रतिभागियों को सुबह 8 बजे परीक्षा केंद्रों में उपस्थिति देना अनिवार्य था इसमें शामिल होने के लिए परीक्षा देने वालों की भीड़ को जगह-जगह जाम का सामना करना पड़ा। लंबे जाम के चलते कई कैंडिडेट परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए और उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ा। सुबह और और दोपहर बाद दो पालियों में आयोजित परीक्षा के कारण सुबह दोपहर और शाम को पूरे शहर में भारी जाम की स्थिति रही ।परीक्षार्थी चूंकि महिलाएं थी इसलिए उन्हें लाने और लेजाने उनके परिजन भी आए कोई बाइक से तो कोई कार से छोड़ने और लेने पहुंचे शादी शुदा महिलाओ के साथ बच्चे भी पहुंचे इस कारण जाम से सब हलाकान रहे । इस परीक्षा में सुपरवाइजर के 200 पदों के लिए 56 हजार से अधिक परीक्षार्थियों को शामिल होना था। फिर भी ट्रैफिक पुलिस ने इसे लेकर कोई व्यवस्था ही नहीं की। बताया गया की सुबह 8 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक शहर के अलग-अलग इलाकों में इसी तरह से जाम लगा रहा। परीक्षा देने जा रहे परीक्षार्थियों के साथ आने-जाने वाले लोग भी 6 घंटे तक इसी तरह परेशान होते रहे। पुराने अरपा पुल ,देवकी नंदन चौक ,सदर बाजार गोल बाजार समेत शहर के अनेक क्षेत्रों में दोपहर और शाम को सड़को पर भारी जाम रहा । सुपरवाइजर पद के लिए पता नही क्यों परीक्षार्थी को 40 से 50 किलोमीटर दूर का परीक्षा सेंटर दिया गया । कई को 70 किलोमीटर दूर तक सफर तय करना पड़ा । परीक्षा केंद्र पहुंचने में कई घंटे का रास्ता तय करने और वह भी सुबह 8 बजे पहुंचने के फरमान के चलते बड़ी संख्या में परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों तक नही पहुंच पाए ।कई प्रतिभागियों को गृह जिले के बजाय पड़ोसी जिले के परीक्षा केंद्र में सेंटर दिया गया ।ऐसे जटिल निर्णय के पीछे सरकार का क्या उद्देश्य था और किस नौकरशाह का दिमाग रहा यह तो पता नही लेकिन परीक्षार्थी परीक्षा की तैयारी करने के बजाय दूरस्थ परीक्षा केंद्र को लेकर परेशान रहे । कई महिलाएं तो दुधमुही बच्चियों को लेकर सेंटर समय पर पहुंचने की जुगत में लगे।

रविवार सुबह 8 बजे से ही सड़कों में अचानक वाहनों की लाइन लगनी शुरू हो गई थी। सीपत चौक, नूतन चौक के साथ ही अरपा के पुराना पुल और इंदिरा सेतु पुल के अलावा लालखदान में ओवरब्रिज के पास एक किलोमीटर तक दोनों तरफ से वाहनों की कतार लगी हुई थी। यही हाल राजीव गांधी चौक, जरहाभाठा, इंदु चौक, सिविल लाइन, बर्जेस स्कूल, मुंगेली नाका, शेफर स्कूल, नेहरू चौक से लेकर देवकीनंदन, सदरबाजार, कोतवाली चौक, दयालबंद के साथ ही रायपुर रोड में भी रहा।

## परीक्षा में कुल 49 हजार 879 परीक्षार्थी हुए शामिल

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत पर्यवेक्षकों हेतु भर्ती परीक्षा आज दो पालियों में आयोजित की गई। जिले में आयोजित इस व्यावसायिक परीक्षा के प्रथम पाली प्रातः 9 बजे से 12.15 बजे तक में कुल परीक्षार्थियों की संख्या 56 हजार 566 थी। जिसमें से 45 हजार 837 उपस्थित एवं 10 हजार 729 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक आयोजित परीक्षा में कुल परीक्षार्थियों की संख्या 5 हजार 808 थी। जिसमें से 4 हजार 42 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 1 हजार 766 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान सभी परीक्षार्थियों ने कोविड-19 महामारी के दिशा-निर्देशों जैसे सोशल डिस्टेंसिंग, सेनेटाईजेशन, मास्क पहनना का पालन किया।

## दूसरे जिले के भी लोग पहुंचे

दरअसल, सुबह 9 बजे से व्यावसायिक परीक्षा मंडल की ओर से महिला एवं बाल विकास विभाग में 200 पर्यवेक्षकों के रिक्त पदों की परीक्षा होनी थी। इसमें शामिल होने के लिए शहर और जिलेभर के साथ ही दूसरे जिले से भी परीक्षार्थी आए थे।जाम के दौरान सड़कों पर वाहनों की कतार लग गई थी। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने परीक्षा के लिए जिले में 193 केंद्र बनाए हैं। जिसमें 56 हजार 500 प्रतियोगियो को शामिल हो ना था । पहली पाली में परीक्षा सुबह 9 से दोपहर 12.15 बजे चली। इसके बाद दूसरी पाली में परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक आयोजित हुई। परीक्षा केंद्र के बाहर भी प्रतियोगियों की भीड़ लगी रही ।कोरोना काल में हुई परीक्षा, फिर भी प्रशासन ने जाम से निपटने कोई खास व्यवस्था नहीं की थी। कोरोना काल के बीच आयोजित इस परीक्षा में हजारों प्रतियोगियों ने फार्म जमा किया । यही वजह है कि रविवार की परीक्षा में शामिल होने के लिए शहर की सड़कों में सभी तरफ परीक्षा देने वालों की भीड़ दिखाई दे रही थी। जिला प्रशासन ने परीक्षा की तैयारी पूरी होने का दावा किया था। लेकिन, यातायात पुलिस को शहर में जाम लगने की भनक नहीं लगी होगी यह कैसे हो सकता है ? इस मामले में एडिशनल एसपी ट्रैफिक रोहित बघेल का कहना है कि रविवार को परीक्षा होने के कारण एक साथ बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों की भीड़ आ गई। जिसके चलते ट्रैफिक जाम की समस्या हुई। सूचना मिलने पर सभी पॉइंट और परीक्षा केंद्रों के आस-पास ट्रैफिक के जवानों की ड्यूटी लगाई गई । इतनी बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों के शामिल होने के चलते भी इस तरह अचानक सड़कों पर जाम की स्थिति बनी। इस परीक्षा के लिए शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इसमें शामिल होने के लिए शहर व जिले के साथ ही दूसरे जिलों के प्रतियोगी शामिल हुए। आंगनबाड़ी केंद्रों में काम करने वाली कार्यकर्ता व सहायिकाएं भी परीक्षा में शामिल हुईं। लिहाजा, दूरदराज से आए प्रतियोगी रात में ही रेलवे स्टेशन पहुंच गईं थी। यही वजह है कि सुबह से परीक्षा केंद्र पहुंचने के लिए उन्हें भटकना पड़ा।ऐसा अक्सर होता है । प्रतियोगी परीक्षाओं के दिन भीड़ भाड़ ज्यादा रहती है और जाम की स्थिति होती है मगर ट्रैफिक पुलिस हर बार ऐसी व्यवस्था से चूक जाती है। जिसका खामियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़ता है।

# एनएसएस स्वयंसेवकों ने मनाया पराक्रम दिवस

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




राष्ट्रीय सेवा योजना डी पी विप्र महाविद्यालय के स्वयंसेवक स्वयंसेविकाओं ने मिलकर आजाद हिन्द फौज के संस्थापक स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाई।जिसे सारा देश पराक्रम दिवस के रूप में जानता है।स्वयंसेवकों ने नगर के सुभाष चंद्र बोस चौक जाकर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया तथा सभी को देशहित में सोचने को प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना प्रो मनोज सिन्हा ने स्वयंसेवकों को राष्ट्र की सेवा हेतु प्रेरित किया। डी पी विप्र महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अंजू शुक्ला, डा एम एस तंबोली, रेड क्रॉस प्रभारी डा मनीष तिवारी, एलुमिनी कमेटी अध्यक्ष अविनाश सेठी, प्रो किरण दुबे, प्रो आभा तिवारी, रो.रीना ताम्रकार (कार्यक्रम अधिकारी), प्रो.यूपेश कुमार(कार्यक्रम अधिकारी) ने शुभकामनाएं दी। स्वयंसेवक विभांशु अवस्थी, साकेत चंद्रा, जीतेश कुमार, रोहित वस्त्रकार, संतोष, सोमी कश्यप, भाविक जैन, अनुपम, गौरव यादव तथा स्वयंसेविका प्रतिभा साहू, तंजीम बेगम, आदि का योगदान रहा।

# अवैध रेत घाट में युवकों की दबंगई, ड्राइवर से की मारपीट

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



निरतू के अवैध रेतघाट में युवकों ने ट्रैक्टर ड्राइवर पर माइनिंग विभाग में शिकायत का आरोप लगाते हुए मारपीट की। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित किसी तरह वहां से जान बचाकर भागा। इसके बाद कोनी थाने में शिकायत की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। कोनी के तुरकाडीह में रहने वाले राजा माथुर किसान हैं। उन्होंने अपने ट्रैक्टर को निरतू अरपा नदी से रेत निकालने के लिए लगाया है। शुक्रवार को वे रेत निकलवा रहे थे। इसी बीच घाट में वसूली करने वाले गोलू बिहारी, मनोज बिहारी और मामा बिहारी आए। युवकों ने ड्राइवर पर दूसरे के ट्रैक्टर को माइनिंग विभाग में शिकायत कर पकड़वाने का आरोप लगाकर मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने ड्राइवर को जान से मारने की धमकी भी दी। इस बीच ड्राइवर किसी तरह उनके चंगुल से छूटकर भाग निकला। आहत ने किसी तरह कोनी थाना पहुंचकर इसकी शिकायत की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। अवैध घाट में डंडे के दम पर हो रही वसूली निरतू में अवैध रेत घाट चलाया जा रहा है। यहां पर बाहरी लोगों को रखकर डंडे के दम पर वसूली की जा रही है। इसकी शिकायत करने वाले ग्रामीणों से मारपीट की जाती है। माइनिंग में शिकायत करने वालों की पूरी जानकारी अवैध वसूली करने वालों को मिल जाती है। इससे लोग यहां शिकायत करने से भी डरते हैं।

### रेत घाट में हो रही दुर्घटनाएं

अवैध रेत घाट असामाजिक तत्वों के द्वारा चलाया जा रहा है। इन अवैध रेत घाट में डंडे के दम पर वसूली की जाती है। इसके कारण सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। बीते साल एक जून की रात लखराम स्थित अवैध रेत घाट में ट्रैक्टर पलटने से नेवास में रहने वाले अविनाश धीवर की मौत हो गई थी।

## कांट्रेक्ट ट्रेसिंग के लिए शिक्षकों की लगी ड्यूटी

**बिलासपुर।** जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय ने कोरोना के बढ़ते रफ्तार को देखते हुए कांट्रेक्ट ट्रेसिंग के लिए एक बार फिर शिक्षकों की ड्यूटी लगाई है। इन शिक्षकों को सीएमओ कार्यालय से तत्काल सम्पर्क कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने कहा गया है। पत्र की खास बात ये कि कलेक्टर के आदेश पर ड्यूटी लगाने की बात डीईओ कार्यालय ने बताई है। अमले की कमी से जगह रहे स्वास्थ्य विभाग ने कांट्रेक्ट ट्रेसिंग के नाम पर एक बार गैर तकनीकी कर्मचारियों के भरोसे काम पूरा करना चाहता है। इसके चलते कसम प्रभावित होने की आशंका भी जताई जा रही है।

**डीईओ कार्यालय ने ये बताया कारण-** कलेक्टर बिलासपुर के निर्देशानुसार कोविड़-19 के रोकथाम के लिए कान्ट्रेक्ट ट्रेसिंग के कार्य को कम्प्यूटर में अद्यतन करने संबंधी कार्य हेतु मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी, बिलासपुर के निर्देशन में कार्य करने जिला ग्रंथालय (सेन्ट्रल लाईब्रेरी) केम्पस में शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है।

# करोना चौक में निजी ट्रांसफार्मर लगाने का कांग्रेस पार्षद ने किया विरोध

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस पार्षद पुष्पा दुबे ने करोना चौक के पास निजी ट्रांसफार्मर का व्यस्ततम सार्वजनिक स्थल पर लगाए जाने का विरोध किया है। जोन कमिश्नर को एक पत्र लिखकर बताया है कि सड़क किनारे लगाया जा रहा निजी ट्रांसफार्मर नियम विरूद्ध है। अवैध कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाया जाना जरूरी है। पुष्पा दुबे ने एक पत्र बिजली विभाग को भी लिखा है। नियम विरूद्ध सड़क किनारे गलत तरीके से ट्रांसफार्मर लगाए जाने को अनुचित बताया है।

कांग्रेस पार्षद पुष्पा दुबे ने निजी कामर्शियल काम्पलेक्स के लिए कोरोना चौक स्थित सड़क किनारे अवैध रूप से ट्रांसफार्मर लगाए जाने का विरोध किया है। जोन कमिश्नर को पत्र लिखकर मौके पर ट्रांसफार्मर लगाए जाने को तत्काल रोकने को कहा है। पुष्पा दुबे ने बताया कि शहर के सबसे भीड़ भाड़ इलाके कोरोना में निजी व्यावसायिक काम्पलेक्स का निर्माण किया गया है। काम्पलेक्स मालिक ने निजी ट्रांसफार्मर के लिए आवेदन किया है। नियमानुसार बिजली विभाग को काम्पलेक्स के लिए निजी जमीन पर ही ट्रांसफार्मर लगाया जाना चाहिए। लेकिन ट्रांसफार्मर को निगम से जारी नक्शे के खिलाफ निस्तारी की नाली के ऊपर सड़क किनारे ही लगाया जा रहा है। जबकि नाली से अन्दर की तरफ ट्रांसफार्मर लगाया जाना चाहिए। जोन कमिश्नर को लिखे पत्र में पुष्पा दुबे ने बताया कि वर्तमान में नियम विरूद्ध जहां ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा है। साफ सफाई में बहुत परेशानी होगी..जनहानि का हमेशा खतरा रहेगा। यातायात बुरी तरह से प्रभावित होगा। सबसे महत्वपूर्ण बात कि ट्रांसफार्मर गलत जगह लगाया जा रहा है। इसलिए इस पर रोक लगाया जाना बहुत जरूरी है। पुष्पा दुबे ने ऐसा ही एक पत्र बिजली विभाग को भी लिखा है। पत्र में बताया गया है कि निजी ट्रांसफार्मर को गलत जगह लगाया जा रहा है। इसलिए ट्रांसफर्मर लगाने की कार्रवाई को बन्द किया जाए। अन्यथा उग्र विरोध किया जाएगा। बेहतर होगा कि ट्रांसफार्मर काम्पलेक्स की जमीन पर ही लगाया जाए।

# बूथ स्तर पर सदस्यता अभियान चलाने ब्लाक कांग्रेस की हुई बैठक

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत स्थानीय रेस्ट हाउस में कोटा में बूथ स्तर पर सदस्यता जोड़ने का काम ब्लाक अध्यक्ष आदित्य दीक्षित के नेतृत्व में किया जा रहा है।

उन्होंने अभियान के कार्यों में मानिटरिंग करते हुए बूथ प्रभारियों को राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे जनहित की जानकारी देते हुए उसे जन-जन तक पहुंचाने को कहा। उल्लेखनीय है कि कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर कार्य करने का आदेश प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम द्वारा दिया गया है। जिसमें प्रदेश के पूरे ब्लाक में बूथ स्तर को मजबूत करने एवं शासन की जनहित योजनाओं को प्रसारित करने हेतु इसका आदेश दिया गया है। जिसे पूर्ण करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर के अध्यक्ष विजय केशरवानी द्वारा अपने अपने प्रभारियों को मुहिम को पूर्ण करने हेतु ग्राम मे बूथ कमेटी का गठन किया गया। साथ ही सदस्यता अभियान चलाया गया है। ,वार्ड कमेटी गठन हेतु बैठक आहूत की गई ।

कांग्रेस कमेटी के द्वारा बैठक की अध्यक्षता प्रभारी आनंद जायसवाल, मदन कहरा एल्डरमैन रतनपुर एवं ब्लाक अध्यक्ष कोटा, आदित्य दीक्षित, संतोष गुप्ता के द्वारा कोटा के वार्डो की जवाबदारी वार्ड के वरिष्ठ जनों को दी गई । बैठक में सुभाष अग्रवाल , लक्ष्मीनारायण दुबे अध्यक्ष जिला ग्रामीण सहकारी बैंक कोटा, संतोष मिश्रा , प्रकाश जायसवाल , शैलेश गुप्ता, देवेन्द्र कश्यप अध्यक्ष नगर कांग्रेस कमेटी कोटा, देवेन्द्र कौशिक पार्षद , धन सिंह , बबलू अहिरवार पार्षद, छोटू खान, प्रताप द्विवेदी, मनोज साहू कुलवंत सिंह महिला ब्लाक अध्यक्ष माया मिश्रा उपस्थित रहे।

# पढ़ाई के साथ खेलों से भी बनता है करियर

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



कबड्डी की लोकप्रियता को पुनर्स्थापित करने के उद्देश्य से होल्हाबाग नवयुवक समिति मुंगेली, सिद्धिविनायक समिति के द्वारा ग्राम बांकी में तीन दिवसीय प्री कबड्डी लीग स्पर्धा आयोजित किया गया । जिसका उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शत्रुहन सोनू चंद्राकर, उपाध्यक्ष संजीत बनर्जी और सरपंच संघ जिलाध्यक्ष रणजीत सिंह के आतिथ्य में हुआ। इस आयोजन में 32 टीम ने फाइनल मुकाबले में गीधा को 21-14 से हराकर खिताब जीता। तीसरा स्थान जैतपुरी ने और चौथा स्थान खेड़ा ने हासिल किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रामफल साहू, उपाध्यक्ष पवन पांडेय, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष शिवप्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य रजनी मानिक सोनवानी, सरपंच रणजीत सिंह, जनपद सदस्य विजय साहू, जिला पंचायत प्रतिनिधि स्वप्निल साहू, भाजपा नगर महामंत्री रामशरण यादव, उपसरपंच रामनाथ यादव, पूर्व सरपंच रामकुमार, , होल्हाबाग नवयुवा समिति के संस्थापक रामपाल सिंह, संयोजक नागेश साहू और अध्यक्ष पवन निर्मलकर के आतिथ्य में संपन्न् हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रामफल साहू ने बांकी के युवाओं को इस शानदार आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि कोरोना काल में भी खिलाड़ियों का उत्साह कम नही हुआ है। खिलाड़ी स्पर्धा में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिए है जो सराहनीय है। उपाध्यक्ष पवन पाण्डेय ने कहा कि आज के समय में पढ़ाई के साथ साथ खेलों में भी कैरियर बनाने का अच्छा अवसर रहता है। उन्होने क्रिकेट, कबड्डी सहित कई ऐसे खेलों के खिलाड़ियों का उदाहरण देते हुए प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। पूर्व जपं उपाध्यक्ष शिवप्रताप सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं और पराजित टीम को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सरपंच रणजीत सिंह ने कबड्डी को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृण करने वाला खेल बताया साथ ही आयोजन की सराहना करते हुए कबड्डी जैसे पारंपरिक खेलों की ओर लौटने की बात कही।

## एटीआर में बाघों की गणना पूरी, अब सिस्टम में सुरक्षित रख रहे फोटो

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

अचानकमार टाइगर रिजर्व के बफर जोन से भी ट्रैप कैमरे निकाल लिए गए हैं। अब सभी कैमरो के चिप में आए फोटो को सिस्टम में सेव करने का काम चल रहा है। इसमें कम से कम 15 से 20 दिन का समय लगेगा। दरअसल 10 हजार से अधिक फोटो कैद हुए हैं। सिस्टम में एक फाइल बनाकर फोटा सेव किए जा रहे हैं। इसके बाद ही इन्हें डब्ल्यूडब्ल्यूआई को भेजी जाएगी। डब्ल्यूडब्ल्यूआई फोटो के आधार पर बाघ समेत अन्य वन्य प्राणियों के आंकड़ा बताएगी। टाइगर रिजर्व में हुई यह गणना चार साल में एक बार होती है। इसलिए इसे वृहद स्तर पर आयोजित की गई थी। टाइगर रिजर्व प्रबंधन के पास कैमरे कमी के कारण दो चरणों में गणना कर कोर जोन व बफर जोन में इस प्रक्रिया को पूरी की गई। इसके तहत पहले कोर जोन में इन कैमरों को लगाए गए। 25 दिन बाद कैमरे निकालकर उसे बफर जोन में लगाए गए हैं। 15 जनवरी को यहां भी 25 दिन की अवधि समाप्त हो गई।




इसके बाद सभी रेंज से कैमरे और उनमें लगे चिप को कार्यालय में जमा किया गया। अब यहां कर्मचारी बारी- बारी चिप को कम्प्यूटर में सेव कर रहे हैं। इसके लिए अलग फोल्डर भी बनाया गया। इसमें फोटो सेव होते जाएंगे। जब यह पूरा हो जाएगा। इसके बाद पूरी फोटो भारतीय वन्य जीव संस्थान (डब्ल्यूडब्ल्यूआइ) को भेज दी जाएगी। टाइगर रिजर्व प्रबंधन के अनुसार इस बार गणना बेहतर ढंग से हुई और बाघों की तस्वीर भी कैद हुई। इसलिए उम्मीद है कि इस बार बाघों की संख्या बढ़ेगी। अब तक जो आंकड़ा है, उसके मुताबिक टाइगर रिजर्व में केवल पांच बाघ है।

## डीलर को चकमा देकर बाइक लेकर भाग निकला युवक

**बिलासपुर।** व्यापार विहार के आटो डीलर के पास पुरानी बाइक खरीदने आया युवक संचालक को झांसा देकर मोटरसाइकिल लेकर भाग निकला। आटो डीलर ने इसकी शिकायत सिविल लाइन थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर आरोपित युवक की तलाश कर रही है। चकरभाठा के वासु मंगलम के पास रहने वाले लोकेश कुमार चावला आटो डील का काम करते हैं। उनकी दुकान व्यापार विहार रोड में है। शनिवार की सुबह उनकी दुकान में एक युवक पुरानी बाइक खरीदने के लिए आया। युवक ने कई बाइक देखने के बाद एक पल्सर को पसंद कर लिया। उसने दुकान में काम कर रहे जय कुमार को बाइक निकालने के लिए कहा। इस पर युवक ने खरीदने के पहले बाइक को चलाकर देखने की बात कही। इस पर जय कुमार बाइक की चाबी लेकर आया। उसने बाइक की चाबी अपने साथ काम करने वाले राहुल साहू को बाइक निकालने के लिए कहा। राहुल बाइक निकालकर युवक के साथ पीछे बैठ गया। इस पर युवक ने बाइक स्टार्ट कर राहुल को बाइक से उतार दिया। इसके बाद वह बाइक लेकर भाग निकला। दुकान में काम करने वालों ने इसकी जानकारी संचालक को दी। संचालक की शिकायत पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

**दूर तक दौड़ाया, फिर दुकान में आकर दी जानकारी-** युवक अपने साथ दुकान के कर्मचारी राहुल को लेकर दुकान के बाहर निकला। इसके बाद उसने राहुल को अपनी बातों में उलझाकर बाइक से उतार दिया। उसके उतरते ही वह बाइक लेकर भागने लगा।

# कार्डियक अटैक के मुख्य कारण अनियमित खानपान, लो एक्टीविटिस लेवल, जेनरेटिक, डायबिटिज और हाईपर टेंशन

## कार्डियक अटेक रोकने के लिए नियमित 10 किमी चलना जरूरी, कार्डियक अटेक को दवाई, इंजियोप्लास्टी और सर्जरी से हो सकते है ठीक

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

कार्डियक अटैक के मुख्य कारणों में फास्ट फूड के अलावा अनियमित खानपान, लो एक्टीविटिस लेवल, जेनरेटिक,डायबिटिज, हाईपर टेंशन वाले मरीजों को बहुत सी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में पायनियर संवाददाता की कार्डियक सर्जन डाक्टर विवेक वधवा से खास बातचीत।

**सवाल:-** कार्डियक मरीजों की पहचान कैसे होती है।

**जवाब:-** कार्डियक मरीजों की पहचान के लिए प्रारंभिक लक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाता है। छाती में दर्द, थोड़े के काम करने पर थकान, लेफ्ट हैंड में दर्द प्रारंभिक लक्षण हो सकते है।

**सवाल** :- कार्डियकर अटैक के क्या कारण हो सकते है।

**जवाब:-** कार्डियक अटैक का मुख्य कारण अनियमित खानपान, फास्ट फूड की अधिकता, थोड़ा सा शारीरिक श्रम करने पर थकान महसूस होना, ये सभी लक्ष्ण 40 की उम्र के बाद सामने आते है। इसलिए सामान्य नागरिकों को कार्डियक चेकअप कराना जरूरी है। जिससे मरीज को समय रहते उचित इलाज से टीक किया जा सके।

**सवाल:-** कार्डियक संबंधी बीमारी या हार्ट अटैक के क्या कारण है।

**जवाब:-** नसों से पूरे शरीर में खून की सप्लाई होती है, यदि किसी भी कारण से नशों में ब्लाकेज होता है तो कार्डियक अटेक की आशंका बढ़ जाती है। दिमाग की नसों में ब्लाकेज होने पर हार्ट अटेक या पैरालेसिस अटेक की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए शरीर को कामकाजी बनाए रखने के साथ नियमित सुबह शाम 3-5 किलो मीटर वॉक करना चाहिए। एक्टीविटिस लेवल में भी लगातार सुधार करते रहना चाहिए। जिससे शरीर में फुर्ती बनी रहे। कार्डियक अटेक से बचने के लिए फिटनेस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

### क्या कहते है हमारे डॉक्टर

**डॉक्टर का नाम** :- विवेक वधवा
**प्रारंभिक शिक्षा** :- रायपुर
**एमबीबीएस** :- पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति हास्पिटल रायपुर
**एमएस जरनल सर्जरी** :- मौलाना आजाद मेडिकल कालेज नई दिल्ली
**एमसीएल पीजीआईएमईआर** :- चंडीगढ़ (पंजाब)
**अनुभव** :- 10 वर्ष, प्रोफेसर यूएन मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियक गुजरात अहमदाबाद
**वर्तमान में** : - श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में कार्डियक सर्जन





**सवाल** :- हार्ट अटेक से कार्डियक अटेक हो सकता है क्या।

**जवाब:-** हार्ट अटेक नसों के ब्लाकेज से होता है,जबकि कार्डियक अटेक शरीर के किसी भी पार्ट में नसों ब्लड के ब्लाकेज होने से हो सकता है। ये किसी भी उम्र में हो सकता है। दोनों ही प्रकार के ब्लाकेज से मानव शरीर में अटेक के कारण बन सकते है। मानव शरीर में ब्लड का संचालन नसों के माध्यम से होता है। नसों में कही भी ब्लाकेज होने पर अटेक हो सकता है। जांच के माध्यम से पता लगाया जाता है कि मरीज के किस हिस्से में ब्लाकेज है,उसके बाद मरीज का उपचार शुरू किया जाता है। हार्ड अटेक और कार्डियक अटेक में बहुत समानता है। दोनों ही अटेक मरीज के लिए जान लेवा साबित हो सकता है। इसलिए उम्र बढ़ने के साथ-साथ जांच कराते रहे, जिससे दोनों अटेकों से बचा जा सकता है।

**सवाल** :- मरीज के मेडिसीन से ठीक होने के कितने प्रतिशत चांसेस है?

**जवाब:-**मरीज को तीन तरह से आब्र्जवेशन किया जाता है। पहला मेडिसीन कितना असर कारक हो सकता है, दूसरा इंजियोप्लास्टि और तीसरी अंतिम उपाय सर्जरी है। जिसके लिए मरीज को तैयार किया जाता है। नियमित दवाई से प्रारंभिक लक्षणों को रोका जा सकता है। यदि बीमारी बढ़ गई है तो उसे इंडियोप्लास्टि कराने के लिए सुझाव दिया जाता है। क्रिटिकल पोजिशन होने पर सर्जरी के लिए मरीज को सलाह दी जाती है। अब मरीज पर डिपेंड करता है कि इन तीनों उपचार में से किसे प्रिफरेंस देता है।

**सवाल:-** नसों के ब्लाकेज खोलने के लिए कौन सी उपचार विधि प्रयोग में लाई जाती है।

**जवाब:-** नसों के ब्लाकेज खोलने के लिए हाइब्रिड टेक्निक का प्रयोग किया जाता है। कार्डियक मरीजों की ब्लाकेज खोलने वाइपास सर्जरी करते है, जिसे की होल सर्जरी भी कहते है। और दूसरी मिनिमली कार्डियक सर्जरी है। जिससे शरीर के अंदर के नसों में जहां ब्लाकेज होते है खुल जाते है।

**सवाल:-** कार्डियक के व्याल मरीजों के लिए और कौन सी उपचार विधि है।

**जवाब:-** कार्डियक व्याल के मरीजों के लिए नसों में ब्लाकेज खोलने के लिए कार्नरी ब्लाकेज हार्ट की नसों को ब्लाक करती है कार्नरी और आर्टरी विधि से ब्लाकेज नसों को खोलने का उपचार किया जाता है।

**सवाल** :- हार्ट अटेक और लकवा दोनों एक ही सिमटम वाले होते है इसका इलाज कैसे किया जाता है।

**जवाब:-** हार्ट अटेक और लकवा दोनों सामान्य लोगों को एक सा ही नजर आता है लेकिन ये दोनों अलग-अलग कारणों से होते है। हार्ट अटेक का मुख्य कारण शरीर के किसी भी अंग के नसों से ब्लड को हार्ट तक पहुंचने वाली नसें ब्लाकेज होने से हो सकती है, जबकि लकवा शुगर बढ़ने या बीपी हाईपर होने पर दिमागी नसों में ब्लाकेज होने से हो सकते है। नसों की ब्लाकेज ही कार्डियक और हार्ट अटेक के मुख्य कारण है। नसों की तकलीफ बढ़ने से खून की सप्लाई बाधक होने लगती है। जो एकदम से पता नहीं चलता धीरे-धीरे ब्लाकेज बढ़ने पर अटेक आने की आशंका बढ़ जाती है। खासकर स्मोकिंग की वजह से नसों में सिकुड़न होने लगती है। जो हार्ट की नसों को ब्लाक करने का काम करती है। वहीं दिमाग की नसों में ब्लाकेज होने से लकवा जैसे अटेक हो सकते है।

**सवाल:-** कार्डियक मरीज को क्या सावधानी रखनी चाहिए?

**जवाब:-** कार्डियक मरीज को दैनिक दिनचर्या में बहुत सावधानी रखने की जरूरत पड़ती है। खासकर खानपान, नियमित व्यायाम के साथ नियमित जांच कराने की जरूरत है। जिससे पता चल सके कि मरीज को किस स्टेज में है और उसे किस तरह की उपचार की जरूरत है। जांच के बाद ही मरीज को डाक्टर मेडिसीन, इंडियोप्लास्टी, सर्जरी की सलाह दे सकता है।



**सवाल:-** कार्डियक सर्जरी कब और क्यों जरूरी है?

**जवाब:-** कार्डियक मरीजों को उसके बीमारी के प्रारंभिक या जेनिटरिक होने की जांच के बाद तय होता है कि उसे मेडिसीन से ठीक होने के चांसेस सौ प्रतिशत है तो मेडिसीन से उपचार किया जाता है। यदि बीमारी बढ़ चुकी है तो उसे सर्जरी की सलाह दी जा सकती है। जिससे समय रहते मरीज को बचाया जा सके। बहुत से ऐसे मरीज होते है जो मेडिसीन से ठीक हुए है। लेकिन जब मरीज की बीमारी बढ़ जाती है तब सर्जरी ही अंतिम उपाय बचता है। तब सर्जरी के लिए सलाह दी जाती है।

**सवाल** : कार्डियक अटेक उम्र के साथ होता है या अनुवांशिक ?

**जवाब:-** आधुनिक मशीनी युग में काम का बोझ इतना होता है कि मरीजों को पता ही नहीं चल पाता है कि वह किसी गंभीर बीमारी से घिर गया है। कार्डियक अनुवांशिक भी हो सकता है। जिसकी जानकारी पारिवारिक हिस्ट्री से पता लगाया जा सकता है। उम्र भी फर्क पड़ता है। उम्र बढ़ने के दौर में 40 के उपर हो जाने पर सामान्य चेकअप हर इंसान को कराना चाहिए, भले ही वह स्वस्थ हो, लेकिन उसे थकान, छाती दर्द, बाएं हाथ में दर्द होने पर सामान्य तौर पर मेडिकल से दवा लेकर दर्द दूर नहीं करना चाहिए । यह बीमारी को भगाने का ठोस उपचार नहीं है। इसके लिए कार्डियक जांच बहुत ही जरूरी होता है। जिससे उम्र के साथ बढ़ने वाली बीमारी को रोका जा सकता है। कार्डियक अटेक को रोकने के लिए जांच इसलिए भी जरूरी होता है जिससे बीमारी को आगे बढ़ने से रोक सकते है या नसों में होने वाले ब्लाकेज को ठीक कर सकते है।

**सवाल:-** हर डाक्टर बीमारी की जड़ खानपान की अनियमिता को कराण बताता है और इसके अलावा क्या कारण हो सकते है।

**जवाब:-** डाक्टरों का कहना एकदम सही है, खानपान से ही शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है। स्वस्थ रहना है तो खानपान के साथ दैनिक जीवन की दिनचर्या बदलाव समय के अनुसार लाना ही शरीर को स्वस्थ रखने के मुख्य कारणों में से एक है। खानपान ही बीमारी का मुख्य जड़ भी है। इसे टालने के बजाय खानपान को संतुलित बनाए रखना ही शरीर को स्वस्थ रखने का सबसे बड़ा चिकित्सा विज्ञान है। अनियमितताएं व्याधियों को बढ़ा कर शरीर को बीमारी का घर बना सकती है।

# ग्रामों में विभिन्न सरकारी योजनाओं के अमल हेतु अदाणी फाउंडेशन की पहल

पायनियर संवाददाता ◄ अंबिकापुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान राज्य विद्युत् उत्पादन निगम लिमिटेड (आर आर वी यू एन एल) को आवंटित परसा ईस्ट केते बासेन (पी ई के बी) कोयला खदान के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में सरकार के विभिन्न कृषि सम्बन्धी विकास कार्यों तथा महिलाओं को विकासात्मक योजनाओं से जोड़ने हेतु अदाणी फाउंडेशन ने पहल की है। अदाणी फाउंडेशन तथा अदाणी इंटरप्राइजेज़ के अधिकारियों ने सरगुजा जिला के कलेक्टर संजीव कुमार झा से पिछले दिनों शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान पी ई के बी कोयला खदान के अंतर्गत आने वाले परसा, साल्हि और घाटबर्रा सहित कई ग्रामों में कृषि तथा महिला एवं बाल विकास के अलग अलग योजनाओं को लागू कराने के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। चर्चा के बाद जिला कलेक्टर ने सरकारी योजनाओं को कार्यान्वित करने का भरोसा दिलाया। इन योजनाओं के अमल लाने हेतु सरगुजा जिले के अपर कलेक्टर अमृतलाल ध्रुव के साथ मृदा वैज्ञानिक डॉ. प्रशांत शर्मा, सहायक निदेशक- कृषि, एम पैकरा और जिला कार्यक्रम प्रबंधक, महिला एवं बाल विकास वसंत मिंज द्वारा पी ई के बी के आसपास के ग्रामों का दौरा किया गया। दौरे के पश्चात मुख्य रूप से इन योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु निर्देश दिए गए। जिनमें आर आर वी यू एन एल के सीएसआर मद से अदाणी फाउंडेशन द्वारा किसानों के लिए खोदे गए बोरवेल में 5 नग सोलर वाटर पंप दिए जाएंगे। जिसका अगले 7 दिनों में किसानों से आवेदन पत्र भराकर प्रशासन को जमा कराया जायेगा। इसके साथ रागी और कोदो की खेती के लिए 100 एकड़ भूमि वाले किसानों का एक समूह विकसित कर उत्पादित रागी को 5600.00 रुपये प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य के साथ खरीदा जायेगा। वहीं महिला स्व-सहायता समूहों को महिला कोष ऋण योजना के तहत महिला एवं बाल विकास योजना के तहत सॉफ्ट लोन भी प्रदान कराने सहायता इत्यादि शामिल है। इसकी सहमति के साथ साथ अपर कलेक्टर द्वारा वर्तमान में की जा रही नेपियर घास की खेती में अंतर फसल के लिए 4 किसानों को 20 किलोग्राम मक्के के बीज वितरित किए।

# नवा रायपुर में ट्रैक्टर रैली निकालेंगे 27 गांवों के किसान, 500 से अधिक ट्रैक्टर जुटाने का दावा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

पिछले 21 दिनों से नवा रायपुर विकास प्राधिकरण भवन के सामने तंबू डालकर बैठे किसानों ने शक्ति प्रदर्शन की तैयारी की है। किसानों ने इसके लिए गणतंत्र दिवस का मौका चुना है। नवा रायपुर के आंदोलनकारी किसान 26 जनवरी को ट्रैक्टर रैली निकालने जा रहे हैं। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे नई राजधानी प्रभावित किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष रूपन चंद्राकर ने बताया, 26 जनवरी को ट्रैक्टर रैली निकालने का फैसला हुआ है। इसकी सूचना प्रशासन को भी दे दी जाएगी। गांवों के सभी ट्रैक्टर नवा रायपुर की सड़कों पर होंगे। रूपन चंद्राकर ने दावा किया कि इस रैली में 500 से एक हजार ट्रैक्टर शामिल होंगे। बताया जा रहा है कि इस रैली के जरिए आंदोलनकारी किसान मांगों को लेकर उनकी एकजुटता दिखाना चाहते हैं। यह रैली पिछले गणतंत्र दिवस पर दिल्ली की सीमाओं से शुरू हुई ट्रैक्टर रैली से प्रेरित है। आंदोलनकारी किसानों ने बताया, नवा रायपुर क्षेत्र के 27 गांवों के लोग गणतंत्र दिवस पर धरना स्थल पर ही मनाएंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा, मिठाई बांटी जाएगी। किसान आंदोलन स्थल पर हर रोज राष्ट्रगान से कार्यक्रम की शुरुआत कर रहे हैं।

**इन मांगों के साथ चल रहा है आंदोलन**

नवा रायपुर पुनर्वास योजना के अनुसार अर्जित भूमि के अनुपात में उद्यानिकी, आवासीय और व्यावसायिक भूखंड पात्रतानुसार निःशुल्क मिलने के प्रावधान का पालन किया जाए। भू-अर्जन कानून के तहत हुए अवार्ड में भूस्वामियों को मुआवजा प्राप्त नहीं हुए हैं उन्हें बाजार मूल्य से 4 गुणा मुआवजा मिले। नवा रायपुर क्षेत्र में ग्रामीण बसाहट का पट्टा मिले। वार्षिकी राशि का पूर्ण रूपेण आवंटन किया जाए। पुनर्वास पैकेज.2013 के तहत सभी वयस्कों को मिलने वाला 1200 वर्गफीट प्लॉट दिया जाए। साल 2005 से भूमि य.विक्रय पर लगे प्रतिबंध को तत्काल हटाया जाए। आबादी से लगी गुमटियां, चबूतरे, दुकानें, व्यावसायिक परिसर को 75 प्रभावितों को लागत मूल्य पर देने के प्रावधान का पालन किया जाए।

# मुख्यमंत्री बघेल के संरक्षण में हो रहा है भ्रष्टाचार : कौशिक



**रायपुर।** नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने बस्तर में प्रधानमंत्री आवास के नाम पर पैसे लेकर हुए घोटाले पर कहा कि इस मामले पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के संरक्षण में आरोपी कांग्रेसी पार्षद को बचाने के लिये पूरी प्रशासन कांग्रेस की बी टीम के रूप में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इस सबके बाद भी हितग्राहियों के हक लिये हमारी लड़ाई जारी रहेगी। पूरे मामले में पुलिस प्रशासन की भूमिका संदिग्ध है। हितग्राहियों के साथ भाजपा के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ भी दुर्भावनापूर्ण व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को आवास देने में पूरी तरह से असफल तो है ही लेकिन अब इस तरह से अपने पार्षद के कारमानों पर पर्दा डालने की कोशिक भी कर रही है। जिसकी हम निंदा करते हैं। नेता प्रतिपक्ष कौशिक ने कहा कि इस पूरे मामलें में मुख्यमंत्री व पीसीसी चीफ को संवेदनशीलता का परिचय देते हुए उच्चस्तरीय जांच का आदेश देना चाहिये इसके साथ ही दोषियों के खिलाफसख्त कार्रवाई होनी चाहिये तभी हमारे कार्यकर्ता धरना स्थगित करेंगे।




**'साहस, बलिदान, दृढ़ संकल्प, प्रतिबद्धता, मजबूती, हृदय, प्रतिभा, हिम्मत इन सबसे ही लड़कियां बनी होती हैं ' : बेथानी हैमिल्टन**

# अपने सपनों को हकीकत में बदलना

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जब आप एक बालिका को सशक्त बनाते हैं और उसे शिक्षित करते हैं तो आप एक बेहतर भविष्य के निर्माण में मदद करते हुए, पितृसत्ता और गरीबी की बेड़ियों को तोड़ते हुए और आर्थिक विकास में सहयोग करते हुए, एक राष्ट्र को सशक्त बनाते हैं। राष्ट्रीय बालिका दिवस, हर साल 24 जनवरी को मनाया जाता है, जो हमारे देश में लड़कियों को सहायता और नए अवसर प्रदान करने के साथ-साथ उनके सामने आने वाली असमानताओं, भेदभाव और शोषण के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करने पर ध्यान केंद्रित करता है। इस आंदोलन की शुरुआत महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 2008 में की थी।

सरकार की पहल ने कई लड़कियों को सशक्त बनाया है, जिन्होंने अपनी सफलता की कहानियां स्वयं लिखी हैं। इस वर्ष, हम नीलम दानसेना की उपलब्धियों का जश्न मनाएंगे, जिन्होंने न केवल वैश्विक महामारी के दौरान अपने परिवार को बचाए रखने में मदद की, बल्कि एक छोटा बुटीक खोलने के अपने सपने की दिशा में भी काम कर रही है।

छत्तीसगढ़ के मिलूपारा गांव की रहने वाली नीलम दानसेना कहती हैं कि ÷मुझे पढ़ाई में और अपने गांव के सरकारी स्कूल में जाने में जितना मज़ा आता था, सिलाई में भी मुझे उतना ही मज़ा आता था। घर पर, मैं अपने दादाजी की सिलाई मशीन पर अभ्यास करती, जिसमें बटन टांकने, छोटी-मोटी सिलाई करने से लेकर बैग बनाना तक शामिल रहता था। मुझे उस पुरानी मशीन पर काम करना पसंद था।÷ नीलम के परिवार में उसके पिता हैं जो एक छोटी-सी निजी फर्म में काम करते थे, एक गृहिणी माँ थी और एक छोटा भाई था। जैसे-जैसे आर्थिक स्थिति खराब होती गई, यह सुनिश्चित करने के लिए कि उसका भाई स्कूल नहीं छोड़े, नीलम को अपनी पढ़ाई बंद करनी पड़ी। नीलम ने जब स्कूल छोड़ा और घर के कामों पर ध्यान केंद्रित किया, तब वह 12वीं कक्षा में थी। वह हमेशा अपने परिवार को आर्थिक रूप से मदद करना चाहती थी। 22 वर्षीय नीलम ने बताया कि ÷कोविड -19 महामारी ने हमारे परिवार पर कहर बरपाया। मेरे पिता अकेले कमाने वाले थे, उनकी नौकरी छूट गई और उन्होंने खेती करना शुरू कर दिया। मेरे भाई की कक्षाएं ऑनलाइन हो गईं, और मैं अक्सर उसकी ऑनलाइन कक्षाओं के दौरान नई चीजें सीखने की कोशिश करती था। हमारी बचत कम होता जा रही थी, जिससे स्थिति बहुत कठिन होती जा रही थी। हालांकि मिलूपारा में नीलम और उनके जैसे कई अन्य लोगों के लिए, अदाणी कौशल विकास केंद्र (एएसडीसी) के जीवन-कौशल पाठ्यक्रम नई आशा की किरण के रूप में आए। नीलम ने बताया कि ÷महामारी से ठीक पहले, मैंने कुछ दोस्तों के साथ एएसडीसी की सिलाई कक्षाओं में दाखिला लिया। हालांकि हम चिंतित थे कि लंबे समय तक लॉकडाउन के कारण, ऑन-ग्राउंड प्रशिक्षण ठप हो सकता है, लेकिन जल्द ही पाठ्यक्रमों को ऑनलाइन कर दिया गया। मैं शुरुआत में थोड़ा अनिच्छुक थी, लेकिन फिर मेरा भरोसा जम गया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403